CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 12°C

मुरादाबाद, गुरुवार 26 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 193 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कांग्रेस ने मोदी की इजरायल यात्रा की नैतिकता पर उठाए सवाल पेज 2



अभिषेक और वरुण टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर कायम खेल टाइम्स



भारत के विमानन क्षेत्र को सुरक्षित कैसे बनाया जाए सम्पादकीय



ट्रम्प 100वीं बार बोले: भारत-पाक जंग मैंने रुकवाई पेज 12

## आठवां रोज़ा

### रोशनी की लकीर और नेकी की मिसाल है आठवां रोज़ा

रोजा रोशनी की लकीर और नेकी की नजीर है। रमजान का तो हर रोजा खुशहाली का खजाना और पाकीजगी का पैमाना है। रमजान की बरकतों की तहरीर का ये कारवां माशाअल्लाह आठवें रोजे तक पहुंच गया है। दरअसल, रोजा अल्लाह का अदब भी है और फजल की तलब भी है। सबूत के तौर पर इस बात को कुरआने-पाक की आयत के हवाले से बेहतरीन और आसान तरीके से समझा जा सकता है। कुरआन पाक की सूरह अलहश्र की आयत नंबर 18 में बयान है-और अल्लाह से डरो, बेशक अल्लाह को तुम्हारे कामों की खबर है। इस आयत की रोशनी में ये बात नुमाया हो जाती है कि अल्लाह वसीअ है और अजीम और अलीम है। अल्लाह को चूंकि हर बात की खबर है इसलिए बंदे को यह सोचकर कि अल्लाह की नजर उसके हर काम पर है, अल्लाह से डरना चाहिए। अल्लाह से डरना ही अल्लाह का अदब है।

# प्रधानमंत्री मोदी नौ साल बाद इजरायल पहुंचे



■ इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पत्नी के साथ एयरपोर्ट पर भारतीय पीएम को किया रिसीव
■ मोदी और नेतन्याहू ने तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के इजरायल दौरे पर पहुंचे हैं। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ पीएम का स्वागत किया गया। पीएम मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। मोदी 9 साल बाद इजरायल पहुंचे हैं। इससे पहले वे जुलाई 2017 में गए थे।

मोदी के इस दौरे पर भारत और इजरायल के हथियारों से जुड़ी डील पर बातचीत की संभावना है। इनमें ड्रोन और एंटी बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। इजरायली अखबार, द जेरूसलम पोस्ट ने पीएम मोदी के दौरे पर उनके स्वागत के लिए एक खास फ्रंट पेज छापा। फ्रंट पेज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ हिंदी में लिखा 'नमस्ते' नजर आ रहा है। वहीं उसके बगल में हिब्रु भाषा में भी 'शालोम' लिखा है, जिसका मतलब हेलो या नमस्ते है। इसका दूसरा अर्थ शांति भी होता है। मोदी के स्वागत में यह फ्रंट पेज छापा गया। इसमें लिखा है कि वेलकम मोदी। दो ऐतिहासिक देश एक नया अध्याय शुरू करने जा रहे हैं। इजरायल की विशेष दूत फ्लेर हसन-नाहूम ने पीएम मोदी के दौरे को अहम समय पर अहम दौरा बताया है। तेल अवीव में उन्होंने कहा कि हालिया युद्ध के बाद भारत इजरायल का एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार बन सकता है। उन्होंने भारत-इजरायल के बीच प्रस्तावित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर खुशी जताई और कहा कि इससे आर्थिक रिश्ते और मजबूत होंगे। हसन-नाहूम के मुताबिक अगर भारत और इजरायल साथ आते हैं, तो वे एआई के भविष्य को सकारात्मक दिशा दे सकते हैं।

## वाप्कोस निविदा घोटाला: 11 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में सीबीआई के छापे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की लखनऊ की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम 'वाप्कोस लिमिटेड' के अधिकारियों से जुड़ी निविदा अनियमितता के संबंध में उत्तर प्रदेश और ओडिशा में छापेमारी की है। अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने 20 फरवरी को सात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इनमें वाप्कोस के प्रोजेक्ट मैनेजर पंकज दुबे और भुवनेश्वर में तैनात दो अन्य अधिकारी भाबद्युति भूटिया और अभिषेक ठाकुर शामिल हैं। यह मामला ओडिशा के रायगढ़ा जिले में इमली प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश के ठेकेदार बबलू सिंह यादव को मिलीभगत से 11 करोड़ रुपये से अधिक का अनुबंध दिए जाने से संबंधित है। जांचकर्ताओं को संदेह है कि पंकज दुबे भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त था।




# ज्यूडीशियल करप्शन चैप्टर वाली NCERT किताब की बिक्री पर बैन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की आपत्ति के बाद ज्यूडीशियल करप्शन' चैप्टर वाली एनसीईआरटी किताब की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। एनसीईआरटी के सूत्रों ने न्यूज एजेंसी से इसकी पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार, एनसीईआरटी ने चैप्टर का सुझाव देने वाले एक्सपर्ट्स और इसे मंजूरी देने वाले अधिकारियों की इंटरनल मीटिंग बुलाई है। किताब को वेबसाइट से भी हटा लिया गया है।

सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में यह मामला उठाया था। सिब्बल ने सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस विपुल एम पंचोली और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच को बताया कि क्लास 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यह निंदनीय है। सिंघवी ने कहा कि एनसीईआरटी ने मान लिया है कि राजनीति, ब्यूरोक्रेसी और अन्य संस्थानों में भ्रष्टाचार है ही नहीं। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि दुनिया -शेष पृष्ठ दो पर



### न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाला हिस्सा हटाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी की कक्षा आठ की एक किताब में न्यायपालिका से जुड़ी विवादित सामग्री पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गंभीर आपत्ति जताई थी। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एनसीईआरटी की कक्षा आठ की किताब में न्यायिक भ्रष्टाचार से संबंधित विवादास्पद अंशों को हटाया जा सकता है, क्योंकि सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। परिषद ने पुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटा दिया है।

■ सीजेआई सूर्यकांत ने कहा था : न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत किसी को नहीं, केस खुद देखूंगा

### बंगाल एसआईआर: पहचान सत्यापन में एडमिट कार्ड अकेले मान्य नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान 10वीं या माध्यमिक परीक्षा का एडमिट कार्ड अकेले पहचान के रूप में मान्य नहीं होगा। इसे सिर्फ सहायक (पूरक) दस्तावेज माना जाएगा। एडमिट कार्ड तभी मान्य होगा जब उसके साथ मार्कशीट भी दी जाए। सीनियर एडवोकेट डीएस नायडू ने सुप्रीम कोर्ट के सामने मामला उठाते हुए पूछा था कि क्या क्लास 8वीं की परीक्षा का एडमिट कार्ड अपने आप में पहचान पत्र रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि क्लास 8वीं की मार्कशीट पहचान सत्यापन के लिए मान्य दस्तावेजों में शामिल है। एडमिट कार्ड सिर्फ उसी की पुष्टि के लिए जोड़ा जा सकता है।

# योगी के जापान दौरे पर 11 हजार करोड़ के एमओयू हुए साइन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ करार से विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले दिन औद्योगिक निवेश को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। जिन कंपनियों के साथ करार हुआ है उनमें कुबोता कॉरपोरेशन, मिंडा कॉरपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट प्रा. लि. शामिल हैं।

ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण, जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं। इससे विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग




को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। कुबोता कॉरपोरेशन, वर्ष 1890 में स्थापित जापान की एक अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी है और जिसका मुख्यालय ओसाका में स्थित है। यह कृषि -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निवीरों के लिए सेना व रेलवे के बीच सहयोग पर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** चार साल के कार्यकाल के बाद सेना छोड़ने वाले अग्निवीरों तथा सेना से सेवानिवृत होने वाले सैनिकों के लिए अच्छी खबर है। सेना और रेलवे ने अग्निवीरों तथा सेवानिवृत सैनिकों को दोबारा रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए एक 'सहयोग ढांचे' पर सहमति व्यक्त की है। अग्निवीरों के पहले बैच का कार्यकाल इस वर्ष समाप्त होने वाला है और इसे देखते हुए सेना तथा रेलवे की यह पहल उन्हें कुछ राहत देने वाली है। सरकार ने अग्निवीरों के लिए दूसरा रोजगार सुनिश्चित करने के लिए इससे पहले केन्द्रीय पुलिस बलों की भर्ती में भी उनके लिए आरक्षण का प्रावधान किया है। अग्निवीरों को दिल्ली पुलिस में सिपाही की भर्ती में भी 20 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की गई है।

### इंडिगो फ्लाइट में 200 से ज्यादा यात्री चार घंटे फंसे रहे

**नई दिल्ली।** चेन्नई से सिंगापुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 1025 24 फरवरी को तकनीकी कारणों से करीब 5 घंटे लेट हो गई। विमान में बैठे 200 से ज्यादा यात्रियों ने जानकारी के अभाव और एयर कंडीशनिंग की समस्या को लेकर नाराजगी जताई। घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में यात्री क्रू से टेक-ऑफ में देरी का कारण पूछते दिख रहे हैं। एक यात्री ने आरोप लगाया कि विमान के अंदर एयर कंडीशनिंग बार-बार बंद हो रही है, जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

## नहीं बदलेगा 'यादव जी की लव स्टोरी' का नाम

■ सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

**नई दिल्ली।** 'घूसखोर पंडित' के बाद फिल्म यादव जी की लव स्टोरी अपने टाइटल को लेकर विवादों में आ गई है। विश्व यादव परिषद के प्रमुख ने फिल्म पर बैन लगाने या फिल्म का टाइटल बदलने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी।

इसमें एक हिंदू लड़की एक मुस्लिम लड़के से शादी करती है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि नाम यादव समुदाय को गलत तरीके से नहीं दिखाता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने विश्व यादव परिषद के चीफ की याचिका खारिज कर दी है। बेंच ने कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री को देखा और पाया कि शिकायत यह है कि फिल्म का नाम यादव कम्युनिटी को समाज में गलत तरीके से दिखाता है।

## नफरत फैलाने वालों के खिलाफ साहस से खड़ा होना भी देशभक्ति: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि नफरत फैलाने वालों से डरने की बजाय सद्भाव का माहौल कायम रखते हुए साहस दिखाकर देशभक्ति का परिचय देना चाहिए।



श्री गांधी ने दो दिन पूर्व उनसे मिले उत्तराखंड के कोटद्वार के 'मोहम्मद दीपक' के साथ खींचे फोटो को शेयर करते हुए कहा कि सद्भाव तथा मोहब्बत की विचारधारा असंख्य देशवासियों में है, लेकिन मन में भय होता है और दीपक जैसे युवा उन्हें साहस की राह दिखाते हैं। उनका कहना था कि समाज में जो नफरत फैलाते हैं उनसे डरना नहीं चाहिए, बल्कि साहस से खड़ा होने की जरूरत है।

### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में तीन दिन से बर्फबारी जारी

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के पंचाचूली समेत कई क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई। यहां ऊंचाई वाले इलाकों में तीन दिन से बर्फबारी जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, 27 और 28 फरवरी से मौसम का मिजाज बदलेगा और पहाड़ी जिलों में बारिश होगी। मध्य प्रदेश में पिछले 2 दिन में इंदौर, उज्जैन, रतलाम, बैतूल और सीहोर समेत 20 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी-बारिश का दौर रहा। कुछ में ओले भी गिरे। इस वजह से गेहूं-चने की फसलों पर असर पड़ा।

## सरकार ने पांच ओटीटी प्लेटफॉर्म किए ब्लॉक

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अश्लील कंटेंट दिखाने पर हुआ एक्शन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ने 5 ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म (ओटीटी) को ब्लॉक कर दिया है। जिन प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई हुई, उनमें मूडएक्सवीआईपी, कोयल प्लेप्रो, डिजी मूवीप्लेक्स, फील और जुगनू शामिल हैं।

सरकार का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म पर अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट दिखाया जा रहा था। यह कंटेंट आईटी एक्ट 2000, आईटी नियम 2021, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं को गलत तरीके से दिखाने से जुड़े कानूनों का उल्लंघन करता पाया गया। यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक किया है। पिछले साल जुलाई में उल्लू-एएलटीटी समेत 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म बैन किए गए थे। एएलटीटी एप अप्रैल 2017 में फिल्म और टीवी प्रोड्यूसर एकता कपूर ने लॉन्च किया था। वहीं उल्लू एप को आईआईटी कानपुर से ग्रेजुएट विभु अग्रवाल ने 2018 में बनाया था। इससे पहले मार्च 2024 में सरकार ने अश्लील कंटेंट को लेकर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगाया था।

# भारत बना रहा बेबी ब्रह्मोस, 20 गुना कम कीमत

■ भविष्य की जंग अब महीनों और सालों खिंचेगी, सुरक्षा का नया फॉर्मूला हो रहा तैयार

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन और पश्चिम एशिया के संघर्षों ने साफ कर दिया है कि भविष्य की जंग अब महीनों और सालों खिंचेगी। इस हकीकत को देख भारत भी तैयारी में जुट गया है।

सेना का फोकस अब केवल महंगी मिसाइलों पर नहीं, बल्कि इनके 'मिनी मॉडल्स' के बड़े भंडार पर है। हाल ही में पिनाका रॉकेट सिस्टम के 'हवाई संस्करण' के परीक्षण को इसी कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है। दरअसल, ब्रह्मोस जैसी अचूक सटीकता और मारक क्षमता के कारण इसे 'बेबी ब्रह्मोस' भी कहा जा रहा है। हाल ही में सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने इस बदलाव को जरूरी बताते हुए कहा कि अगर




हमारे पास किफायती लेकिन उच्च तकनीक वाले हथियार होंगे, तो हम लंबी जंग (हाई डेंसिटी वॉर) में किसी भी बड़े दुश्मन को पीछे धकेलने में सक्षम होंगे। संसद की रक्षा संबंधी स्थायी समिति ने भी अपनी हालिया रिपोर्ट में इस रणनीति पर सकारात्मक रुख दिखाया है। समिति ने जोर दिया है कि भीषण और लंबे युद्ध की स्थिति में भारत को ऐसे हथियारों की जरूरत है जो बड़े पैमाने पर और कम लागत में देश के भीतर ही बनाए जा सकें। इसी नीति के तहत बजट में आवंटित राशि का एक बड़ा हिस्सा स्वदेशी खरीद के लिए सुरक्षित रखा गया है, ताकि युद्ध के समय विदेशी सप्लाई चेन पर निर्भर न रहना पड़े। इजरायल- हमास जंग में इजरायल को चंद हजार के रॉकेट गिराने के लिए 50 लाख की मिसाइलें खर्च करनी पड़ीं। यूक्रेन-सूडान में सस्ते ड्रोन्स ने करोड़ों के टैंकों को मलबे में बदल चौंका दिया। वहीं, म्यांमार में विद्रोहियों ने जुगाड़ से बड़े हमलों को नाकाम किया। इनसे सबक मिला कि जंग केवल बड़े हथियारों से नहीं, बल्कि सस्ते, स्वदेशी और हथियारों के बड़े भंडार से जीती जा सकती है। स्वदेशी ताकत के साथ भारत इजरायल से 'आयरन बीम' जैसी लेजर आधारित प्रणाली हासिल करने की ओर बढ़ रहा है।

तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

# किसान का शव मिलने से हड़कंप

## खेत में सिंचाई के लिए निकले थे घर से, पुलिस ने शव पीएम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम विलासपुर में उस वक्त हड़कंप मच गया। जब लापता चल रहे एक 50 वर्षीय किसान का शव खेत की नाली में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।





प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम विलासपुर निवासी संजय कुमार (50 वर्ष) पुत्र बलराम सिंह मंगलवार की सांय अपने खेतों की सिंचाई करने के लिए घर से निकले थे।

काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों और ग्रामीणों ने काफी देर तक उनकी तलाश की, लेकिन उनका कहीं सुराग नहीं लगा। गुलदार के उठाकर ले जाने की आशंका को लेकर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस के साथ सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय भी मौके पर पहुंचे। करीब पांच घंटे की तलाश के दौरान ग्रामीणों ने देखा कि संजय कुमार का शव खेत में बनी पानी की नाली में पड़ा हुआ था। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## देवर ने की भाभी के भाई के साथ मारपीट

**नगीना।** मौहल्ला लुहारी सराय निवासी शहजाद अहमद पुत्र सरा. जुद्दीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 19 फरवरी को लगभग बारह बजे उसकी बहन आइशा के देवर रेहान ने घरेलू विवाद के चलते उसकी बहन आयशा पर हाथ छोड़ दिया। शहजाद ने बताया कि जब उसे इसकी जानकारी मिली, तो वह वहां पूछताछ करने गया, तो पहले से वहां मौजूद रिहान व इमरान पुत्रगण स्वर्गीय इकबाल ने शहजाद पर लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिससे शहजाद के सिर पर गहरी चोंटे आयी और आरोपियों ने शहजाद को जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने थाना नगीना पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## एक नजर

### अवैध मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी



**बढ़ापुर।** पुलिस ने देर रात थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी का भराव करने वालों पर कार्यवाही की है पुलिस ने बेनीपुर-हरेवली मार्ग पर एक स्थान पर मिट्टी का भराव कर रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर को पकड़ा है। पुलिस तीनों वाहनों को पकड़कर थाने ले आई है। जबकि तीनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए है। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर कार्यवाही की गई है। तीनों वाहनों को सीज कर दिया है।

### मासूम की करंट लगने से मौत

**नहटौर।** मौहल्ला नेजो सराय निवासी राशिद का दो वर्षीय पुत्र हुसैन घर के पास खड़े एक ई-रिक्शा पर खेल रहा था। इसी दौरान पास से गुजर रही बिजली की एक केबिल (तार) से बच्चे का हाथ अचानक टच हो गया। केबिल में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिसकी चपेट में बच्चा पूरी तरह आ गया। चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बच्चे को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मासूम को मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

### अनियंत्रित ऑटो पलटा, दो घायल

**नगीना।** देर रात नगीना से धामपुर की ओर तेज गति से जा रहे ऑटो के नेशनल हाईवे 74 पर पुरैनी टोल प्लाजा पर बने डिवाइडर पर अनियंत्रित होकर चढ़ जाने से ऑटो में बैठे दो यात्री प्रदीप कुमार (50 वर्ष) पुत्र राजेश्वर निवासी पीपलसाना थाना धामपुर व सुमन (47 वर्ष) पत्नी योगेंद्र निवासी मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा थाना धामपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना लाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल बिजनौर के लिए रेफर कर दिया।

### पांच मार्गो के नवनिर्माण की मांग



**नगीना।** विधायक नगीना पूर्व मंत्री मनोज पारस ने नियोजन विभाग के विशेष सचिव से मंगलवार को मुलाकात कर मुख्यमंत्री से त्वरित विकास निधि से अपनी विधानसभा क्षेत्र नगीना के पांच मार्गो के नवनिर्माण कराने हेतु मांग कर पत्र सौंपा। पत्र में उन्होंने विकास खण्ड कोतवाली में ग्राम हरवंशपुर धारम प्रा.विद्यालय से सूफीपुर अंगद तक नवनिर्माण कार्य लम्बाई लगभग 900 मी., विकास खण्ड किरतपुर में ग्राम खटाई नहर के पुल से ग्राम रसूलपुर शाहबुद्दीन उर्फ शेरपुर तक नवनिर्माण कार्य लम्बाई लगभग 1.300 किमी., विकास खण्ड किरतपुर के ग्राम आलमपुर गंगा से गाजीपुर-गधेली मार्ग तक डामर रोड निर्माण कार्य लम्बाई लगभग 0.450 किमी., विकास खण्ड कोतवाली के लक्खुवाला मार्ग से ग्राम छजुपुरा तक डामर रोड निर्माण कार्य लम्बाई लगभग 0.300 किमी. व विकास खण्ड किरतपुर में ग्राम शाहलीपुर अ. सत्तार (मदनपुर) के बारात घर से अमाननगर बड़ी नहर के पुल तक डामर रोड निर्माण कार्य लम्बाई लगभग 1.000 किमी. के नव निर्माण की मांग की।

### नहर में गोवंशीय के शव मिले

**नजीबाबाद।** सरवनपुर नहर में स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को सरवनपुर नहर में गोवंश के शव मिलने की सूचना दी गई। सूचना मिलने ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सा को बुलाया गया और गोवंश के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद गोवंश का अंतिम संस्कार किया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि गोवंश की मौत के बाद इनको वहां फेंका गया है।

### गन्ना गोष्ठी प्रदर्शनी एवं कृषक मेला



**चांदपुर।** बिंदल शुगर मिल के मुख्य द्वार पर आज बसंत कालीन विशाल गन्ना गोष्ठी प्रदर्शनी एवं कृषक मेला अत्यंत उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला गन्ना अधिकारी ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी में क्षेत्र के 600 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने आधुनिक तकनीक और उन्नत बीज चयन की बारीकियां सीखा और देखा। इस मौके पर गन्ना प्रजातियों की वैज्ञानिक पहचान और सावधानी के बारे मे भी विस्तार से बताया गया। गन्ना शोध परिषद के वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार कपिल एवं डॉ. विकास मलिक वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र बागपत ने किसानों को गन्ने की पहचान के सूक्ष्म लक्षण बताए। उन्होंने बताया कि किसान तने के रंग, जड़ क्षेत्र (रुट जोन), मिडरीब और बड (आंख) के आकार के आधार पर असली बीज की पहचान कर सकते हैं। डॉ. मलिक ने विशेष रूप से आगाह किया कि किसान सोशल मीडिया पर चल रहे भ्रामक

## हाईवे पर बाइक से टकराकर स्कूटी चालक छात्र घायल

### पुरैनी से परीक्षा देकर लौट रहा था छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** स्कूटी व बाइक की आमने-सामने की टक्कर में परीक्षा देकर अपने घर लौट रहा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी नगीना में भर्ती कराया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला वाल्मीकि बस्ती निवासी विपिन कुमार का 15 वर्षीय पुत्र वंश कुमार बुधवार की सुबह ग्राम पुरैनी से हाईस्कूल की परीक्षा देकर स्कूटी से नगीना अपने घर आ रहा था। नगीना-धामपुर मार्ग पर टोल प्लाजा के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी स्कूटी की टक्कर हो गई। जिससे छात्र वंश गंभीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल छात्र को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रुप से घायल छात्र को जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया।

## आरवीआईटी में बी.टेक का परीक्षाफल घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के बी.टेक प्रथम, तृतीय, पंचम व सप्तम सेमेस्टर का परीक्षाफल डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया।



छात्रों में खुशी की लहर

बी.टेक प्रथम सेमेस्टर से हर्षिल राजपूत ने 88.9 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, भूमि सिंघल व मौ. अहद ने 87.7 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान और मानसी ने 86.7 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.टेक तृतीय सेमेस्टर में शुभम वर्मा (कम्प्यूटर सांइस) ने 88.3 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान और स्वीटी (कम्प्यूटर सांइस) ने 84 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व रिहान (कम्प्यूटर सांइस) ने 83.1 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.टेक पचंम सेमेस्टर में केतन कमल (इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी) ने 88.6 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान और रामधन टीयू (इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी) ने 87.8 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व अनामिका (इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी) ने 87.4 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.टेक सप्तम सेमेस्टर में साजिया नौशाद (कम्प्यूटर सांइस) ने 90.3 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, हादिया (कम्प्यूटर सांइस) ने 88.4 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व पर्व चौहान (कम्प्यूटर सांइस) ने 88 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त संस्थान के सभी छात्र छात्राओं ने बहुत अच्छे अंक प्राप्त किये।

प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल और टेक्नोलॉजी निदेशक डा. नितिन अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** होली के पर्व के मद्देनजर थाना कोतवाली प्रांगण में एक शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने भाईचारा कायम रखने पर जोर दिया। रमजान व होली शांति से मनाने की अपील की।



बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्म गुरुओं, व्यापार मंडल प्रतिनिधियों एवं संभ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसएसआई श्रीपाल सिंह ने कहा कि होली रंगों और आपसी प्रेम का त्यौहार है। इस वर्ष पवित्र माह ए रमजान भी चल रहा है। इसलिए सभी समुदायों को एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्यौहार मनाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश न फैलाने की अपील की तथा आमजन से शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया। साथ ही रमजान के मद्देनजर नमाज के समय विशेष सतर्कता और आपसी समन्वय बनाए रखने पर भी बल दिया गया।

बैठक में मौजूद गणमान्य लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि क्षेत्र में सदैव आपसी सौहार्द एवं भाईचारा कायम रहे। अफजलगढ़ क्षेत्र का इतिहास गंगा, जमुनी तहजीब व आपसी भाईचारे का रहा है जो आगे भी कायम रखा जाएगा। अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली एवं रमजान की शुभकामनाएं देते हुए प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश दिया। बैठक की अध्यक्षता एसएसआई श्रीपाल सिंह को संचालन भाजपा नेता खेल सिंह राजपूत ने किया।

इस अवसर पर पूर्व उप निरीक्षक कमरुल हसन खान, उप निरीक्षक प्रवीन कुमार, पालिका अध्यक्ष नफीस कुरैशी, प्रेम सिंह धनिया पूर्व सीओ, खेल सिंह राजपूत, एसएम असलम, मदन सिंह राणा, प्रधान जितेंद्र सिंह, प्रधान कैलाश चंद्र, मौहम्मद इस्माइल, मुकेश शर्मा उर्फ मुन्ना, नीरव रस्तौगी, भीम सिंह रावत, प्रधान पति तसव्वर कुरैशी, प्रधान पति रईस अहमद प्रधान मुस्तकीम मलिक, कुलदीप सिंह, राधा राजपूत, मौहम्मद असलम, लव अग्रवाल, महेंद्र सिंह, अमित कुमार, प्रधान रिजवान अहमद, मौहम्मद इस्माइल अंसारी, जाकिर हुसैन, मुकीब खान सूरी सभासद, सरताज अहमद, प्रवीन सिरोही लियाकत उल्लाह, फैयाजुद्दीन कुरैशी, कादर अंसारी सभासद, व अनिल नारायण आदि मौजूद रहे।

## फर्जी परीक्षार्थी पकड़े जाने से मचा हड़कंप

### केंद्र व्यवस्थापक ने तहरीर थाना पुलिस को सौंपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** कस्बा झालू स्थित एक इंटर कॉलेज में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के दौरान फर्जी परीक्षार्थी पकड़े जाने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। केंद्र व्यवस्थापक ने मामले की तहरीर थाना पुलिस को सौंप दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम पैजनियां निवासी सत्यम पुत्र गौरव, नांगलजट स्थित जनता इंटर कॉलेज का कक्षा दस का छात्र है। बोर्ड परीक्षा के लिए उसका परीक्षा केंद्र कस्बा झालू में स्थित हृदयानंद इंटर कॉलेज में बनाया गया था। आज परीक्षा चल रही थी। इसी दौरान कक्ष निरीक्षकों को संदेह हुआ। जांच करने पर पाया गया कि सत्यम के स्थान पर कोई अन्य युवक परीक्षा दे रहा है।

मामला उजागर होते ही केंद्र पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। केंद्र व्यवस्थापक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में ले लिया और आवश्यक पूछताछ शुरू कर दी।

थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सपा की एसआईआर जागरूकता साइकिल रैली

### बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हुए शामिल, कई जगह स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) में कथित गड़बड़ियों के विरोध में अनुज मलिक पूर्व ब्लॉक प्रमुख व निवर्तमान जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी द्वारा एक विशाल साइकिल रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य जनता को जागरूक करना था कि मतदाता सूची में हो रही अनियमितताओं के कारण योग्य मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाए जा रहे हैं।



रैली का नेतृत्व सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन एवं सपा नेता अनुज मलिक ने संयुक्त रूप से किया। सैकड़ों कार्यकर्ता साइकिलों पर सवार होकर "अखिलेश यादव जिंदाबाद" और "पीडीए जिंदाबाद" के नारे लगाते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे। रैली अनुज मलिक के आवास वैष्णो विहार से प्रारंभ होकर बैराज रोड, नुमाइश ग्राउंड, जजी चौक, शास्त्री चौक, सिविल लाइन, डाकघर चौराहा, रोडवेज चौराहा एवं कलेक्ट्रेट रोड होते हुए पार्टी कार्यालय पर समाप्त हुई।

रैली के दौरान विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। जजी चौराहे पर अधिवक्ताओं द्वारा साइकिल रैली का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं सिविल लाइन स्थित रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों एवं डाकघर चौराहे पर व्यापारियों द्वारा भी कार्यकर्ताओं को फूल-मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस स्वागत से रैली में शामिल कार्यकर्ताओं का उत्साह दोगुना हो गया और जनसमर्थन का संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि एसआईआर के नाम पर प्रदेश में बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है। लाखों गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम गलत तरीके से काटे जा रहे हैं। यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है। हम जनता को जागरूक कर रहे हैं ताकि उनका मताधिकार सुरक्षित रहे।

वहीं अनुज मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि यह रैली केवल विरोध नहीं, बल्कि जन-जागृति का अभियान है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए की ताकत से हम हर गड़बड़ी का मुकाबला करेंगे। जनता का मत छीनने की साजिश किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रैली के समापन पर अनुज मलिक ने सभी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी भागीदारी से बिजनौर की आवाज प्रदेश और देश तक पहुँची है तथा संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ. रमेश तोमर, धनंजय सिंह यादव, शमशाद अंसारी, डॉ. रहमान, महमूद कस्सार, प्रभा चौधरी, मदन सैनी, शहजाद अंसारी, सतपाल सिंह, मनोज राजपूत, डॉ. योगिंदर चौधरी, कामेंद्र तोमर, बी.के. कश्यप, हनी फैसल, सुहेल बाकर, मानू, कमलेश भूय्यार, राधा सैनी, कृपा रानी प्रजापति, विमलेश चौधरी, अखलाक पप्पू, संजय पाल, नमन प्रधान, ओमप्रकाश चौधरी, मुस्तकीम सभासद, अफजाल पहाड़ी, सुरेंद्र बाल्मीकि, प्रमोद प्रधान, वक्कार राईन, आदित्य चौधरी, विनय चौधरी, समरेश चौधरी, अंबर चौधरी, अब्दुल वहाब, कासिम कुरैशी, खलेंदर चौधरी, दानिश अखघ्लाक, डॉ. इरफान मलिक, अशोक गहलोत, कुलवीर चौधरी, सोनम चौधरी, रफीक अहमद, शरीफ अहमद, जुबेर अहमद, अतीक अहमद, मौहम्मद वसीम एवं अहमद खिजर खान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रैली ने सपा कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरते हुए यह संदेश दिया कि मतदाता अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी का आंदोलन आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

ज्यूडीशियल करप्शन...

में किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। यह एक सोची-समझी और गहरी साजिश लगती है। मुझे पता है इससे कैसे निपटना है।मैं यह केस खुद हैंडल करूंगा। हम इस बारे में और कुछ नहीं कहना चाहते। एनसीईआरटी चेयरमैन दिनेश प्रसाद सकलानी का इस मुद्दे पर कोई जवाब नहीं आया है। काउंसिल के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि मामला अब कोर्ट में विच. ाराधीन है। इसलिए वे इस मुद्दे पर कुछ भी नहीं बोंलेंगे। इस बीच सरकारी सूत्रों ने कहा कि भले ही एनसीईआरटी एक ऑटोनामस संस्था है, लेकिन चैप्टर जोड़ने से पहले अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए था।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि अगर भ्रष्टाचार का मुद्दा शामिल करना था, तो उसमें शासन के तीनों अंगों- कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका को भी जोड़ा जाना चाहिए था। सरकारी सूत्रों ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित आंकड़े संसदीय अभिलेखों और नेशनल ज्यूडीशियल डेटा ग्रिड में मौजूद हैं, लेकिन फैक्ट्स के क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए केंद्र से परामर्श नहीं लिया गया। एनसीईआरटी ने 23 फरवरी को क्लास 8 के स्टूडेंट्स के लिए सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था। किताब का नाम 'एक्सप्लोरिंग सोसायटी- इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' है। इसमें 'द रोल ऑफ द ज्यूडीशियरी इन अवर सोसायटी' चैप्टर के अंदर 'करप्शन इन द ज्यूडीशियरी' का टॉपिक जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार, बड़ी संख्या में पेंडिंग मामले और जजों की भारी कमी ज्यूडीशियल सिस्टम के सामने प्रमुख चुनौतियों में शामिल हैं। जज आचार संहिता से बंधे होते हैं, जो न केवल कोर्ट में उनके व्यवहार को कंट्रोल करता है, बल्कि कोर्ट के बाहर उनके आचरण को भी तय करती है। किताब के एक सेक्शन का टाइटल का मतलब है- इंसाफ में देरी इंसाफ न मिलने जैसा है।

योगी के...

और औद्योगिक मशीनरी निर्माण में वैश्विक पहचान रखती है। कंपनी ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इंजन और निर्माण उपकरण के साथ साथ जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान जैसे पाइप, पंप और ट्रीटमेंट सिस्टम के क्षेत्र में भी कार्यरत है। एस्कार्ट्स कुबोता लिमिटेड के साथ सहयोग के माध्यम से कंपनी भारत में अपने विनिर्माण विस्तार और फार्म मैकेनाइजेशन क्षेत्र में उपस्थिति को मजबूत कर रही है। मिंडा कॉरपोरेशन, जो स्पार्क मिंडा समूह का हिस्सा है, ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माण में अग्रणी भारतीय कंपनी है। यह मैक्ट्रॉनिक्स, वायरिंग हार्नेस, प्लास्टिक इंटीरियर, सेंसर और ईवी समाधान उपलब्ध कराती है। जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री जिसे जेएई के नाम से जाना जाता है, ऑटोमोटिव और एयरोस्पेस सेक्टर के लिए एडवांस कनेक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक इंटरफेस समाधान में विशेषज्ञता रखती है। नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, एक विविधिकृत जापानी ट्रेडिंग और टेक्नोलॉजी कंपनी है, जो केमिकल्स, एडवांस्ड मैटेरियल्स, मोबिलिटी सॉल्यूशंस और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सक्रिय है। इन कंपनियों के बीच सहयोग से ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स और एडवांस कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। सीको एडवांस जापान मूल की कंपनी है, जो उच्च प्रदर्शन स्क्रीन प्रिंटिंग इंक और कोटिंग सॉल्यूशंस के लिए जानी जाती है। इसके उत्पाद ऑटोमोटिव डीकल्स, इंडस्ट्रियल ग्राफिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स पैनल, ग्लास प्रिंटिंग और कंज्यूमर अप्लायंसेज में उपयोग होते हैं। कंपनी भारत में अपनी विनिर्माण इकाई के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को आपूर्ति कर रही है। इसके अतिरिक्त ओ एंड ओ ने हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश को लेकर समझौता किया। पहले दिन हुए इन समझौतों को भारत और जापान के बीच औद्योगिक सहयोग को नई गति देने वाला कदम माना जा रहा है।

## युकां का प्रदर्शन राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के खिलाफ: नागरिक मंच

**नई दिल्ली।** देश के प्रबुद्ध नागरिकों ने यहां भारत मंडपम में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के 'शर्ट हटाकर' प्रदर्शन करने पर चिंता व्यक्त की है और इस घटना को राष्ट्रीय गरिमा के विरुद्ध और वैश्विक मंच पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताया है। प्रबुद्ध नागरिकों के इस समूह ने बयान में समन्वयक के रूप में न्यायमूर्ति एस एन धींगरा (पूर्व न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय) और बीएल वोहरा, आईपीएस (पूर्व डीजीपी, त्रिपुरा एवं डीजी, एसएसबी) के नाम दिए हैं। इन्होंने युकां के प्रदर्शन को गलत बताया और कहा जब विश्व के प्रमुख टेक्नोलॉजी लीडर, वैश्विक सीईओ और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भारत की प्रगति को देखने के लिए उपस्थित थे, उस समय इस प्रकार का प्रदर्शन देश की छवि को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नुकसान पहुंचाने वाला है। इसे एक उच्चस्तरीय कूटनीतिक और तकनीकी मंच का अनुचित उपयोग बताते हुए कहा गया है कि इस तरह की राजनीति राष्ट्रीय प्रतिष्ठा से अधिक व्यक्तिगत प्रचार को प्राथमिकता देती है।ष प्रबुद्ध वरिष्ठ नागरिकों का आरोप है कि यह विरोध स्वतघ्स्फूर्त न होकर पूर्व नियोजित था। इसमें बयान में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों ने वैध प्रतिभागी के रूप में क्यूआर कोड के जरिए अत्यंत सुरक्षित अंतर्राष्ट्रीय बैठक स्थल में प्रवेश किया और बाद में कपड़े उतारकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

## पांच चालान कटे, तो लाइसेंस होगा रद्द

- **ट्रैफिक नियम तोड़ना पड़ेगा बहुत भारी**
- **रद्द करने से पहले भेजा जाएगा नोटिस**

**नई दिल्ली।** देश की सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं और ड्राइवरों के बेपरवाह रवैये को सुधारने के लिए केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक और बेहद सख्त कदम उठाया है। सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन (द्वितीय संशोधन) नियम 2026 लागू कर दिया है, जिसके तहत ट्रैफिक नियमों में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। अब आपका ड्राइविंग लाइसेंस केवल किसी बड़े हादसे के बाद ही नहीं, बल्कि छोटी-छोटी गलतियों को बार-बार दोहराने पर भी रद्द कर दिया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार नए नियमों का सबसे बड़ा प्रहार ड्राइवरों के व्यवहार पर है। अब तक नियम केवल जुर्माना भरने तक सीमित थे, लेकिन अब सरकार ने इसे बिहेवियरल कंट्रोल (व्यवहार नियंत्रण) से जोड़ दिया है। नए कानून के मुताबिक यदि कोई ड्राइवर एक साल के भीतर 5 बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता है, तो परिवहन विभाग के पास उसका लाइसेंस निलंबित या हमेशा के लिए रद्द करने का पूरा अधिकार होगा। सरकार ने कुल 24 प्रकार के ट्रैफिक अपराधों की पहचान की है, जिन्हें अब बेहद गंभीरता से लिया जाएगा। खास बात यह है कि अब छोटी गलती या बड़ी गलती के बीच का फर्क खत्म कर दिया गया है। ये गलतियां तय सीमा से अधिक रफ्तार में गाड़ी चलाना, सीट बेल्ट या हेलमेट न पहनना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करना, ट्रैफिक सिग्नल (लाल बत्ती) का उल्लंघन करना, गलत दिशा में गाड़ी चलाना और बिना वैध दस्तावेजों (बीमा या प्रदूषण प्रमाण पत्र) के सड़क पर निकलना चालान का आधार बनेंगी। अब सड़कों पर पुलिस हो या न हो, आपकी हर गलती पकड़ी जाएगी। हाई-टेक एनएनपीआर कैमरे, सीसीटीवी और ई-चालान सिस्टम के जरिए सारा डेटा सीधे वाहन और सारथी पोर्टल पर जमा होगा। जैसे ही किसी ड्राइवर की पांचवीं गलती दर्ज होगी, संबंधित आरटीओ को ऑटोमैटिक अलर्ट मिल जाएगा। लाइसेंस रद्द करने से पहले ड्राइवर को एक कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा, जिसमें उसे अपनी सफाई देने का मौका मिलेगा। यदि जवाब संतोषजनक नहीं हुआ, तो लाइसेंस हमेशा के लिए जा सकता है।



मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद

आठवां रोजा वक्त इफ्तार 26 फरवरी शाम 6:18

नौवां रोजा वक्त सहरी 27 फरवरी सुबह 5:21

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र



मुकद्दस रमजान की बधाई

डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा




# ट्रैक्टर की चपेट में आकर युवक की मौत

## नाराज ग्रामीणों ने नगीना मार्ग पर लगाया जाम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** ग्राम इस्माइलपुर दमी उर्फ नकीपुर निवासी हरविंदर सिंह (35 वर्ष) की ट्रैक्टर की चपेट में आकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से नाराज स्वजन और ग्रामीणों ने नगीना मार्ग पर जाम लगा दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर दमी उर्फ नकीपुर निवासी जसवंत सिंह का पुत्र हरविंदर सिंह बाइक द्वारा नगीना से ग्राम लौट रहा था। नगीना मार्ग पर इस्लामाबाद चौराहे से ग्राम इस्लामाबाद की ओर गन्ना सेंटर के पास उसकी बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में हरविंदर सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर स्वजन और भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने मृतक का शव बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर ग्राम इस्लामाबाद चौराहे पर रखकर जाम लगा दिया है और ट्रैक्टर चालक को पकड़ने की मांग करने लगें। जाम के दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। मृतक की पत्नी और तीन बेटों का रो-रोकर बुरा हाल है। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों ने जाम लगा रखा था।

# अध्यापक ने दो मासूम छात्राओं की इज्जत लूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अध्यापक द्वारा नौ साल व ग्यारह साल की दो छात्राओं के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है।

### रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी फरार

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर करीब दो बजे थाने पहुंच कर पीड़ित परिवार द्वारा मामले के संबंध में थाना प्रभारी राहुल सिंह को एक तहरीर दी गई। जिसमें बताया गया कि घटना 23 फरवरी की शाम करीब पांच बजे की है। प्रार्थी की पुत्री (नौ वर्ष) मकान स्थित मौहल्ला कस्बा के बाहर खेल रही थी। आरोपी अंशुल कुमार पुत्र शंकर सिंह भी मौहल्ला कस्बा का है। प्रार्थी के मकान के पास घेर है। जिसमें आरोपी के परिवार वाले भैंसे बांधते हैं। आरोपी अंशुल बहला फुसला कर प्रार्थी की पुत्री को अपने भैंसों वाले घेर में ले गया। आरा. ेप है कि प्रार्थी की पुत्री के साथ बलात्कार किया। प्रार्थी की पुत्री ने मालूमात करने पर दुष्कर्म की घटना के बारे में बताया। पीड़ित परिवार द्वारा जानकारी दी गई कि जिस विद्यालय में आरोपी अंशुल अध्यापक है, पीड़ित छात्रा भी इस विद्यालय में कक्षा दो की छात्रा है।

ऐसा ही एक मामला और सामने आया है। ग्यारह वर्ष की लड़की के साथ इसी आरोपी अध्यापक के द्वारा दुष्कर्म किया गया। दूसरा पीड़ित परिवार भी थाने पहुंचा। पीड़ित परिवार द्वारा इस मामले में पुलिस से सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग कि गई। आरोपी अंशुल द्वारा छात्राओं को खाने-पीने की वस्तु का लालच देकर बहला फुसलाकर उनके साथ दुष्कर्म करने का आरोप पीड़ित परिवार द्वारा लगाया गया है। आरोप यह भी है कि अध्यापक अंशुल द्वारा छात्राओं के साथ दुष्कर्म के बाद छात्राओं को मारने-पीटने की धमकी दी जाती थी। जिससे छात्राओं ने डर कर अपने साथ हुए दुष्कर्म की बात परिवार वालों से नहीं बताती थी। इस घटना का खुलासा तब हुआ, जब पीड़ित छात्रा के लगभग पांच वर्ष के भाई के द्वारा अपनी मम्मी पापा से दुष्कर्म की बात बताई गई। पीड़ित परिवार द्वारा मंडी समिति चौकी प्रभारी एसआई वेदपाल सिंह पुंडीर से इस संबंध में मुलाकात की गई।

एसआई वेदपाल सिंह पुंडीर मामले को देख रहे हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी राहुल सिंह के फोन पर संपर्क किया गया। जानकारी प्राप्त हुई है कि मामले में पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## एक नजर

### भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार : मकसूद



**राजा का ताजपुर।** ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी व समाजसेवी मकसूद अहमद ठेकेदार ने कहा कि सभी धर्मों के लोग त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। इस महीने में गरीबों, बेसहारों, कमजोरों की मदद करनी चाहिए। रमजान के पवित्र महीने में जो गरीबों, बेसहारों व कमजोरों की मदद करता है, अल्लाह ताला उसकी मदद करता है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को अल्लाह ताला की बारगाह में खूब इबादत करनी चाहिए। रमजान मुबारक के पाक महीने में अल्लाह ताला अपने बंदों के सभी गुनाहों को माफ कर देता है। उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार रंगों का त्यौहार है। होली के त्यौहार को सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ मनाए। होली का त्यौहार मौहब्बत व भाईचारे का त्यौहार है। सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के त्यौहारों का मान सम्मान करें। कोई भी ऐसा काम न करें, जिससे किसी दूसरे धर्म के व्यक्ति को ठेस पहुंचे। त्यौहारों पर एक-दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें। उन्होंने कहा है कि रमजान के पाक महीने अल्लाह ताला से मुल्क की सलामती भाईचारे के लिए दुआ करें। ताकि हमारे मुल्क का भाईचारा कायम रहे। सभी धर्मों के त्यौहारों पर पुलिस प्रशासन का सहयोग करे।

### वन क्षेत्र ने मिला मादा हाथी का शव

**बढ़ापुर।** साहूवाला वन रेंज के अंतर्गत इनायतपुर वन चौकी के पास खारी बीट में एक मादा हाथी का शव पड़ा मिला है। शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराया है। मालूम हो कि मंगलवार की शाम को साहूवाला वन क्षेत्र में वन विभाग की टीम गश्त पर निकली हुई थी तभी उन्हें रेंज के अंतर्गत इनायतपुर वन चौकी के पास खारी बीट में एक मादा हाथी का शव पड़ा मिला। साहूवाला वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रामवृक्ष राव ने हाथी का शव मिलने की सूचना उच्च अधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर वन संरक्षक मुरादाबाद आदर्श कुमार, डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज, एसडीओ अंशुमान मित्तल मौके पर पहुंचे और गहनता से शव का निरीक्षण किया। डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज ने बताया कि हाथी के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं पाया है। बल्कि जले हुए का निशान मिला है। मौत के कारणों की जानकारी पोस्टमार्टम के बाद ही मिल पाएगी। पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सकों की टीम में शामिल डॉ. एसपी सिंह कासमपुर गढ़ी, डॉ. रजनीश नगीना, काशिम अली किरतपुर शामिल रहे। पशु चिकित्सकों की टीम ने उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम किया।


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली
जौहर हायर एजुकेशन
इंस्टीट्यूट, किरतपुर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर



रमजान माह की शुभकामनाएं

चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर



रमजान माह की बधाई

मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर

अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय
विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति
के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर



मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद



अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर



रमजान माह की शुभकामनाएं

रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/
प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग
व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व
स्पोर्ट्स, धामपुर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी
उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम,
कोतवाली देहात



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी



मुकद्दस रमजान की बधाई

विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम



संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा



# झालू चौकी के सामने सर्वसमाज का धरना

## किन्नरों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** किन्नरों द्वारा कथित अवैध वसूली और अभद्र व्यवहार के विरोध में सर्वसमाज के लोगों ने पुलिस चौकी के सामने धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पूर्व में दी गई शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण उन्हें विरोध का रास्ता अपनाना पड़ा।





प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह करीब 11 बजे से बड़ी संख्या में लोग चौकी परिसर के बाहर एकत्र होकर शांतिपूर्वक धरने पर बैठ गए और किन्नरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर किशन अवतार सिंह प्रभारी निरीक्षक हल्दौर मौके पर पहुंचे और धरनारत लोगों को समझाने का प्रयास किया। चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने भी वार्ता कर स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की।

धरने के दौरान कुछ किन्नर भी अपने साथियों के साथ चौकी प्रांगण में पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उन्होंने खुलेआम ताली बजाते हुए अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया तथा आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। आरोप यह भी है कि थाना प्रभारी की मौजूदगी में भी उनका रवैया उग्र बना रहा। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें शांत रहने और वहां से जाने के निर्देश दिए। चौकी से बाहर निकलने के बाद भी कथित टिप्पणियों से कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि बाद में वह वहां से चले गए।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि किन्नर समाज की इस कार्यशैली पर तत्काल कार्रवाई न होने से उनमें रोष व्याप्त है। उन्होंने शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर थाना प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच एवं कठोर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने ज्ञापन लेकर मामले की जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र कार्मिक, मुकेश वर्मा, अख्तर हुसैन, रईन अहमद, मौहम्मद रिजवान, रोहित, विनीत कुमार, विजय पाल, विकुल कुमार, राकेश कुमार, कैलाश सिंह, मौ. आरिफ, नानू मालिका, दीपक चन्द्रा, संजय कुमार पाल सिंह, अरुण कुमार, मुन्नू, सिताराम सैनी, असलम, शिवराम, मोहन, अरविन्द कुमार सैनी, कान्ना सिंह, मुख्तियार सिंह, अरुण चौधरी, इजहार, वीर सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

वहीं किन्नर मुस्कान चौधरी ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश्वर सिंह, रानी किन्नर से पैसा लेकर उनके खिलाफ कार्य कर रहा है। दूसरी ओर ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि किन्नर समाज कस्बे में वर्षों से रह रहा है और पूर्व में किसी को परेशान नहीं किया जाता था, लेकिन हाल के समय में बधाई मांगने के नाम पर लोगों को परेशान करने की शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने बताया कि इसी संबंध में सर्वसमाज ने कमेटी गठित कर किन्नर समाज से मान-सम्मान बनाए रखने की बात कही है और उसी क्रम में यह धरना प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किन्नर समाज के आंतरिक विवाद से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी सर्वसमाज की ओर से किन्नरों पर अवैध वसूली और घरों में घुसकर अभद्रता के आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है। कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# अचानक तबियत बिगड़ने से थाने में तैनात सिपाही की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** किरतपुर थाना क्षेत्र में तैनात एक सिपाही की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। अधिकारियों व कर्मचारियों ने दिवंगत सिपाही को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।



## थाना प्रभारी समेत स्टाफ ने जताया शोक

जानकारी के अनुसार पिछले करीब चार माह से किरतपुर थाना क्षेत्र की भनेड़ा चौकी पर तैनात सिपाही नितिन मलिक सोमवार शाम करीब छह बजे थाना परिसर में मौजूद थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें घबराहट महसूस होने लगी। साथी पुलिसकर्मियों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए चिकित्सक के पास पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में शोक व्याप्त हो गया। अधिकारियों ने तत्काल परि. जनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद सिपाही का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव, जनपद शामली ले जाया गया, जहां मंगलवार सुबह पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

अंतिम संस्कार में कस्बा इंचार्ज दीपक नागर सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत सिपाही को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया। करीब 39 वर्षीय सिपाही नितिन मलिक अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री सहित पूरे परिवार को रोता बिलखता छोड़ गए। उनके असामयिक निधन से परिवार के साथ-साथ पुलिस विभाग में भी गहरा शोक व्याप्त है।

# फाल्गुन निशान यात्रा निकाली

## श्रद्धालुओं ने जम कर खेली होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी से आयोजित श्री खाटू श्याम बाबा के छठे वार्षिक फाल्गुन निशान यात्रा महोत्सव के अंतर्गत धर्म नगरी धामपुर मे विशाल निशान यात्रा निक. ाली गई। जिसमें शामिल पीत वस्त्र धारी पुरुषों महिलाओं युवाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर श्याम बाबा के दरबार से संबंधित पारंपरिक जयकारो और भजनों के सामूहिक उच्चारण से निर्धारित मार्गो को श्याम मय बना दिया।



दुर्गा विहार कॉलोनी के सिद्ध पीठ मां दुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर से प्रारंभ हुई विशाल निशान यात्रा का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। जिसके मुख्य यजमान मंदिर के संस्थापक समाजसेवी कुंवर निहाल सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी शोभा रानी राजपूत, कुंवर अशोक कुमार राजपूत एवं लता रानी राजपूत, कुंवर अनिल कुमार राजपूत एवं रेनू रानी राजपूत, कुंवर आशीष कुमार राजपूत एवं सुप्रिया रानी राजपूत आदि रहे। जबकि अन्य यजमानों की भूमिका धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत सेवा समिति पंजीकृत के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार वर्मा एवं रीना वर्मा, डॉ. गौरी वर्मा, डॉ. ध्रुव वर्मा, आचार्य श्यामलाल, आचार्य चंद्रभान सिंह आदि सहित अनेक श्रद्धालु परिवारों ने प्रदर्शित की।

पूजन कार्यक्रम पंडित सुमित वशिष्ठ एवं पंडित अमित वशिष्ठ ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया। पूजन के उपरांत मंदिर से प्रारंभ हुई विशाल निशान यात्रा में सुसज्जित घोड़ा बग्गी पर बाबा खाटू श्याम जी महाराज की आकर्षक एवं मनोहारी मूर्ति शोभायमान थी तथा बाबा के दरबार के समक्ष विराजमान मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ जी महाराज मोर पंखी के माध्यम से निर्धारित मार्गो के दोनों और खड़े श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे। निर्धारित मार्गो की परिक्रमा के बाद यह यात्रा वापस मंदिर पर ही पहुंचकर संपन्न हुई, जहां श्रद्धालुओं ने एक दूसरे के मुख पर गुलाल लगाते हुए जमकर होली भी खेली। निशान यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को पटके पहना कर सम्मानित भी किया गया। समूचे कार्यक्रम का समापन विशाल भंडारे से हुआ, जिसमें धामपुर के विभिन्न भागों के अतिरिक्त आसपास के ग्रामों के बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## एक नजर

### उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन



**किरतपुर।** प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधान, सचिवों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला विद्यालयों के समग्र विकास, नामांकन वृद्धि, ड्रॉपआउट में कमी तथा आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अंकित चौधरी ब्लॉक प्रमुख किरतपुर, कमल सिंह खंड विकास अधिकारी तथा सूर्यकांत गिरि खंड शिक्षा अधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं बल्कि सामाजिक विकास का आधार भी हैं। ग्राम प्रधान, सचिव और प्रधानाध्यापक के समन्वित प्रयास से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यशाला में छात्र नामांकन व उपस्थिति बढ़ाने, ड्रॉपआउट रोकने, विद्यालय विकास योजना (SDP) के प्रभावी क्रियान्वयन, आधारभूत सुविधाओं के रख-रखाव, शैक्षिक गुणवत्ता सुधार, टीएलएम के उपयोग तथा मध्यान्ह भोजन, स्वच्छता और सुरक्षा मानकों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर एआरपी गणित कृष्णदेव आर्य, एआरपी हिंदी रामेंद्र कुमार, एआरपी विज्ञान असद जुबैर और एआरपी अंग्रेजी नईम अहमद व अजहर जमाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा चौधरी ने किया।कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह ग्राम प्रधान, पांच पंचायत सचिव तथा 20 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत गिरि ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### रावली में ग्रामीणों को किया जागरूक




**बिजनौर।** रेडियो संदेश 89.6 बिजनौर एवं स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में रेडियो संदेश बिजनौर स्थित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट की टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय रावली में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'सेहत सही -लाभ कई' विषय के अंतर्गत 'छोटे बच्चों में कुपोषण की समस्या' एवं उनके लिए उचित भोजन, फलाहार, आयरन-कैल्शियम का महत्व तथा शिशु जन्म के बाद मां एवं नवजात की सही देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आमजन तक पहुंचाना रहा। टीम कोऑर्डिनेटर सुनील भारद्वाज ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, टीकाकरण, नियमित जांच, साफ-सफाई तथा जन्म के बाद नवजात की पोषण आवश्यकताओं के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया। साथ ही स्वस्थ समाज निर्माण में मातृ व शिशु स्वास्थ्य की भूमिका पर चर्चा की गई। रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एवं संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने भी सभी को शुभकामनाएं दी तथा जागरूकता अभियान हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रेडियो संदेश टीम से सुनील भारद्वाज, मनोज यादव, श्यामल मंडल, डॉ. शबनम कुरैशी, मुख्य अध्यापिका काजल रानी, सी.एच.ओ. राजीव कुमार, सीमा हाल्दार, आगंबाड़ी कार्यकर्त्री शिवानी शर्मा एवं ग्रामीण चंद्रपाल सिंह आदि अनेक ग्रामीण आदि सम्मानितगण उपस्थित रहे।

### भाकियू ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**नगीना।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पखनपुर निवासी भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के नेतृत्व में आज संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर से मिले और जनपद में ओवरलोड गन्ना ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, ओवरलोड डंपरों तथा अवैध खनन की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान के लिए कठोर एवं स्थायी कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में रवेंद्र चौहान मुख्य उपाध्यक्ष, गोतम शर्मा उपाध्यक्ष, आदिल कुरैशी प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, सुरेश चंद सागर मंडल उपाध्यक्ष, शुभम गुर्जर प्रदेश महासचिव, सारिक मलिक प्रदेश महासचिव, केफ मलिक युवा प्रदेश संगठन मंत्री पश्चिम उत्तर प्रदेश, सुफियान मंडल संगठन मंत्री, अचल शर्मा युवा जिला अध्यक्ष, सुनील जिला अध्यक्ष, एससी एसटी मोर्चा, ठाकुर सचिन चौहान जिला मीडिया प्रभारी, फराज खान प्रदेश महासचिव योग पश्चिम उत्तर प्रदेश, अशोक उपाध्याय जिला संगठन मंत्री, अदनान जिला महामंत्री, बलराम चौहान जिला महासचिव, लवकुश चौहान ब्लॉक अध्यक्ष नहटौर, प्रिंस रावल, सूर्यकांत भाटी, रिशु भाटी, निशांत गुर्जर मौजूद रहे।

## एक नजर

### ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए जागरूक किया

**चांदपुर।** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में चल रहा है। शिविर के पां. चवें दिन स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए जागरूक किया। स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से कहा कि यदि बेटियां साक्षर होगीं। तभी अपने अधिकारों, कर्तव्यों को भली भांति समझकर समाज निर्माण में अपने दायित्व को पूर्ण करेंगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की राष्ट्र निर्माण के लिए बेटियों को साक्षर जरूर करें। आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। ग्राम मुस्तफाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. शिवाली राजपूत के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में छात्राएं स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर चल रही थी। वहीं ग्राम सरकथल में कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा तथा विवेक कुमार के नेतृत्व में भी जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को साक्षरता का पाठ पढ़ाया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने भी स्वयंसेवियों से सामाजिक बुराइयों को दूर करने में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य ही समाज सेवा है। प्रत्येक स्वयंसेवी समाज सेवा के कार्य में अधिक से अधिक योगदान दे। कार्यक्रम का समापन हम होंगे कामयाब एक दिन जीत के साथ हुआ। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक ठाकुर अशोक शास्त्री, नीशु देवल, रुक्मिणी देवी, छाया राजपूत, शनि चौहान, सुषैन बाबू शर्मा, सचिन कुमार, डॉ. वरुण कुमार, राकेश चौहान, राजेंद्र सिंह, सोनू कुमार, छाया राजपूत आदि उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम सीरवासुचन्द में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. गुफरान अहमद के सौजन्य से केवीआर अस्पताल, काशीपुर द्वारा लगाया गया। यह शिविर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नाजिश अंसारी के निवास स्थान पर आयोजित किया गया। केवीआर अस्पताल, काशीपुर (उत्तराखंड) से डॉ. नयना अग्रवाल (नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ), डॉ. कुशाल अग्रवाल (बाल एवं नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ) और डॉ. महबूब सैफी (स्त्री एवं बाल रोग विशेषज्ञ) ने 140 मरीजों का चेकअप किया। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच, नाक, कान, गले की एंडोस्कोपी और बाल रोगियों का नि:शुल्क परीक्षण किया गया। मरीजों को दो दिन की दवाइयां भी मुफ्त प्रदान की गईं। इस अवसर पर स्त्री एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. महबूब सैफी ने बदलते मौसम में छोटे बच्चों, खासकर नवजात शिशुओं को डायरिया जैसी बीमारियों से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान खान-पान का विशेष ध्यान रखने के लिए भी प्रेरित किया। शिविर को सफल बनाने में समाजसेवी डॉ. गुफरान अहमद की टीम के सदस्यों ने विशेष सहयोग दिया। इनमें सरताज अंसारी, मौहम्मद राशिद, इंतखाब आलम, शबरोज, मौहम्मद शाहिद, मौहम्मद जैद, मौहम्मद माआज, मौहम्मद फुजैल, मौहम्मद नवाब और शमीम अहमद प्रमुख रूप से शामिल थे।

# नगीना में नए मतदाताओं के फार्म सिक्स भरवाए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भाजपा प्रांतीय पार्षद रोहित रवि एवं पूर्व विधायक सतीश गौतम ने कार्यकर्ताओं के साथ विशेष अभियान चलाकर नए मतदाताओं के फॉर्म सिक्स भरवा कर नए वोट बनाने में मतदाताओं की सहायता की।

## रोहित रवि ने किया सहयोग

प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना विधानसभा के मौहल्ला लालसराय, मौहल्ला खुर्रमअली सराय, मौहल्ला प्रधान की सराय बूथ संख्या 323, 324 एवं 330 पर पूर्व विधायक सतीश गौतम एवं रोहित रवि ने संयुक्त रूप से विशेष अभियान के तहत नए मतदाता बनाने हेतु लोगों के फार्म भरवाए तथा कुछ मतदाताओं के संशोधन हेतु फार्म 8 भरवाए। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक सतीश गौतम, भाजपा प्रांतीय पार्षद रोहित रवि, बूथ अध्यक्ष मनोज कुमार, बूथ अध्यक्ष अमन कुमार, बूथ अध्यक्ष महेंद्र कुमार, कमल कुमार, अमूल नंदा, यादराम सिंह, रमेश कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, सोमपाल सिंह, संदीप कुमार, मुन्ना सिंह, मूलचंद सिंह एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# धामपुर में होली से पहले मिलावटखोरों पर शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आगामी होली पर्व को देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने धामपुर नगर में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। बिजनौर के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव सिंह तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने बुधवार को मुख्य बाजार क्षेत्र की विभिन्न दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

निरीक्षण के दौरान टीम ने मिठाई की दुकानों, किराना व परचून प्रतिष्ठानों की जांच की। इस कार्रवाई में एक दुकान से बेसन का नमूना, एक मिठाई विक्रेता से मावा का सैंपल तथा एक परचून दुकान से करौली का नमूना लिया गया। जांच के दौरान एक दुकान पर कृत्रिम रंग मिला करौली पाए जाने पर अधिकारियों ने मौके पर ही लगभग 35 किलोग्राम करौली जब्त कर उसे सील कर दिया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के समय मिलावटी व हानिकारक खाद्य सामग्री की बिक्री की शिकायतें बढ़ जाती हैं। ऐसे में आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह सघन अभियान चलाया गया है। एकत्र किए गए सभी नमूनों को प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषी पाए जाने वाले दुक. ानदारों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

टीम ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की मिलावट या प्रतिबंधित रंगों का प्रयोग न करें। साथ ही साफ-सफाई, गुणवत्ता और खाद्य मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों तक ऐसे निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

## निजी भूमि तिरपाल डालकर पढ़ रहे थे नमाज, पुलिस ने तिरपाल हटवाया

**नांगल सोती।** थाना क्षेत्र के गांव दहीरपुर में मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग एक भूमि चारदीवारी कर और तिरपाल डालकर बीते कुछ दिनों नमाज पढ़ रहे थे। किसी ने इसकी सूचना नांगल पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और नमाज पढ़ रहे लोगो से वार्ता की, जिसके बाद उक्त लोगो ने भूमि से तिरपाल हटा लिया और उक्त स्थान पर नमाज पढ़नी बंद कर दी। नांगल थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने बताया कि उक्त स्थान पर नमाज अदा करने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। इस बारे में ग्रामीणों से बात की गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने उक्त भूमि से तिरपाल हटा दिया और नमाज पढ़नी बंद कर दी।

# खो नदी में कूदे युवक का सुराग नहीं

## परिजनों में बढ़ रही बेचैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** पांच दिन पहले खो नदी में कूदे युवक का कोई सुराग नहीं मिलने से परिजनों में बेचैनी बढ़ रही है। खो बैराज पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस से अपने लापता बच्चे को बरामद करने की गुहार लगाई है।



गौरतलब है कि धामपुर निवासी योगेश सैनी पुत्र दिनेश सैनी ने शनिवार को खो बैराज पुल से खो नदी में छलांग लगा दी थी। तभी से लगातार पुलिस प्रशासन सहित 23वी बटालियन पीएसी मुरादाबाद की टीम दिन रात सघन रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक की तलाश कर रही है। बावजूद इसके युवक के परिजनों ने बुधवार को खो बैराज पर पंहुचकर पुलिस प्रशासन से खो बैराज में डूबे व्यक्ति के शव को बरामद करने की मांग की है। परिजनों का कहना है कि उनके बच्चे का अब तक शव बरामद नहीं हो सका है। घटना के बाद से वे लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली है। उन्होंने खोज अभियान में तेजी लाने और अतिरिक्त संसाधन लगाने की मांग की है। परिवार का कहना है कि हर बीतता दिन उनके लिए भारी है।

INFORMATION

I hitherto known as Pankaj Kumar S/o Brijpal Singh R/o Gram-Luharpura, Bashta, Bijnor, Uttar Pradesh-246736 have changed my name and shall hereafter be known as Rahul kumar.

**कार्यालय ग्राम पंचायत हिरनाखेडी, विकासखण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक-मीमो/ पंचायत/मनरेगा/2025-2026

**अल्पकालीक निविदा सूचना**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत हिरनाखेडी में मनरेगा/ राज्यवित्त / केन्द्रवित्त अभिषरण योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत हिरनाखेडी में जमील के घर से इस्तियाक के घर तक सीसी एवं नाली निर्माण कार्य कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोडी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक 06/03/2026 तक समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 03/03/2026 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** | **ग्राम पंचायत सचिव**

# रुद्रपुर में विवाहिता के साथ गैंगरेप का वांछित रेलवे पुलिस के हत्थे चढ़ा

## लिंक एक्सप्रेस में जीआरपी को देख कर खाया जहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** रुद्रपुर में विवाहिता के साथ गैंगरेप का वांछित बीती शाम लिंक एक्सप्रेस ट्रेन में नजीबाबाद-नगीना रेलवे स्टेशन के बीच नियमित जांच कर रही रेलवे पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जीआरपी को उत्तराखंड सिविल पुलिस समझ बैठे अभियुक्त ने घबराकर चूहेमार दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। रेलवे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे नगीना रेलवे स्टेशन पर उतार लिया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शाम रेलवे पुलिस द्वारा नजीबाबाद-नगीना रेलवे स्टेशनों के बीच लिंक एक्सप्रेस ट्रेन के कोच में नियमित चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ट्रेन में यात्रा कर रहे उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी 23 वर्षीय अभय सक्सेना पुत्र रवेंद्र सक्सेना जो कि रुद्रपुर में 22 फरवरी की रात विवा. हता के साथ हुए गैंगरेप के मामले में वांछित है। रेलवे पुलिस को उत्तराखंड सिविल पुलिस समझ बैठा और घबराकर उसने चूहेमार दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होते ही रेलवे पुलिस ने उसे नगीना रेलवे स्टेशन पर उतार लिया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले गए। जहां पर चिकित्सा प्रभारी विशाल दिवाकर की मौजूदगी में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों व सहयोगी स्टाफ ने उसका उपचार शुरू कर दिया और युवक की स्थिति सामान्य होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी जीआरपी नजीबाबाद द्वारा युवक को उत्तराखंड पुलिस को सुपुर्द करने के साथ साथ उसके परिजनों को भी सूचित कर दिया गया।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**नगीना।** मौहल्ला पंजाबियान निवासी मौ. काशिफ पुत्र मौ. रागिब ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 20 फरवरी को उसकी बाइक संख्या UP20AR 9057 घर के बाहर खड़ी थी। रात में वह बाइक को घर में खड़ी करने के लिए घर के बाहर आया तो बाइक गायब थी। उसने बताया कि उसकी बाइक चोरी कर ली है, क्योंकि अज्ञात व्यक्ति सीसीटीवी कैमरे में बाइक ले जाते देखा जा रहा है। जिसकी वीडियो क्लिप काशिफ ने अपने पास होना बताया। उसने बताया कि बाइक में लगे बैग में ऑनलाइन राशन कार्ड के कागजात, राशन की दुकान की चाबी, पासबुक, सर्वयूपी ग्रामीण बैंक की एवं वाहन उपरोक्त से सम्बन्धित सभी कागजात, आरसी आदि भी रखी थी। उसने कहा कि मोटर साईकिल को शीघ्र से शीघ्र बरामद किया जाना अति आवश्यक है ताकि मुलजिम गाड़ी व गाड़ी में रखे कागजात व चाबी का दुरूपयोग न कर सके। थाना प्रभारी अवनीत मान ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बीटेक प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2026 में बी.टेक प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित हुआ। जिसमें ईशिता त्यागी ने 88.22 प्रतिशत अंक पाकर कर प्रथम स्थान, नूर फात्मा ने 87.88 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व सिद्धि मुदगल ने 87.66 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा संस्था के अन्य अधिकतर विद्यार्थियों ने भी विशेष योग्यता से परीक्षा उत्तीर्ण की।

प्रबन्ध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव कुंवर उदयन वीरा, कुंवर रुचि वीरा सांसद मुरादाबाद व श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके अथक परिश्रम और लगन के लिए हृदय से सराहना की। संस्था के निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने डीन एकेडमिक प्रो. मनोज कुशवाहा डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश अग्रवाल एवं विभागाध्यक्ष डॉ. शुभम कुमार, नाइला नईम, डॉ. नीतीश कुमार, हर्ष राजपूत, राशि, प्रगति गर्ग, अनमोल कुमार आदि को भी बधाई दी।

### एक नजर

## लापता ट्रैक्टर मैकेनिक का शव मिला



**नांगल सोती।** गांव शहजादपुर निवासी इरफान (45 वर्ष) की जीतपुर बस स्टैंड पर ट्रैक्टर मैकेनिक की दुकान थी। सोमवार को इरफान उत्तराखंड के रंजीतपुर में एक कार्यक्रम में गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। बुधवार की दोपहर इरफान का शव गंगा नदी में मिला। परिजन गंगा नदी में डूबने से मौत होने आशंका जता रहे हैं। इरफान की पुत्री की अगले माह शादी थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी लेकिन उनकी मौत से खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों ने शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि शव मिलने की सूचना नहीं मिली है।

## युवती को बहला कर ले गया युवक

**नगीना।** थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि 20 फरवरी को उसकी 21 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई थी। मां का कहना है कि जानकारी करने पर पता चला है कि मुरादाबाद के शरद पुत्र सतीश निवासी होली चौक लाइन पार उसकी बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले गया। बेटी पर घर से जेवर और 20 हजार रुपए ले गई है। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीत मान ने बताया कि पुलिस मामले में गहनता से जांच कर रही है। जांच कर जल्द आरोपित को पकड़ कर लड़की को बरामद किया जाएगा।

## बुजुर्ग भैंस चोर का वीडियो वायरल



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी पीर निवासी एक दाढ़ी वाले बुजुर्ग को चोरी की भैंस के साथ कुछ ग्रामीणों ने देर रात पकड़ लिया। जहां ग्रामीणों ने उस बुजुर्ग चोर की वीडियो बनाकर वायरल कर दी। हालांकि यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है। उधर बुजुर्ग शातिर चोर हाथ जोड़कर अपने कारनामे की माफी मांग रहा है। परन्तु किसी गरीब की लाखों की भैंस चुराते वक्त उसे यह ख्याल नहीं आया। उक्त व्यक्ति का नाम उमरी पीर निवासी मुन्ना उर्फ बटवा बताया जा रहा है। उधर यह वीडियो कब की है यह कह पाना संभव नहीं है। कुछ ग्रामीण चुनावी रंजिश के चलते भी इसे वायरल करने की बात कह रहे है। लेकिन वीडियो से यह तो स्पष्ट है कि बुजुर्ग चोर ने भैंस तो चोरी की थी।

## श्रद्धापूर्वक मनाया होली का त्यौहार



**धामपुर।** मौहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मैढ सभा सुनारो वाले मंदिर में महिला कमेटी द्वारा रंगों का त्योहार होली श्रद्धा पूर्वक तथा उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाओं ने ढोलक की थाप पर तथा डैक के गीतों पर जमकर नृत्य करके समा बांध दिया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी तथा कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। उमा वर्मा द्वारा होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया गया की हिरण्यकुश के पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु की पूजा किया करते थे, जो की हिरण्य कुश को पसंद नहीं था। इसीलिए उनके बार-बार मना करने पर भी उनके आदेश पर उन्होंने अपनी बहन होलिका को प्रहलाद को करने का आदेश दिया। होली का प्रहलाद को मारने के उद्देश्य से अपनी गोद में लेकर होली में बैठ गई, जिससे प्रहलाद तो सकुशल बच गए लेकिन होलिका जलकर भस्म हो गई। इसीलिए होलिका दहन मनाया जाता है। होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का तथा ईश्वर के प्रति निष्ठा और विश्वास का प्रतीक है। इस दिन नई अनाज की गेहूं की बालियों को गन्ने के साथ भूनकर अग्नि को समर्पित किया जाता है तथा घरों में मिष्ठान बनाए जाते हैं सभी वर्णों के लोग मिलजुल कर प्रेम पूर्वक होली का त्यौहार मनाते हैं। कमलेश वर्मा, नमीता वर्मा, नीलम वर्मा, सुमन वर्मा, उमा वर्मा, रचना शर्मा तथा अन्य महिलाओं ने भी होली के मनमोहक भजनों का गायन किया। इस अवसर पर दीपमाला वर्मा, स्वाति वर्मा, चाहत वर्मा, नीलम वर्मा, कमलेश् वर्मा, सुमन वर्मा, कंचन वर्मा, नेहा वर्मा, ज्योति वर्मा, तनु वर्मा, नमीता वर्मा, ममता वर्मा, शशि वर्मा, अनीता वर्मा, मंजू वर्मा, उमा वर्मा, पूनम वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, उर्मिला वर्मा, रचना शर्मा, सुरभि शर्मा, रेनू तोमर, मीनू आर्य, सीमा सिन्हा, सुधा विश्नोई, सोमवती, प्रेमवती, सरोज शर्मा तथा अन्य महिलाएं उपस्थित रही। अंत में प्रसाद वित. रित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एसबीडी में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम



**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा अभियान तथा जीरो फैटेलिटी समाधान के सन्दर्भ में 'राह वीर योजना' के बारे में छात्रओं को अवगत कराया गया एवं साथ ही छात्रओं को प्रोत्साहित किया गया कि कैसे वो सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान गोल्डन ऑवर में उसे समय से अस्पताल ले जाकर बचा सकते है। छात्रओं को 'राह वीर योजना' का प्रचार-प्रसार अपने पडोस एवं परिजनों में करने को कहा गया। कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब की नोडल अधिकारी असि. प्रो. कु. रितु देवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 30 छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में कु. काजल सिसौदिया का सहयोग रहा।

### एक नजर

## काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध



**धामपुर।** कन्या इन्टर कालेज में कैशलेस सुविधा से संबंधित शासनादेश जारी होने तक सांकेतिक विरोध हाथों में काली पट्टी बांधकर शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में कार्य करते हुए विरोध प्रकट करते रहेंगे। कर्मचारियों में यशवीर सिंह, लाल सिंह, सुमित शर्मा, आर्यन राजपूत (लिपिक), दिनेश कुमार, राकेश कुमार, सुनिता, रूबी, ललित कुमार, सचिन कुमार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आदि शामिल रहे।

## रमजान इबादत का महीना : कारी नईम अहमद

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम सिकरोड़ा निवासी कारी नईम अहमद ने कहा कि रमजान का महीना इबादत का महीना है। इस महीने में हर मुसलमान को नमाज व सदका करना चाहिए। तराबीह की नमाज जरूर पढ़े। रमजानुल मुबारक का रोजा इस्लाम के अरकान में से एक अहम अरकान है, जिसके बगैर आदमी अधूरा मुसलमान है। रमजान का रोजा हर मुसलमान आकिल बालिग, मर्द, औरते पर जिसमें रोजा रखने की ताकत हो फर्ज है। जब तक कोई ऊर्ज ना हो तो रोजा छोड़ना दुरुस्त नहीं और अगर रोजा के मन्नत नजर करे, तो रोजा फर्ज हो जाता है। कजा व कुफ्फारे के रोजे भी फर्ज है। इसके अलावा वह सब रोजे नफ्फिल है जिन्हें रखे तो सवाब न रखे तो कोई गुनाह नहीं है। रोजे की इब्तिदा आदम अलैहिस्सलाम के जमाने से ही हो गई थी। नबी करीम ने नबूवत मिलने के बाद तीन साल तक मक्का मौजजमा ही में लोगों को खुदाए पाक का हुक्म सुनाते व तब्लीग करते रहे फिर मक्का मुजमा से हिजरत फरमाने के बाद अब आप मदीने तशरीफ लाए तो वहां पर अहक. ामात आने शुरू हुए। उन्हीं में से एक हुक्म रोजे का भी था जो हर मुसलमान पर रोजा रखना फर्ज है।

## फ्री बल्ब देने के बहाने बैंक खाते कर रहे खाली

**हीमपुर दीपा।** पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह के नेतृत्व में पुलिस सोशल मीडिया व्हाट्सएप और फेसबुक ग्रुपों में मैसेज भेज कर लोगों को अवगत करा रही है कि कुछ लोग सस्ते फ्री एलईडी बल्ब देने के बहाने लोगों का आधार कार्ड और दस रुपए लेकर डिवाइस पर फिंगरप्रिंट लगवा रहे है। जिससे लोगों का बैंक खाता शून्य हो जा है। इन सब बातों को मद्देनजर रखते हुए कम समय में ज्यादा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस ने सोशल मीडिया ग्रुपों पर मैसेज छोड़ते हुए ऐसे किसी भी व्यक्ति के झांसे में न आने की अपील की है।

## भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम लालपुर में स्थित डंडे वाले बाबा के स्थान पर रामायण पाठ और हवन पूजन के बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। लालपुर निवासी शर्मा परिवार द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी परिवार की सुख-शांति के लिए इस भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में परिवार के सदस्यों और ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शर्मा परिवार ने बताया कि डंडे वाले बाबा के स्थान पर यह हवन और भंडारा हर साल आयोजित होता है। इसका उद्देश्य भगवान से परिवार और ग्राम की सुख-समृद्धि की कामना करना है। इस अवसर पर आयोजित पूजा में अमरीश शर्मा, अर्जुन शर्मा, बबलू शर्मा, अभिमन्यु शर्मा, रोहित शर्मा सहित समस्त शर्मा परिवार के सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पान मसाला के बढ़े दामों से हड़कंप




**स्योहारा।** नगर में इन दिनों गुटखा पान मसाला और सिगरेट के दामों में अचानक हुई बढ़ोतरी को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। खासकर दिलबाग गुटखा समेत कई ब्रांडों के दामों में एकाएक बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। आम लोगों का कहना है कि बिना किसी आधिकारिक घोषणा के रेट बढ़ा दिए गए हैं, जिससे रोजमर्रा खर्च पर असर पड़ रहा है। छोटे दुकानदारों का कहना है कि उन्हें माल महंगे दामों पर मिल रहा है। इसलिए मजबूरी में खुदरा मूल्य बढ़ाना पड़ रहा है। वहीं कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि कुछ थोक व्यापारी और जमाखोर कमी दिखाकर अधिक मुनाफा कमाने की कोशिश कर रहे हैं। बाजार में अलग-अलग दुकानों पर अलग-अलग दाम वसूले जाने की भी शिकायतें सामने आ रही हैं। नगर के पान विक्रेताओं का कहना है कि कंपनियों की ओर से सप्लाई कम आने और ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इस बारे में कोई स्पष्ट सूचना उपलब्ध नहीं है। अचानक बढ़े दामों से छोटे दुकानदार भी असमंजस में हैं। क्योंकि ग्राहकों के साथ कहासुनी की स्थिति बन रही है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मामले की जांच कराने और निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक वसूली पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि वाकई कंपनी स्तर पर रेट बढ़े हैं तो उसकी आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक की जाए, अन्यथा जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। फिलहाल नगर में बढ़े दामों को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# मॉडर्न एरा में क्लास शो का आयोजन




## छात्र-छात्राओं ने दिखाया टैलेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के valley of flowers विंग में क्लास शो का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा बालवाटिका- 1 के समस्त छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना एवं उनको खुद के टैलेंट से रूबरू कराना था।

कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए इन कक्षाओं के समस्त अभिभावकों को आमंत्रित किया गया और अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अपना पूरा सहयोग किया। सबसे पहले विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने सभी अभिभावकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। फिर कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर प्रिंसिपल ने अभिभावको के साथ दीप प्रज्वलन करके की। उसके बाद ग्रुप सांग, ग्रुप डांस आज है संडे, योगा, फैंसी ड्रेस- अवर हेल्पर्स, कविता बिजली बचाओ, कविता घड़ी, कहानी प्यासा कौवा, टग ऑफ वार, डांस इत्ती सी हँसी, नंबर एक्टिविटी, सोलो सॉन्ग अहा टमाटर, इंग्लिश पोयम ट्रैफिक लाइट, पोयम वाटर, सोलो डांस परीलोक से आई, स्केटिंग, कलर रिकॉग्निशन ट्रेन, बैंड टीम का प्रदर्शन इंग्लिश स्टोरी ग्रीडी फॉक्स, ग्रुप डांस फिर भी दिल है हिंदुस्तानी और ताइक्वांडो आदि जोरदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चे अपने भीतर छुपी हुई प्रतिभा को पहचान पाएंगे और अपनी प्रतिभा के बल पर अपने माता पिता और अपने विद्यालय का ही नहीं अपितु अपने जिले और देश का नाम भी रोशन करेंगे। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की खूब सराहना की और डायरेक्टर प्रिंसिपल मैम को कार्यक्रम के लिए बहुत-बहुत बधाई दी और उनसे अनुरोध किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय द्वारा किया जाना चाहिए, जिससे छोटे बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा का आकलन किया जा सके व वे उसी क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

समस्त कार्यक्रम विंग कोऑर्डिनेटर रेनू भगत की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीनाक्षी शर्मा, शालिनी तुली, रेनू सिंह, हबीबा खान, कविता गोस्वामी, प्रियंका, सुमिता, नीलम, सुचेता तोमर, गीता खन्ना, अंशिका, रानी ठाकुर, श्वेता शर्मा, पारुल, सोनम, निधि, महिमा, संजना, दीक्षा, फरहीन का पूर्ण सहयोग रहा।

## शुगर मिल में मेडिकल कैंप का आयोजन



**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल में आज सिद्ध हॉस्पिटल, मुरादाबाद के सहयोग से एक नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 104 श्रमिकों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की गई, तथा उनकी बीमारियों के अनुसार निशुल्क दवाइयां सिद्ध अस्पताल, मुरादाबाद के डॉक्टर्स की टीम के द्वारा दिया गया। मेडिकल कैंप का उद्घाटन धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सिद्ध हॉस्पिटल, मुरादाबाद के वरिष्ठ डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ. सुमित खत्री, डॉ. मौहम्मद इमरान और डॉ. नेहा चंद्रा उपस्थित थे। डॉक्टरों की टीम ने ब्लड प्रेशर, लिपिड प्रोफाइल, एक्स-रे, न्यूरो केसेज, हड्डी संबंधित तथा महिलाओं से संबंधित बीमारियों, ईसीजी जैसी जांचें कीं और नि:शुल्क दवाईयां प्रदान कीं। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल की डिस्पेंसरी की टीम - सहायक मेडिकल ऑफिसर कमल सिंह पवार, राजेंद्र सिंह विजय कुमार, कविता रानी ने सहयोग किया। मेडिकल कैंप के दौरान धामपुर शुगर मिल के श्रमिकों, कर्मचारियों की ओर से विवेक सिंह यादव, अजय पांडेय, विनोद सिंह राणा, दिल्ली ऑफिस से आये श्याम सुंदर शर्मा, शरद गहलोत, संजय अग्रवाल, अंकित, विशेष शर्मा, आदि उपस्थित थे। मेडिकल कैंप का को-ऑर्डिनेशन विजय कुमार गुप्ता ने किया।

## एमबीए प्रथम सेमेस्टर में वंशिका चौहान प्रथम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन के एमबीए प्रथम सेमेस्टर (प्रथम वर्ष) का परीक्षाफल डा. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा जारी किया गया।

परिणाम में संस्थान के विधार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। जिसमें छात्रा वंशिका चौहान पुत्री ओमपाल सिंह को 78.3 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए और इंस्टीट्यूट में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। छात्रा सृष्टि अग्रवाल पुत्री हितेन्द्र अग्रवाल 77. 3 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहीं एवं छात्रा खुशी पुत्री राकेश कुमार 76.3 प्रतिशत अंक एवं मिस्बा वली पुत्री अब्दुल वली 76.3 प्रतिशत अंक ने संयुक्त रूप से प्रतीय स्थान पर रहीं। संस्था की चेयरपर्सन डा० नीलम अग्रवाल ने बताया कि विधार्थियों की यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य डा. दुष्यंत जैन, विभागाध्यक्ष बृजनेश सिसौदिया, डा. एकता मलिक, कोर्डिनेटर नाजिश, निधि चौहान, डा. सगीर अहमद, राजेश कुमार, नमन कौशिक, मंशा अग्रवाल आदि ने विद्यार्थियों को शुभकामनॉए दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बसपा नेता शेख मौहम्मद जैद की वालिदा का इंतकाल



## शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का लगा तांता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** युवा बसपा नेता शेख मौहम्मद जैद की वालिदा का लम्बी बीमारी के बाद दिल्ली के एक अस्पताल में इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर सुनते ही उनके निवास स्थान पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। उनकी नमाज ए जनाजा बाद नमाज ए जोहर अदा की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला मियाजी मौखा निवासी वरिष्ठ बसपा नेता मरहूम अब्दुल समी की पत्नी व युवा बसपा नेता शेख मौहम्मद जैद, शान मौहम्मद एड., शेख मौहम्मद उवैश की वालिदा शमा मजहर (62 वर्ष) का लम्बी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। उन्होंने कल शाम साढ़े छह बजे दिल्ली के अस्पताल में अन्तिम सांस ली। आज बाद नमाज ए जोहर नगर की जामा मस्जिद के जनाजा गाह में उनकी नमाज-ए-जनाजा मौलाना नईम ने अदा कराई।

उसके बाद उन्हें अब्दुल रज्जाक स्कूल के समीप कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनकी नमाज जनाजा में भारी संख्या में लोगों ने शिरकत की। शेख मौहम्मद जैद लगातार दिल्ली में ही रहकर अपनी वालिदा का इलाज करा रहे थे। शमा मजहर दीनदार नमाजी और मिलनसार महिला थीं। नगर की महिलाओं ने भारी संख्या में मरहूमा की अयादत के लिए पहुंचकर दुआ ए मगफिरत की।

मरहूमा की नमाज ए जनाजा में मुख्य रूप से जियाउर्रहमान बर्क सांसद संभल, पूर्व विधायक शेख सुलेमान, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी, शेख कमरूल इस्लाम पूर्व चेयरमैन शेरकोट, शेख इरशाद हुसैन, मौहम्मद अरशद पैगाम वाले, पूर्व चेयरमैन साहनपुर, मुमताज अंसारी, सनी एड. पुत्र पूर्व चेयरमैन स्योहारा, सलमान कुरैशी पूर्व सपा जिलाध्यक्ष, नईम अहमद एड., हरिश्चंद्र कर्णधार, अकबर अहमद डंपी झालू, जमील अहमद प्रधान मौहम्मदपुर मण्डावली, फैजान मेडीकल वाले, मुफ्ती रियाजुद्दीन, जहीर खान एड., इमरान असगर एड., शेख मौहम्मद फैज, सूफी अब्दुल कदीर, मौहम्मद यासर एड., इस्माइल तुर्क, सुरुश अनवर एड., रिजवान हसन सभासद, अहमद हसन कुरैशी आदि ने भारी संख्या में शिरकत की।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर





सम्भल- सीएचसी में लापरवाही से प्रसूता की मौत पर जानकारी लेते सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी।

# शंकराचार्य के समर्थन में खड़े हुए कांग्रेसी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शंकराचार्य और उनके शिष्यों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में कथित आरोपी बनाए जाने के मामले में सियासत गरमा गयी है। सपा मुखिया के खुले तौर पर शंकराचार्य के समर्थन और कथित आरोपों पर रोष व्यक्त करने के साथ कांग्रेस भी खुलकर सामने आ गयी है। कांग्रेसियों ने शंकराचार्य और उनके शिष्यों के खिलाफ कथित पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करने का विरोध किया और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

**0 जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं ने डीएम को पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन**

**0 राजनीतिक दबाव में धर्म व उनके शिष्यों पर पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज करने का आरोप**

**0 निष्पक्ष पारदर्शी जांच कराने और मामला गलत साबित होने पर झूठी एफआईआर कराने वालों पर भी कार्रवाई की मांग**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने विरोध शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्यों के विरूद्व दर्ज करायी गयी रिपोर्ट पर रोष प्रकट किया। प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कहा कि प्रयागराज में शंकराचार्य जी के खिलाफ जिस तरह से पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है, वह बेहद गंभीर और चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि न केवल शंकराचार्य बल्कि उनके शिष्यों के खिलाफ भी अनावश्यक एफआईआर दर्ज कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। यह पूरी कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की जा रही है, जो लोकतंत्र और कानून के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी भी धर्मगुरु या नागरिक के साथ अन्याय को बर्दाशत नहीं करेगी। सरकार अपने राजनीतिक एजेंडे के तहत विरोध की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून का इस्तेमाल किसी को डराने या बदनाम करने के लिए नहीं होना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाने और जिन लोगों ने झूठी एफआईआर दर्ज करवाई है, यदि जांच में वे दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा ज्ञापन में कहा गया कि धार्मिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार हैं, जिनका उल्लंघन किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। इसे पूर्व कार्यकर्ताओं और नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और निष्पक्ष न्याय की मांग दोहराई। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में जल्द न्याय नहीं मिला तो पार्टी आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रहेगा।



सम्भल। शंकराचार्य पर रिपोर्ट दर्ज करने के विरोध में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष।

# सीएचसी में लापरवाही से प्रसूता और बच्चे की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सुरक्षित प्रसव के नाम पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव को लायी गई प्रसूता लापरवाही का शिकार हो गयी। बिना चिकित्सका और स्टाफ नर्स से कराये जा रहे प्रसव के चलते प्रसूता की मौत हो गयी। मौत से अस्पताल में हंगामा हो गया। परिजन बिना किसी कार्रवाई के शव को अपने घर ले गए।

हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बराही निवासी गुलशन पत्नी मतीन चौथी बार गर्भवती थी। पति और परिवार के अन्य सदस्य उसे सुरक्षित प्रसव कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए। गांव की आशा ममता के साथ उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची। आरोप है कि अस्पताल में कोई चिकित्सका नहीं थी बल्कि स्टाफ नर्स प्रसव करा रही थी।

**0बिन चिकित्सका स्टाफ नर्स कराती है प्रसव**

सुबह 12 बजे प्रसूता को अस्पताल लाया गया था। लेकिन स्टाफ नर्स ही प्रसव कराती रही। महिला चिकित्सका के अभाव में प्रसूता की हालत बिगड़ती गई लेकिन उसे रैफर नहीं किया गया। आरोप है कि प्रसूता के तीमारदारों से 3500 रूपये ले लिये गए और उसका प्रसव कराने का प्रयास स्टाफ नर्स द्वारा किया जाता रहा। परिजनों का आरोप है कि प्रसूता का प्रसव नहीं हो सका। उसका पेट में ही बच्चा मर गया। कुछ देर बाद प्रसूता की भी मौत हो गयी। मौत से परिजनों में हड़कम्प मच गया और अस्पताल के स्टाफ व स्टाफ नर्स पर रूपये लेकर लापरवाही बरतने से प्रसूता की मौत पर हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना पाकर सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी भी पहुंच गए। जबकि पुलिस भी आ गयी। मामले की डीएम को भी जानकारी दी गई। परिजनों ने पीएम कराने से इंकार कर दिया और शव को अपेन साथ ले गए। प्रभारी चिकित्साधीक्षक अवकाश पर थे।

## तो फिर स्टाफ नर्स से क्यों कराए जा रहे हैं प्रसव

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कहावत है औरों को नसीहत और स्वयं की करायी जाती है फजीहत। कहने का तात्पर्य यह है कि स्वास्थ्य विभाग बिन डिग्री के चिकित्सीय कार्य करने वालों को झोलाछाप बताकर कानूनी शिकंजा कसा जाता है लेकिन सरकारी अस्पतालों में बिना महिना चिकित्सका के ही प्रसव कार्य स्टाफ नर्सों से कराया जाता है। जबकि बिना महिला चिकित्सका के कई प्रसूताओं की जान पर बन चुकी है लेकिन सुरक्षित प्रसव के लिए सरकारी अस्पतालों में स्टाफ नर्सों से प्रसव कराये जा रहे है।

## हरिबाबा धाम पर हुई बच्चों की एक्सपोजर विजिट

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** बच्चों का एक्सपोजर विजिट हरि बाबा बांध पर हुई। गुन्नौर के विकासखंड में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत एक एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इसमें विकास क्षेत्र के सभी परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गुन्नौर से शैक्षिक भ्रमण के लिए हरि बाबा बांध रवाना किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा भी मौजूद रहीं। हरि बाबा बांध पहुंचने पर छात्र-छात्राओं ने हरि बाबा के दर्शन किए। वहां उपस्थित संतों ने विद्यार्थियों को बांध और स्थल के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। भ्रमण के दौरान बच्चों ने शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ मनोरंजक खेलों का भी लुत्फ उठाया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने बच्चों से बातचीत कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर सुभाष चंद्र आदि मौजूद रहे।

# जिले को मिली 33/11 की एक बड़ी सौगात

**0कमालपुर में नवनिर्मित विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत योजना बिजनेस प्लान के तहत जनपद में 606.61 लाख की लागत से निर्मित होने वाले नवनिर्मित 33/11 केवी 2×5 एम. वी. ए की बड़ी सौगात मिल गई है। विद्युत उपकेंद्र का प्रदेश सरकार में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार व जिले के प्रभारी मंत्री ने बटन दबाकर फीडर चालू कराया।

बहजोई विकास खंड केग्राम कमालपुर स्थितनवनिर्मित 33/11 के वी ए के विद्युत उपकेन्द्र के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्र/राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, पूर्व एम एल सी परमेश्वर लाल सैनी तथा पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खडगवंशी तथा पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मंजू दिलेर रहीं। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति और विशिष्ट अतिथि ने विद्युत उपकेंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रभारी मंत्री एवं विशिष्ट अतिथियों ने यार्ड का अवलोकन किया। अधीक्षण अभियंता विद्युत हिमांशु वार्ष्णेय ने विद्युत उपकेंद्र के बारे में जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने बटन दबाकर फीडर चालू कर विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण किया। जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति का एक पुष्प एवं पुस्तक देकर स्वागत सम्मान किया तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट द्वारा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू का एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर स्वागत सम्मान किया। अन्य अतिथियों का भी स्वागत सम्मान किया गया। अधीक्षण अभियंता हिमांशु वार्ष्णेय ने बताया कि योजना बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत 606. 61 लाख से निर्मित होने वाले नवनिर्मित 33/11 केवी 2×5 एम. वी. ए विद्युत उप केन्द्र कमालपुर विद्युत वितरण केंद्र चंदौसी से बहजोई विकास खण्ड के लगभग 20 गाँव जोड़े गये हैं। लगभग 4000 उपभोक्ताओं को इससे लाभ मिलेगा। इसके साथ विद्युत आपूर्ति में राहत मिलेगी तथा 5-5 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगे हैं इससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से विद्युत उपभोक्ताओं को फायदा होगा। ओमवीर सिंह खडगवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के साथ हमारी सरकार कार्य कर रही है। इस नवनिर्मित विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े ग्राम के लोगों को फायदा होगा। हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के सबके हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि इससे विद्युत लोड़ कम होगा तथा आपको भरपूर बिजली प्राप्त होगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि विद्युत केंद्र बनने से इस क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा काम हुआ है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार योगी जी के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कें, विद्युत, पानी आदि के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता को हर चिंता से मुक्त किया है। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्युत उपकेन्द्र बनने से सबको फायदा होगा उन्होंने विद्युत सखी के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष,अधीक्षण अभियंता विद्युत हिमांशु वार्ष्णेय, अधिशासी अभियंता विद्युत चंदौसी दिनेश कुमार,एसडीओ अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।



सम्भल- नवनिर्मित विद्युत उपकेन्द्र का बटन दबाकर चालू करते राज्यमंत्री धर्मवीर।

## लाखों खर्च के बाद भी जल भराव की समस्या नहीं हो रही दूर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** दो वार्डों की जनता और शहर व ग्रामीण अंचलो से आने वाले लोगों के आवागमन का सुचारू रास्ते में जल भराव की समस्या दूर नहीं हो पा रही है जबकि इसे रोकने के लिए लाखों खर्च का नाला निर्माण कराया जा चुका है। नखासा से रूकनुददीन सराय को जाने वाले मार्ग से देहली दरवाजा और हसनपुर मार्ग को जाता है। रेतला तालाब के निकट इस मार्ग पर जल भराव की समस्या दूर नहीं हो पा रही है जबकि कई चेयरमैन जल भराव की समस्या दूर कराने को कई तरह के कार्य करा चुके है। वर्तमान चेयरमैन की ओर से भी दोनों ओर नाले का निर्माण कराया गया। लाखों खर्च करने के बाद भी जल भराव की समस्या दूर नहीं हो पा रही है। कुछ हिस्से में पानी भरा रहने से रासता बंद हो जाता है। जबकि अंजाने में उधर से निकलने का प्रयास करने वालों को दोबारा वापस लोटने को मजबूर होना पड़ता है। लेकिन खाखें खर्च कर नाला निर्माण कराने के बाद भी समस्या ज्यों के त्यों बनी हुई है।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-आवारा कुत्तों के झुड को देख सहमा बच्चा स्कूल जाने से रूका खड़ा।

## आवारा कुत्ते स्कूली बच्चों को खतरा

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** कस्बे में आवारा कुत्तों की संख्या अब स्कूली छात्र-छात्राओं विशेषकर कम उम्र वालों के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है। जो कभी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है।

शाह टाइम्स ने एक ऐंसे दृश्य को कैमरे में कैद किया है जहां एक कम उम्र स्कूली छात्र का सकूल जाते समय रास्ते में आवारा कुत्तों से सामना हो जाता है। डर से घबराया हुआ बच्चा कुत्तों को देखकर कुछ दूरी पर ही रूक जाता है। तभी एक राहगीरर फुरकान सेफी सब देखकर कुत्तों को भगाकर छात्र को स्कूल की तरफ सकुशल पहुंचा देंता है। कस्बे के चौराहों, गलियों में घमने वाले आवारा कुत्ते अब सम्भल-मुरादाबाद जैसे मुख्य मार्गों पर भी झुंड बनाकर घूमते रहते हैं। यह मामला बिलारी तिराहे से इस मार्ग पर स्कूल जाने वाले छात्र का है। नगर पंचायत प्रशासन को चाहिए कि किसी अप्रिय घटना से पहले आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए प्रभावी कार्रवाई करे।



सम्भल- होली मिलन समारोह में एक दूसरे को रंगो से सरबोर करती महिलाए।

## होली मिलन समारोह में रंगो से किया सराबोर

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** महिला शक्ति संगठन की महिलाओं ने होली मिलन समारोह में महिलाओ ने होली के गीतों पर थिरककर एक दूसरे को रंगों से सराबोर कर दिया।

कन्या इंटर कालेज में आयोजित होली मिलन समारोह में संगठन की सभी महिलाओं ने एक दूसरे को रंग लगाया व गले मिलकर सभी को होली अग्रिम शुभकामनाएं देकर मिष्ठान का वितरण किया। कार्यक्रम की व्यवस्था समिति की कोषध्यक्ष कविता गुप्ताऔर अध्यक्षता दीपा बाष्णेय ने की। इस मौके पर रिचा वार्ष्णेय, उषा आर्य, कविता गुप्ता, अंजना गुप्ता, मधू बाष्णेय, नीलम बाष्णेय, शशि बाष्णेय ,शशि गंभीर, कुसुम लता आर्य, निशी रानी, छाया वार्ष्णेय, ममता, विनीता, प्रीति प्रतीक आदि वहीं ,वहीं दीपा बाष्णेय ने सभी देशवासियों को होली की शुभकामनाएँ दी, और कहा कि कैमिकल वाले रंगों का उपयोग न करें। रंग और गुलाल से आपस में प्रेम से होली खेले

# चार बच्चों की मां प्रेमी के साथ फुर्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी चार बच्चों की मां दो बच्चे और पति को छोड़कर भागवत कथा में चिमटा बजाने वाले प्रेमी के साथ चली गई। पुलिस ने उसको बरामद कर एसडीएम कोर्ट के समक्ष पेश किया।

बबराला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के पति ने बताया कि उसकी शादी 11 वर्ष पूर्व बनियाठेर थाने के गांव मझावली निवासी महिला से हुई थी। जबकि उसके चार बच्चे हैं। उसकी पत्नी अपने मायके में भागवत कथा सुनने गई थी। जहां भागवत कथा में चिमटा बजाने वाले जिला रामपुर के शाहाबाद के गांव कीमगंज निवासी व्यक्ति से संपर्क हो गया

**0दो बच्चे पति पर दो अपने साथ ले गई महिला**

और वह 10 फरवरी को घर से चली गई। उसने उसकी गुमशुदगी की सूचना बबराला थाना में दर्ज कराई। बबराला पुलिस ने दबिश देकर महिला को बरामद कर लिया और एसडीएम कोर्ट में प्रस्तुत किया। एसडीएम कोर्ट में महिला ने कहा कि में अपनी मर्जी से गई थी और अपने प्रेमी के साथ रहना चाहती हूं। वह अपने साथ दो छोटे बच्चों को लेकर प्रेमी के साथ चली गयी। जबकि दो बच्चे पति के पास छोड़ गई। न्यायालय के आदेश के बाद प्रशासन ने आवश्यक कार्यवाही कर दी।

## कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन तरीन कैम्पस में किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर बैठक का आयोजन तरीन कैम्पस पर कल आज अपराह्न 12. बजे होगा। कांग्रेस कमेटी की यह महत्वपूर्ण बैठक में सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव मुख्य अतिथि होंगे। बैठक में जिला एवं शहर कांग्रेस के सभी वरिष्ठ एवं सम्मानित साथियों के साथ ही पार्टी के सभी आनुषंगिक संगठनों के सम्मानित साथी भी शामिल होंगे। बैठक में सभी कांग्रेसियों से शामिल होने का आहवान किया है।

**★शाह टाइम्स★**
**खबरे छुपाता नही, छापता है।**

# मुर्गा मांस व परचून दुकान पर हो रहा था गैस रिफलिंग का धंधा

**0नगर मजिस्ट्रेट के छापे में हुआ भंडाफोड़, मौके से उपकरण और 15 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अवैध अस्पतालों व क्लीनिकों और अल्ट्रा साउंड सेंटरों पर छापामार और सील कार्रवाई के बाद नगर मजिस्ट्रेट ने अवैध गैस रिफलिंग कार्य का भंडाफोड़ किया है। नगर मजिस्ट्र के छापे में मुगा मांस दुकान के साथ अवैध रूप से गैस रिफलिंग की जा रही थी। मौके पर घरेलू गैस सिलेंडडर और उपकरण बरामद हुए।

बुधवार को सूचना पर नगर मजिस्ट्रेट ने ग्राम-चिमयावली स्थित सुबहान अली पुत्र पप्पू निवासी की दुकान पर छापा मारा। आरोपी अवैध रूप से संचालित गैस रिफलिंग के कार्य का धंधा कर रहा था। जबकि मौके पर सुबहान अली द्वारा एक परचून के दुकान के साथ ही गैस रिफलिंग एवं मुर्गा मीट शॉप का संचालन कर रहा था। छापे में नगर मजिस्ट्रेट ने मौके पर 15 घरेलू गैस सिलेण्डर, दो छोटे सिलेण्डर तथा गैस रिफलिंग के उपकरण बरामद किए। सुबहान अली से पूछताछ में गैस रिफलिंग के मामले मे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया।जिस पर अवैध रूप से गैस रिफलिंग का कार्य पाये जाने के कारण पूर्ति निरीक्षक, सम्भल को मौके पर बुलाया गया। अंकित कुमार अवस्थी एवं ललित कुमार पूर्ति निरीक्षक, ने आरोपी के विरूद्व आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।



सम्भल। मांस दुकान की आड़ में गैस रिफलिंग का भंडाफोड़ कर जानकारी लेते नगर मजिस्ट्रेट।

# क्षमता संवर्धन को किया गया प्रशिक्षित

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** कम्युनिटी लेड डिसेंट्रलिसेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एंव मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत क्षमता संवर्धन को प्रशिक्षण दिया गया।

नगर पंचायत बबराला एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वाधान में नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवधन वार्ष्णेय व अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी के नेतृत्व में विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं मिशन कर्मयोगी क्षमता संवधन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मिशन कर्मयोगी के मुख्य बिंदु पोर्टल के माध्यम से डिजिटल लर्निंग सेवा गुणवत्ता और कार्य दक्षता बढ़ाने पर जोर, प्रशिक्षण के बाद प्रभाव आकलन और सीखने की योजना आदि विषय पर चर्चा की गई। आईटीसी के कार्डिनेटर करन सिंह ने चार डस्टबिन की आदत स्वच्छ वार्ड की ताकत को बताया। जिसमें स्रोत पर कचरा पृथक्करण डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण और व्यवहार परिवर्तन, जन जागरूकता जन भागीदारी होम/कम्युनिटी कंपोस्टिंग, एमआरएफ संचालन अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति सदस्यों व सफाई मित्रों को उत्कर्ष कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति सदस्यों, सफाई नायक, और सफाई मित्र उपस्थित रहे।



सम्भल- नगर पंचायत बबराला में प्रशिक्षण देते।

# मजदूर का हत्यारोपी गिरफ्तार कर भेजा जेल

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** थाना जुनावई पुलिस ने एक मजदूर की हत्या के आरोपी राजबहादुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने बीएसएनएल की पाइपलाइन डालते समय एक मजदूर की फावड़े से हत्या कर दी थी।

यह घटना महिलाओं को देखने पर आपत्ति जताने और जाति पूछने के बाद हुई। यह पूरा मामला तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव मिठनपुर का है। जहाँ 20 फरवरी 2026 की दोपहर लगभग 1 बजे जेएमडी ग्वालियर द्वारा बीएसएनएल की फाइबर लाइन डालने का काम चल रहा था। काम बंद कर मजदूर खाना खाने के लिए एक पेड़ के नीचे बैठे थे। इसी दौरान ओमकार पासी (28 वर्ष) पुत्र शंभू निवासी मिश्र जमदरी थाना ईसानगर जनपद लखीमपुर खीरी खाना खा रहा था। राजबहादुर यादव (39वर्ष) पुत्र रामप्रसाद निवासी अटा थाना दादो जनपद अलीगढ़ ने ओमकार पासी पर

**0महिलाओं को देखने पर फावड़े से कर दी थी हत्या**

महिलाओं को देखने का आरोप लगाते हुए आपत्ति जताई जब ओमकार ने इसका विरोध किया तो राजबहादुर ने उसकी जाति पूछी और यह कहते हुए कि तुमने हमारा काम छीन लिया है। पास रखे फावड़े से ओमकार के सिर पर कई वार कर दिए। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई मजदूर की मौत से गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान, गुन्नौर सीओ आलोक सिद्व और एएसपी कलदीप सिंह गांव मिठनपुर पहुंचे थे। घटनास्थल से फोरेंसिक टीम ने आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए थे। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि मृतक के भाई मदन मोहन की शिकायत पर आरोपी राजबहादुर के खिलाफ धारा 105/352 बीएनएस और 3 (2) (वी) एससी-एसटी के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि 20 फरवरी को हुई। घटना की रिपोर्ट 23 फरवरी को दर्ज कराई गई थी। ठेकेदार ने बताया कि उनके मजदूर बीएसएनएल की पाइपलाइन डालने का काम कर रहे थे। जब मजदूर खाना खा रहे थे तभी व्यक्ति ने पीछे से फावड़ा मार दिया। जिससे ओमकार की मौके पर ही मृत्य हो गई।

## बच्चों को योग का दिया प्रशिक्षण

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** शक्ति सेवा पथ फाउंडेशन ने जूनियर हाई स्कूल के बच्चों को दूसरे दिन योग का प्रशिक्षण दिया। मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित श्री सनातन धर्म विद्यालय जूनियर हाई स्कूल में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत सुबह बच्चों को योग का प्रशिक्षण देकर बताया कि योगा हमारे स्वास्थ्य के लिए अमृत है। इस दौरान योगा के लाभों की भी जानकारी दी एवं ओम का उच्चारण जीवन में उतारने के लिए कहा। फाउंडेशन की अध्यक्ष नीरू चाहल के इस सामाजिक सेवाकार्य में स्कूल के प्रधानाचार्य एवं पूरे स्टाफ नं अच्छा सहयोग किया। सभी बच्चों ने ओम तथा गायत्री मंत्रों का 108 बार उच्चारण किया।

## सामान ढो रही ई-रिक्शाओं का चालान

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के निर्देशन में प्रभारी यातायात दुष्यंत बालियान नें चंदौसी बहजोई रोड पर हाईवे पर ई रिक्शा का की जांच की। नियमों का उल्लंघन और सामान ढोने वाली ई रिक्शा के चालान किए गए। दोपहिया वाहन पर बिना हेलमेट ओर तीन सवारी से चलने वाले वाहनों के चालान किए गए। जबकि दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने को जागरूक किया।

### खोया पाया

मेरे मकान की रजिस्ट्री मकान नम्बर 535/536 वास्तव में कहीं गुम हो गयी है।

**हसन ज़ाकिर व मौहम्मद ज़ाकिर**
**पुत्रगण मौहम्मद काज़मैन**
मौहल्ला-चौधरियान कस्बा सिरसी, जिला सम्भल।
मोबाइल नम्बर 9897863987

# मस्जिद में हुई जमकर मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, दोनों पक्षों ने दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मुगलपुरा क्षेत्र स्थित पीरगैब चौकी इलाके की शिया वाली मस्जिद में नमाज के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया। बताया जा रहा है कि विवाद अजान की टाइमिंग को लेकर शुरू हुआ, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गया।जानकारी के अनुसार, बीती 20 फरवरी को मस्जिद में नमाज के समय अजान के वक्त को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोगों ने मस्जिद परिसर के अंदर ही एक-दूसरे पर बेल्टों से हमला कर दिया। इस दौरान



अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहां मौजूद अन्य नमाजियों ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना मुगलपुरा में तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि मामला 20 फरवरी का है, जिसमें अजान की टाइमिंग को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है और विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मझोला थाना क्षेत्र में महिला नन्ही की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र स्थित समृद्धि विहार कॉलोनी में प्लॉट की चौकीदारी कर रही बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस सनसनीखेज वारदात से इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया था। घटना के बाद से ही पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही थीं।पुलिस के अनुसार 23 फरवरी की रात समृद्धि विहार कॉलोनी में एक प्लॉट के पास अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि बुजुर्ग महिला खून से लथपथ जमीन पर पड़ी थीं। गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो



चुकी थी। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।सूचना मिलते ही मझोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पैसों के लेन-देन का विवाद सामने आया है। मृतका के रिश्ते में ही एक व्यक्ति आर्थिक विवाद को लेकर लंबे समय से नाराज चल रहा था। इसी रंजिश के चलते उसने साथियों के साथ मिलकर वारदात की साजिश रची। मुख्य आरोपी 'बिट्टू' बताया जा रहा है, जिसने प्लॉटिंग और पैसों के विवाद के चलते महिला को निशाना बनाया।पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें एक युवक डी-फार्मा का छात्र है, जबकि अन्य छोटे-मोटे काम करते हैं।

सभी आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराकर उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि अन्य संभावित आरो. पियों की तलाश जारी है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

# टीएमयू की मोबाइल डेंटल वैन ने सामाजिक सरोकार को बढ़ाए हाथ

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की अति आधुनिक वैन ने वैदिक वानप्रस्थ आश्रम में पहुंचकर किया वृद्धों के दांतों का परीक्षण









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद, के तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर का भी सामा. जिक सरोकार से गहरा नाता है। न केवल डेंटल कॉलेज कैंपस में समय-समय पर कैंप लगाता है, बल्कि अति आधुनिक मोबाइल डेंटल वैन के जरिए घर बैठे सीनियर सिटीजंस से लेकर ग्रामीणों के दांतों की प्राथमिक चिकित्सा करता है। यह मोबाइल डेंटल वैन मुरादाबाद के वैदिक वानप्रस्थ आश्रम पहुंची, जहां करीब दो दर्जन से अधिक वरिष्ठ नागरिकों का नि:शुल्क दंत जांच और इलाज किया गया। मोबाइल डेंटल वैन में डेंटल स्टुडेंट्स ने दांतों की सफाई- स्केलिंग, अस्थायी फिलिंग, दर्द निवारण उपचार, मुख के घावों की जांच और कृत्रिम दांतों- डेंचर संबंधी परामर्श जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही सभी को सही ब्रशिंग तकनीक, दंत स्वच्छता के उपाय एवम् संतुलित आहार संबंधी जानकारी दी गई। जिन मरीजों को विशेष उपचार की आवश्यकता थी, उन्हें कॉलेज में आगे की जांच एवम् उपचार हेतु संदर्भित किया गया। चलने-फिरने में असमर्थ जो वृद्धजन अस्पताल नहीं जा पाते थे, उन्हें मोबाइल डेंटल वैन- आपके द्वार का लाभ मिला। उल्लेखनीय है, चांसलर श्री सुरेश जैन ने सपरिवार जनवरी में इस नवीन मोबाइल दंत बस इकाई की शुरुआत की थी। इससे पूर्व डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री के एचओडी एवम् प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगड़े, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन, प्रो. विकास सिंह, डॉ. उपेंद्र मलिक की उपस्थिति में वैन को रवाना किया गया। शिविर में एमडीएस स्टुडेंट्स- डॉ. स्वयं त्रिपाठी, डॉ. जेनिफर, डॉ. अनुष्का भारद्वाज, डॉ. रितिका शर्मा, डॉ. शुभम मुखर्जी, डॉ. तुलिका सक्सेना आदि उपस्थित रहे। बीडीएस स्टुडेंट्स- साहिल, युवराज, ख्याति, आदित्यराज आदि ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

## एक नजर

### लड़की को भगाने के मामले में एक पर एफआईआर दर्ज

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना कांठ लड़की भगाने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है मामला छजलैट थाना क्षेत्र के गांव का है वहां की लड़की 17 फरवरी की रात को घर से गायब हो गई थी इस संबंध में उसके पिता ने थाने में गुमशुदी के लिए प्रार्थना पत्र दिया और बेटी की खोज भी शुरू कर दी बाद में पिता थाने पहुंचा और उसने बताया कि गांव का फरमान पुत्र समीम उसकी पुत्री को बहला फुसला कर ले गया है। उसके घर वालों से पता किया तो उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

### जायन्टस ग्रुप ऑफ चंदौसी वेस्ट का 38वां अधिष्ठापन समारोह आयोजित



**चन्दौसी।** जायन्टस ग्रुप ऑफ चंदौसी वेस्ट द्वारा बुधवार को 38वें अधिष्ठापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, सेंट्रल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष पदमा भार्गव एवं पूर्व अध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर ने नव निर्वाचित अध्यक्षा संगीता भार्गव को पद एवं गोप. नीयता की शपथ दिलाई। साथ ही उनके बोर्ड मेंबर के रूप में नीरा एरन, डॉ. गिरिराज किशोर, डॉ. श्याम गोआनी सक्सेना, डॉ. सलिल दीक्षित, डॉ. जीतेंद्र, सुनील अग्रवाल, विवेक गुप्ता, विष्णु एरन, अनुराग भार्गव, मुनीश जिंदल, मुकेश अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल को भी शपथ ग्रहण कराई गई। नव निर्वाचित अध्यक्ष संगीता भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि जायन्टस ग्रुप सदैव समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है और भविष्य में भी सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित



करने पर जोर दिया। पूर्व अध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी का पटका पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें एवं अन्य सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। डीओए 2025 कृष्ण औतार गुप्ता ने गत वर्ष किए गए कार्यों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि डीओए 2026 नीरा एरन ने आगामी वर्ष की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संच. ालन रितु गोयल ने किया। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफिसर सुभाष रुस्तगी, सीमा चौधरी, अनु रस्तोगी, क्षमा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, शिखा शर्मा, अनिल कागजी, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. राम वार्ष्णेय, अजयकांत नागर, भुवनेश वार्ष्णेय, संजीव गुप्ता, प्रवीण अग्रवाल, डॉ. अशोक अग्रवाल, मोहित वार्ष्णेय, संजय गोयल, संतोष वार्ष्णेय, डॉ. सर्वेश सक्सेना, पी.सी. राय, वीनेश वार्ष्णेय, नीलम राय, डॉ. मोनिका, कमलेश अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, रेखा गुप्ता, नीरू किशोर, अनुभा गुप्ता, रानू वार्ष्णेय एवं डॉ. वंदना सक्सेना सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# जागृत अवस्था में ब्रेन सर्जरी से सुरक्षित रहती हैं बोलने और चलने जैसी अहम क्षमताएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ब्रेन सर्जरी को लेकर लोगों में अक्सर डर रहता है, लेकिन 'अवेक ब्रेन सर्जरी' जैसी आधुनिक तकनीक जटिल ट्यूमर के इलाज में नई उम्मीद दे रही है। इस प्रक्रिया में मरीज ऑपरेशन के एक हिस्से के दौरान जागृत रहता है, जिससे बोलने, समझने और चलने जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली,के न्यूरोसर्जरी (ब्रेन एवं स्पाइन), मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. गौरव बंसल के अनुसार, इस सर्जरी में लोकल एनेस्थीसिया और विशेष दवाओं



से दर्द पूरी तरह नियंत्रित किया जाता है। मस्तिष्क में दर्द महसूस करने वाले रिसेप्टर्स नहीं होते, लेकिन यही हिस्सा भाषा, याददाश्त और मूवमेंट को नियंत्रित करता है। जब ट्यूमर इन संवेदनशील भागों के पास होता है, तो सर्जरी के दौरान मरीज से बातचीत कर या छोटे-छोटे कार्य करवाकर रियल-टाइम फीडबैक लिया जाता है, ताकि स्वस्थ ब्रेन टिश्यू को नुकसान न पहुँचे। यह तकनीक हर मरीज के लिए जरूरी नहीं होती, बल्कि ट्यूमर के स्थान पर निर्भर करती है। विशेषज्ञों की निगरानी में यह सर्जरी सुरक्षित और प्रभावी मानी जाती है।

# कचरा प्रबंधन दिवस पर निकाली जागरूकता रैली, छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

**मुरादाबाद।** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत पंचम दिवस को 'कचरा प्रबंधन दिवस' के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम प्राचार्या प्रोफेसर सीमा रानी के निर्देशन में आयोजित हुआ।प्रथम सत्र में महाविद्यालय से बांग्ला गांव तक जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेविकाओं ने "प्लास्टिक को कहें ना, जिंदगी को कहें हां" और "कचरे की करो छंटाई, तभी होगी पूरी सफाई" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।इसके बाद 'परिवर्तन दि चेंज' एनजीओ के श्री प्रिंस चौहान ने गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण तथा रंगीन कूड़ेदानों के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने और थ्री-आर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) के महत्व पर प्रकाश डाला। नेहा शर्मा ने प्लास्टिक ब्रिक बनाने और उसके उपयोग की विधि समझाई।द्वितीय सत्र में 'कचरा प्रबंधन' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक आयोजित हुए। लकी ने प्रथम, सृष्टि ने द्वितीय और मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन लक्ष्य गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू सिंह व श्रीमती विदुषी यादव उपस्थित रहीं।




# महानगर में दिखने लगी होली की रौनक, बाजारों में सजे रंग और पिचकारियों के स्टॉल

**मुरादाबाद।** होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। शहर के प्रमुख बाजारों और मोहल्लों में रंग, गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। सुबह से ही लोग खरीदारी के लिए बाजारों का रुख कर रहे हैं, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं।इस बार बाजारों में बच्चों के लिए खास आकर्षण देखने को मिल रहा है। कार्टून कैरेक्टर, टैंक और गन शेप वाली पिचकारियां बच्चों को खूब लुभा रही हैं। इसके अलावा बड़े आकार की प्रेशर पिचकारियां और रंग-बिरंगे वाटर गन भी उपलब्ध हैं। दुकानदारों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस बार डिजाइन और वैरायटी ज्यादा आई है, जिससे ग्राहकों के पास कई विकल्प मौजूद हैं।रंगों की बात करें






तो हर्बल गुलाल और ऑर्गेनिक रंगों की मांग बढ़ी है। लोग त्वचा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केमिकल मुक्त रंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं। बाजारों में लाल, गुलाबी, पीला, हरा और नीला जैसे पारंपरिक रंगों के साथ-साथ नए शेड्स भी उपलब्ध हैं।त्योहार को लेकर मिठाई की दुकानों पर भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। गुझिया, नमकीन और अन्य पारंपरिक पकवानों की बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। व्यापारी उम्मीद जता रहे हैं कि होली नजदीक आते-आते बिक्री में और तेजी आएगी।

कुल मिलाकर महानगर में होली की धूम साफ नजर आने लगी है। रंगों और खुशियों का यह पर्व लोगों के चेहरों पर उत्साह और उमंग लेकर आ रहा है।

**कार्यालय, नगर निगम, मुरादाबाद।**

**पत्रांक:** 23 / गो0/ स्वा0वि0 / न0नि0मु0 / 2026 **दिनांक:** 25/02/2026

**-::ई-निविदा/पुनःई-निविदा सूचना::-**

स्वास्थ्य विभाग नगर निगम मुरादाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ई-निविदा/पुन: ई-टैन्डरिंग के माध्यम से निम्नतालिका अनुसार विभिन्न सामग्री/सफाई उपकरणों की आपूर्ति प्राप्त करने हेतु प्रति नग दर के आधार पर व पुराने वाहन को मॉडिफाई करते हुये निगरानी कक्ष में परिर्वतित किये जाने हेतु दिनांक 08/03/26 की सांय 04:00 बजे तक अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदा बेबसाईट https://etender.up.nic.in एवं www.nagar-nigammoradabad.in पर देखी जा सकती है। निविदाएं दिनांक 26/02/26 की प्रात: 10:00 बजे से 08/03/26 की सांय 4:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 08/03/26 की साय: 04:30 बजे सफाई गोदाम गुलाबबाड़ी, रामपुर रोड मुरादाबाद कार्यालय पर खोली जायेगी।

**नगर स्वास्थ्य अधिकारी**
**नगर निगम, मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

मेरे मकान नंबर डी 1/56, आशियाना फेस -2, डबल स्टोरी कांठ रोड मुरादाबाद का चौन वाला मूल बैनामा जो एमडीए द्वारा श्री विरजन सिंह पुत्र जगदेव सिंह के हक में किया है जिसका बही संख्या-1, जिल्द संख्या 12191 पृष्ठ संख्या 4562, तथा क्रमांक 5721 दिनांक 06-07-2019 को निबंधक सदर-2, मुरादाबाद में पंजीकृत है वास्तव में खो गया है जिसका प्रयोग अवैध होगा, सुनीता शर्मा पत्नी श्री कुलदीप कुमार शर्मा निवासी डी 2/56 आशियाना फेस -2, थाना सिविल लाइंस मुरादाबाद। मोबाइल नंबर- 8630182252

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र नन्हे व पुत्रवधू श्रीमती गीता को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व की वास्ता नहीं होगा। **स्वामी पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र निवासी मोहल्ला बलदेवपुरी कुम्हारों वाली गली थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## आर्य समाज द्वारा शोक व्यक्त किया

**मुरादाबाद।** आर्य समाज के प्रतिनिधि मंडल ने महानगर मुरादाबाद के प्रतिष्ठित निर्यातक लोहिया परिवार में विनीत कुमार गुप्ता की मृत्यु पर आज सुबह उनके निवास पर जाकर अंतिम दर्शन के समय पुष्पचक्र अर्पित कर ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना के मंत्र पढ़कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और शोक संतिप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गयी। प्रतिनिधि मंडल में ज्ञानेंद्र गांधी रमेश आर्य, जितेन्द्र आर्य और लोकेश आर्य रहे।

# जानलेवा हमला करने वाले पिता पुत्र को पुलिस ने भेजा

**मूंढापांडे।** ब्लॉक क्षेत्र के गाँव रुस्तमपुर बढ़मार,थाना कटघर क्षेत्र के घोसीपुर गांव के रहने वाले मुजम्मिल पुत्र महबूब ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मैं और मेरा भाई यूनुस बीते 22 तारीख सुबह के समय वटाई पर बोई गई फसल के खेत में रुस्तमपुर बढ़मार उर्फ ऊंचा गांव में काम कर रहे थे ,तभी अचानक गाँव मे ही रहने वाले, अमीर,अरबी, आशक अली अपने पिता शबदल पुत्र इमामी को साथ लेकर आए जिसमे आमिर के हाथ में तमंचा ,शबदल के हाथ में लोहे का फर्सा तथा अरबी , आशक अली के हाथ में लाठी डंडे थे,आते ही पिता तीनों पुत्रों ने कहा कि तू अपने खेत मे रास्ता नहीं खोलने नही दे रहा है, इतना कहते हुए मुजम्मिल उसके भाई यूनुस को बुरी तरह लोहे के फर्से एव लाठी डंडो से बुरी तरह से मार पीट की गई,जिनको बेहोशी की हालत में मरा जान कर दोनों भाइयों को खेत पर छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए , किसी तरह दोनों पीड़ितो ने होश में आने के बाद घर वालों को मोबाइल से सूचना दी ,सूचना पर मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने दोनों घायल को खेत से उठाकर गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया,पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ गंभीर धाराओ में रिपोर्ट दर्ज की है, थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि इसमें दो लोगो की गिरफ्तारी की गई है, सबदल पुत्र इमामी,आमिर पुत्र सबदल दोनों को मंगलवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

# शादी समारोह से लौटते समय भीषण सड़क हादसा, परिवार के लाडले टिंकल की मौत

**सुरजननगर/ठाकुरद्वारा।** सुरजन नगर मार्ग पर मंगलवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। शादी समारोह में कैटरिंग का काम कर लौट रहे मजदूरों से भरी पिकअप पलटने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है, जो वर्तमान में अस्पताल में जीवन और मौत की जंग लड़ रहा है। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद जब मृतक का शव गांव पहुंचा, तो पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी के अनुसार, सुरजननगर निवासी टिंकल कुमार पुत्र रोहतास सिंह अपने अन्य साथियों के साथ सुल्तानपुर दोस्त गांव में एक शादी समारोह में गए थे। वहां वे फ्रूट काउंटर फल वितरण पर मजदूरी का कार्य करने के लिए गए थे। मंगलवार की रात लगभग 2:45 बजे, जब सभी मजदूर अपना काम निपटाकर वापस लौट रहे थे, तभी दारापुर-मदारपुर मार्ग पर उनकी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। और चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंची। राहत कर्मियों ने घायलों को मलबे से बाहर निकाला और उपचार के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा ले गए।अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने टिंकल कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे में घायल अजय कुमार पुत्र महिपाल सिंह की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। अजय के सिर पर गहरी चोटें आई हैं, जिसके कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार, अजय वर्तमान में आईसीयू में भर्ती है और उसकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।बुधवार की सुबह जब पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद टिंकल का पार्थिव शरीर उसके पैतृक गांव लाया गया, तो दृश्य अत्यंत हृदयविदारक था। टिंकल



अपने परिवार का सबसे छोटा और सबका प्रिय पुत्र था। उसके दो बड़े भाई विशाल और हिमांशु हैं। घ्दुखद संयोग यह रहा कि टिंकल का एक बड़ा भाई वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहा था। भाई की मौत की खबर मिलने के बाद वह परीक्षा केंद्र से आनन फानन मे घर लौटा। उसके घर पहुँचने के बाद ही अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू की गई। बंदे वाली मंडीयो के श्मशान घाट पर गमगीन माहौल में टिंकल का अंतिम संस्कार किया गया।टिंकल की असामयिक मृत्यु ने हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ कर रख दिया है। मृतक की माता मीनू देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

वह बार-बार अपने छोटे बेटे को पुकार कर बेहोश हो जा रही हैं। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि टिंकल एक मेहनती युवक था जो पढ़ाई के साथ-साथ परिवार की आर्थिक मदद के लिए मजदूरी का काम भी करता था।घ्घटना की सूचना मिलते ही 112 डायल पुलिस ने मौके का मुआयना किया और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है कि हादसा वाहन की तकनीकी खराबी के कारण हुआ या चालक की लापरवाही की वजह से हुई।

## देसी शराब बेचने जा रहे एक को पुलिस ने पकड़ा

कांठ(शाह टाइम्स) देसी शराब बेचने जा रहे एक वृद्ध को पुलिस ने हिरासत में लेकर कार्रवाई की है बताया गया कि मुखबिर ने एक व्यक्ति को शराब के पव्वे लेकर जाने की सूचना छजलैट पुलिस को दी। पुलिस जानकारी मिलते ही सजग हो गई और मंगलम फार्म हाउस के पास एक व्यक्ति को थैला ले जाते हुए हिरासत में ले लिया बताया गया कि उसके पास से 16 पव्वे देसी शराब गोल्डन पंचमार्का बरामद हुए पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम सोमपाल पुत्र प्रताप निवासी ढकेडा बताया और कहा कि यह पव्वे वह कोक. रपुर की हट्टी से खरीद कर दूसरे गांव में बेचने के लिए जा रहा था। पुलिस ने शराब के पव्वो को सील कर पकड़े गए वृद्ध के खिलाफ कार्रवाई की है।

## एक नजर

### पात्र गृहस्थी तथा अंत्योदय कार्ड धारको को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने की कवायद शुरू, आज ब्लॉक में वीडियो ने बुलाई बैठक

**कांठ( शाह टाइम्स )** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत पात्र गृहस्थी तथा अंत्योदय कार्ड धारको को स्वयं सहायता समूह से जोड़ते हुए उनकी सतत आय वृद्धि सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन किए जाने के संबंध में अब शासन द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। बताया गया कि अनेक पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय कार्ड धारक परिवार ऐसे हैं जिनकी महिला सदस्य स्वयं सहायता समूह से आच्छादित नहीं हो सकी है जिसके कारण आजीविका संवर्धन से संबंधित योजनाओं के लाभ से काफी संख्या में महिला वंचित है। भारत सरकार ने आगामी 3 सालों में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की वार्षिक आय न्यूनतम 1 लाख तक सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है इसके दृष्टिगत विकास खंड के अंतर्गत समस्त राशन कार्ड धारक परिवारों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने की प्रक्रिया आईसीआरपी टीम समुह सखी ग्राम संगठन समिति सोशल एक्शन कमेटी के माध्यम से संचालित की जानी है जिन ग्राम पंचायत में नवीन समूह गठन संभव नहीं हो पा रहा है वहां पूर्व स्थापित समूह में अधिकतम 20 सदस्यों की सीमा तक पात्र महिलाओं को जोड़ा जाना अनुमन्य है।

उन्होंने कहा कि विकास खंड के अंतर्गत सभी राशन कार्ड धारकों के संबंध में कोटेदार को ग्राम स्तर पर परिवारों की वास्तविक स्थिति का पता रहता है। अत: कोटेदार एवं ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत सचिव स्वयं सखियों के सहयोग से अवशेष पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें समूह से जोड़ने की करवाई करेंगे। खंड विकास अधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक को निर्देशित किया और कहा कि इस संबंध में सभी ग्राम प्रधान कोटेदार 26 फरवरी यानी आज गुरुवार को विकास खंड सभागार में 11:00 बजे इकट्ठा होंगे जिनसे कार्य को लेकर चर्चा की जाएगीं।

### रास्ते में घेर कर युवक से मारपीट में एफआईआर दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )**थाना छजलैट के गांव गोपालपुर नत्थानगला निवासी भूरा पुत्र बब्बू 18 फरवरी की रात 9:00 कोल्हू से वापस आ रहा था रास्ते में गांव का मोहित पुत्र जितेंद्र मिल गया और उसने गाली गलौज करनी शुरू कर दी गली का विरोध किया तो बेल्टो और डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया जिससे उसे काफी चोट आई इस मारपीट में उसकी नाक की हड्डी भी टूट गई वह थाने पहुंचा और हमलावर के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने घायल का कांठ के सरकारी अस्पताल में मेडिकल कराकर हमलावर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### लड़की को भगाने के मामले में एक पर एफआईआर

कांठ(शाह टाइम्स) लड़की भगाने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है मामला छजलैट थाना क्षेत्र के गांव का है वहां की लड़की 17 फरवरी की रात को घर से गायब हो गई थी इस संबंध में उसके पिता ने थाने में गुमशुदी के लिए प्रार्थना पत्र दिया और बेटी की खोज भी शुरू कर दी बाद में पिता थाने पहुंचा और उसने बताया कि गांव का फरमान पुत्र समीम उसकी पुत्री को बहला फुसला कर ले गया है।

उसके घर वालों से पता किया तो उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बृद्ध की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ की रिपोर्ट दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )।** ट्रैक्टर की टक्कर से मौत का शिकार हुए वृद्ध के मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। रितिक यादव पुत्र संजीव कुमार गांव मिलक अदलपुर ताज थाना अमरोहा देहात का कहना था कि 24 फरवरी की शाम को करीब 6:00 बजे वह अपने घर से दादा निरंजन सिंह और मझोला खुर्द निवासी सुखन सिंह के साथ बाइक से सरकडा परम माफी थाना ठाकुरद्वारा जा रहे थे जब उनकी बाइक राम गंगा नदी पुल के पास पहुंची तो सामने से आ रहे।

ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिसमें उनके काफी चोट आई निरंजन सिंह और सुक्खन सिंह को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी काठ लाया गया जहां पर निरंजन सिंह को मृत घोषित कर दिया गया सुखन सिंह को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया पुलिस ने इस मामले में अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## शादी टूटने का मामले में से एसपी के निर्देश पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**कुन्दरकी।** थाना क्षेत्र में दहेज में कार की मांग को लेकर तय हुई शादी टूटने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने 26 अगस्त को अपनी पुत्री का रिश्ता सामा. जिक रीति-रिवाजों के तहत मुगलपुरा निवासी बिलाल खान के साथ तय किया था। सगाई के दौरान आभूषण, वस्त्र एवं नकद राशि सहित पर्याप्त खर्च किया गया। परिवार का कहना है कि विवाह की तिथि 29 मार्च 2026 निर्धारित होने के बाद तैयारियां शुरू कर दी गईं और निमंत्रण पत्र भी छपवा दिए गए थे। आरोप है कि 14 फरवरी को लड़के के पिता ने फोन कर बातचीत के लिए बुलाया। अगले दिन मुरादाबाद स्थित उनके आवास पर हुई बातचीत में दहेज में कार की मांग रखी गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मांग पूरी न करने में पर लड़के के परिवार में विवाह से इंकार कर दिया गया तथा साथ मे अभद्र व्यवहार किया गया। इस संबंध में दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने बिलाल खान, उसके पिता मशकूर, निहाल तथा दो महिलाओं सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चन्द्र नगर कॉलोनी में युवती ने किया आत्महत्या का प्रयास, गंभीर हालत में अस्पताल में कराया गया भर्ती

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र चन्द्र नगर कॉलोनी में मंगलवार देर रात एक युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किए जाने से हड़कंप मच गया।परिजनों की सतर्कता से उसकी जान बच सकी और उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार घटना के समय परिवार के सदस्य घर पर ही मौजूद थे। देर रात एक परिजन को युवती के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया न मिलने से आशंका हुई। परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो युवती को फंदे से लटका पाया। घबराए परिवार ने तुरंत उसे नीचे उतारा और बिना समय गंवाए अस्पताल पहुंचाया।अस्पताल सूत्रों के मुताबिक युवती अचेत अवस्था में लाई गई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे गहन निगरानी में रखा गया है। चिकित्सकों का कहना है कि अगले कुछ घंटे बेहद महत्वपूर्ण हैं।घटना के बाद परिवार सदमे में है। फिलहाल आत्महत्या के प्रयास के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। परिजन किसी विवाद या तनाव की बात से इनकार कर रहे हैं। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है और युवती के होश में आने के बाद ही स्थिति साफ होने की उम्मीद है।

## आईएफटीएम में 26 एवं 27 फरवरी को आयोजित होगा दो दिवसीय छठा किसान मेला 'सुहावन-2026'

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की ओर से 26 से 27 फरवरी तक दो दिवसीय छठा किसान मेला "सुहा. वन-2026" का आयोजन होने जा रहा है। स्कूल के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि यह आयोजन आधुनिक तथा वैज्ञानिक एवं सतत कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों, कृषि उद्यमियों और उद्योग प्रतिनिधियों के बीच संवाद को सुदृढ़ बनाने का प्रयास है। मेले में कृषि क्षेत्र की नवीनतम प्रौद्योगिकियों, उन्नत बीज प्रजातियों, आधुनिक कृषि यंत्रों, सटीक कृषि पद्धतियों, जैविक एवं प्राकृतिक खेती के मॉडल, फसल संरक्षण उपायों तथा मृदा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श की व्यापक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।डॉ. सिंह ने बताया कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य खेती में अनुसंधान के अनुप्रयोगों व उनके सकारात्मक प्रतिफलों को शामिल करना है। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से अधिकाधिक संख्या में सहभागिता कर नवीनतम कृषि तकनीकों का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी बताया कि मुरादाबाद एवं आसपास के जनपदों के किसानों, विद्यार्थियों और कृषि उद्यमियों को इस कृषि महोत्सव में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है। आयोजन से संबंधित अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की आयोजन समिति से प्राप्त की जा सकती है।

# रात में अवैध खनन कर रहे पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली को खनन अधिकारी ने पकड़कर किए सीज

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के गांव बीरपुर थान, सिरसखेड़ा में देर रात अवैध खनन की सूचना पर प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज कर दिए हैं,खनन अधिकारी को सूचना मिलते ही खनन विभाग की टीम सक्रिय हो गई।खनन अधिकारी राघवेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छापेमारी के दौरान पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से मिट्टी/बालू का खनन करते हुए पकड़ लिया, खनन अधिकारी ने बताया कि खनन का काम बिना किसी वैध अनुमति के खेतों और खाली पड़ी जमीन से मिट्टी और बालू निकालकर ले जा रहे थे। मौके पर आवश्यक दस्तावेज मांगने पर चालक कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद खनन अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सभी पांच ट्रेक्टर ट्रालियों को सीज कर थाना परिसर में खड़ा करा दिया,खान अधिकारी की कार्यवाही से सक्रिय खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय लंबे समय से अवैध खनन का खेल चल रहा था, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही थीं और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा था।

खनन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट कहा है कि जिले में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही की जाएगी और दोषियों पर जुर्माना व कानूनी कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।खनन अधिकारी ने बताया की आने वाले दिनों में विशेष अभियान चलाकर अन्य संदिग्ध स्थानों पर भी छापेमारी की जाएगी, ताकि अवैध खनन पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

## होली से पहले टप्पेमार सक्रिय

**चन्दौसी।** होली पर्व नजदीक आते ही क्षेत्र में टप्पेमार गिरोह सक्रिय हो गए हैं, जिससे यात्रियों और आम लोगों में चिंता बढ़ गई है। हाल ही में मंडी समिति में एक किसान को बातों में उलझाकर टप्पेमारों ने 20 हजार रुपये पार कर दिए। वहीं असालतपुर जारई निवासी महिला गुरुमाला अपने पति के साथ ई-रिक्शा में जा रही थीं।

तभी दो महिलाओं ने उन्हें झांसे में लेकर उनके गले का मंगलसूत्र और पैरों की पायजेब चोरी कर ली। घटना के बाद पीडिघ्ता घबराई हालत में सीकरी गेट पुलिस चौकी पहुंची और मामले की जानकारी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और लोगों से सतर्क रहने तथा संदिग्ध व्यक्तियों से सावधान रहने की अपील की है।

## पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक, तीन परिवारों में हुआ सुलह समझौता

चन्दौसी। बुधवार को पिंक चौकी चन्दौसी स्थित पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह समझौता केंद्र की बैठक केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच उत्पन्न आपसी विवादों को आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह ने काउंसलरों के सहयोग से कुल 23 पत्रावलियों की सुनवाई की, जिसमें से तीन पत्रावलियों का सफलता पूर्वक निस्तारण किया गया। साथ ही तीन परिवारों में आपसी सुलह कराकर उन्हें पुन: साथ रहने के लिए प्रेरित किया गया।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र नावेद अली व पुत्रवधू श्रीमती सोनी को गलत आचरण/ गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

मुस्तकीम पुत्र नन्हू व श्रीमती साजिदा खातून पत्नी श्री मौ0 मुस्तकीम, निवासी गण ग्राम नगलिया मसकूला, महमूदपुर माफी, थाना मैनोठेर तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।

## एसएमसी सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम दूसरे दिन भी जारी, विद्यालय प्रबंधन को सशक्त बनाने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलारी, जनपद मुरादाबाद में 24 फरवरी 2026 से प्रारंभ हुआ विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के सदस्य, प्रधानाध्यापक/सदस्य सचिव तथा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत बनाना और समितियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करना है। प्रशिक्षण में विभिन्न प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सचिव (प्रधानाध्यापक/ इंचार्ज अध्यापक) के साथ-साथ एसएमसी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंध समिति की भूमिका, कार्यप्रणाली और शिक्षा व्यवस्था में उनकी महत्ता के बारे में विस्तार से बताया गया।

प्रशिक्षक भानु प्रताप और मंजरी कपूर ने बताया कि विद्यालय प्रबंध समिति का गठन अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों तथा शिक्षकों की सहभागिता से किया जाता है, ताकि विद्यालयों के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने समिति के प्रमुख कार्यों जैसे विद्यालय विकास योजना तैयार करना, छात्र उपस्थिति बढ़ाने के प्रयास करना, संसाधनों का उचित उपयोग, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार तथा स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों और समूह चर्चा के माध्यम से समस्याओं के समाधान के तरीके भी बताए गए। साथ ही यह भी स्पष्ट



किया गया कि एसएमसी की सक्रियता से विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, ड्रॉपआउट कम करने और सामुदायिक सहयोग प्राप्त करने में महत्वपूर्ण मदद मिलती है। कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ किया गया कि विद्यालय प्रबंध समितियों की प्रभावी भागीदारी से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## आईएफटीएम के मैनेजमेंट विभाग में आयोजित हुई "बैटल ऑफ बोर्ड-चौस और कैरम प्रतियोगिता"

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की ओर से मैनेजमेंट विभाग के विद्यार्थियों के लिए 23 एवं 24 फरवरी को दो दिवसीय ''बैटल ऑफ बोर्ड-चौस और कैरम प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से छात्र-छात्राओं के अंदर आपस में मिल-जुलकर कार्य करने की प्रवृत्ति का विकास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र चाहे पढ़ाई का हो, खेलकूद का हो या फिर कोई अन्य सही दिशा में मेहनत व बेहतर प्रदर्शन करने से ही आपकी पहचान बनेगी। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपने कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्कूल में आयोजित हुई उपरोक्त प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर एम.कॉम, द्वितीय वर्ष के छात्र पवन कुमार ने कैरम में प्रथम स्थान तथा एमबीए, प्रथम वर्ष के छात्र शुभ अग्रवाल ने शतरंज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कैरम में बालिका वर्ग में बी.कॉम, प्रथम वर्ष की छात्रा नैंसी दुबे प्रथम एवं शतरंज में बी.कॉम, द्वितीय वर्ष की छात्रा तान्या प्रथम स्थान पर रहीं। इस दौरान मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार यादव, होटल मैनेजमैंट विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया एवं कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना की उपस्थिति रही। अंत में स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की संयोजिका व कार्यक्रम की समन्वयिका डॉ. आरती गर्ग ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल के सदस्यों श्री अक्षय शर्मा, सुश्री नम्रता श्रीवास्तव, डॉ अर्चना एवं आकाश मौर्य का योगदान रहा।

## परिषदीय व मान्यता प्राप्त स्कूलों की वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबिल घोषित

**कांठ ( शाह टाइम्स )** बेसिक शिक्षा परिषद ने परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। कक्षा एक से आठवीं तक की परीक्षाएं 16 मार्च से 20 मार्च तक पांच दिनों में दो पालियों में होंगी।पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे और दूसरी पाली दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक चलेगी। वार्षिक परीक्षा के लिए माडल प्रश्नपत्र (लिखित और मौखिक) जिला स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) तैयार करेगा और इसकी जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को देगा। इसके बाद बीएसए प्रश्नपत्र का प्रकाशन कराकर विद्यालयों तक पहुंचाएंगे। मूल्यांकन व्यवस्था को कक्षा अनुसार अलग-अलग रखा गया है। कक्षा एक की वार्षिक परीक्षा केवल मौखिक होगी। कक्षा दो से पांचवीं तक लिखित और मौखिक दोनों परीक्षाएं होंगी। इनमें कक्षा दो और तीन में लिखित व मौखिक का भारांक 50-50 प्रतिशत रहेगा,जबकि कक्षा चौथी और पांचवीं में लिखित 70 प्रतिशत और मौखिक 30 प्रतिशत रहेगा। कक्षा छह से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षा पूरी तरह लिखित होगी।यह परीक्षा 50 अंकों की होगी और इसमें बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्न शामिल किए जाएंगे। लिखित परीक्षा की अवधि दो घंटे तय की गई है। वहीं मौखिक परीक्षा की तिथि विद्यालय स्तर पर प्रधानाध्यापक अपने अनुसार निर्धारित करेंगे।

परीक्षा कार्यक्रम और मूल्यांकन से संबंधित दिशा-निर्देश सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाएं विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखी जाएं। साथ ही परिणाम घोषित कर 30 मार्च तक अभिभावकों की उपस्थिति में रिपोर्ट कार्ड विद्यार्थियों को वितरित किए जाएं। खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता ने बताया कि ब्लॉक छजलैट में करीब 14223 बच्चे परीक्षा देंगे।

## खनन माफिया की गाड़ी में बैठकर चेकिंग का मामला: तहसीलदार के खिलाफ शासन को भेजी गई रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा तहसील के तहसीलदार प्रवीण सिंह से जुड़ा एक वीडियो करीब एक माह पूर्व सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह एक स्थानीय भाजपा नेता की स्कॉर्पियो में बैठकर खनन से जुड़े डंपरों की चे. कंग करते नजर आए थे। वीडियो सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ गया और प्रशासनिक हलकों में भी चर्चा का विषय बन गया। बताया जा रहा है कि जिस भाजपा नेता की गाड़ी में तहसीलदार सवार थे, उसका नाम पूर्व में अवैध खनन और खनन सामग्री के कथित अवैध परिवहन से जुड़ता रहा है। ऐसे में सवाल उठे कि तहसीलदार संबंधित कार्रवाई के तहत मौके पर गए थे या फिर पूरे घटनाक्रम में आचार संहिता और प्रशासनिक मर्यादाओं का उल्लंघन हुआ है। मामले के तूल पकड़ने के बाद जिलाधिकारी अनुज सिंह ने पूरे प्रकरण की रिपोर्ट शासन को भेज दी है और तहसीलदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की संस्तुति की है। सूत्रों के अनुसार प्रकरण की जांच उच्च स्तर पर विचाराधीन है। एसआईआर (स्टेट इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट) से जुड़े प्रावधानों के चलते फिलहाल तहसीलदार को उनके पद से हटाया नहीं गया है। हालांकि, उन्हें पद से हटाने के लिए आयोग से अनुमति मांगी गई है। प्रशासनिक स्तर पर आगे की कार्रवाई शासन के निर्देशों के अनुसार की जाएगी।

## दुर्घटना में घायल युवक की मौत के बाद अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ठाकुरद्वारा। मुरादाबाद रोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाईकी तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी मोहम्मद अजीम पुत्र लियाकत हुसैन अपने पुलिस को भी शरीर में कहा कि उसका भाई फईम अहमद 19 फरवरी की शाम करीब 5 बजे मुरादाबाद की ओर से लौट रहा था। वह मुरादाबाद रोड पर अपने घर आने के लिए सड़क किनारे खड़ा होकर वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान मुरादाबाद की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे तथा घायल को तत्काल सरकारी अस्पताल ठाकुरद्वारा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक मनीष कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नींद की झपकी बनी काल: पिकअप पलटने से युवक की मौत, चार मजदूर घायल





**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव दारापुरदृमदारपुर मोड़ पर बुधवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके चार साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब टेंट का सामान लेकर लौट रही तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गई। घटना करीब सुबह 2.45 बजे की बताई जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, गांव बंदे वाली मड़ैया निवासी टिंकल (20) अपने साथियों अजय कुमार, सन्नी तोमर, आदित्य और राजा के साथ पिकअप वाहन में सवार होकर सुल्तानपुर दोस्त गांव से एक शादी समारोह में टेंट का सामान उतारकर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वाहन दारा. पुरदृमदारपुर मोड़ के पास पहुंचा, चालक का नियंत्रण अचानक बिगड़ गया और पिकअप सड़क किनारे जा पलटी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चालक को संभवत: नींद की झपकी आ गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन में सवार सभी मजदूरों को तेज झटका लगा और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और तत्काल राहत कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही 108 और 102 एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद टिंकल को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव बंदे वाली मड़ैया में शोक की लहर है और ग्रामीण परिजनों को सांत्वना देने पहुंच रहे ।

**खोया-पाया सूचना**

मेरी बीए फाइनल वर्ष 2018 की डिग्री इनरॉल नम्बर 17096721 और अनुक्रमांक 2217440114 है जो वास्तव मे कहीं खो गई है।
**सुखजीत सिंह पुत्र जगतार सिंह निवासी रायपुर पटटी ढिल्ला थाना जसपुर उद्यमसिंहनगर।**

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1240582812 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जतिन शर्मा **पुत्र पवन कुमार निवासी ग्राम-रामनगर खागूवाला ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

**न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय बिलारी-मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** टी-2025135 40217424 **सन्** 2025
**तारीख पेशी:** 10.03.2026
धारा: 116 रा0सं0 2006
**ग्राम सुनारी तहसील बिलारी।**
किशन सिंह **बनाम** महेन्द्रपाल सिंह किशन सिंह व मुनेश पुत्रगण मोती निवासीगण ग्राम सुनारी तह. बिलारी व जिला मुरादाबाद-**वादीगण।**
**बनाम**
महेन्द्रपाल सिंह, इमरत सिंह, मंगल सिंह, निरंजन पाल पुत्रगण गनपत व श्रीमति कोयल पत्नी गनपत निवासी गण सुनारी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद व रणवीर सिंह, पुष्पेन्द्र पुत्र शिवचरन व श्रीमति प्रकाशो पत्नी शिवचरन निवासीगण लालपुर हमीर तह. बिलारी जिला मुरादाबाद।
चूंकि उक्त वाद में वादीगण द्वारा दिए गए एक पक्षीय आदेश दिनांक 22.01.2025 के विरूद्व वाजवा न0 प्रा0 पत्र पर किसी प्रकार की आपत्ति जवाब हेतु उक्त प्रतिवादीगणों को न्यायालय द्वारा दिनांक 10.03.2026 की तारीख नियत की है। नियत तिथि पर पेश न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित दिनांक 25.02.2026 को निकाली गयी है।
**पेशकार**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी बिलारी-जनपद मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

श्री जगदीश कुमार ढींगरा पुत्र श्री खुशीराम ढींगरा एवं श्रीमती नीरू ढींगरा पत्नि श्री जगदीश कुमार ढींगरा वर्तमान निवासी मकान नं० एच-6, देव बिहार कालौनी, सिविल लाईन, कांठ रोड, मुरादाबाद सम्पत्ति- मकान नं० एच-6, देव बिहार कालौनी, सिविल लाईन, कांठ रोड, मुरादाबाद के स्वामी बैनामे रजिस्टर्ड दिनांक 21.12.2021 जिल्द नं0 13586 पृष्ठ संख्या 175/196 क्रम संख्या 13142 उपनिबन्धक द्वितीय मुरादाबाद से हैं। उक्त सम्पत्ति को श्रीमती शिखा श्रीवास्तव पत्नि श्री प्रशान्त श्रीवास्तव निवासी के 68 सेक्टर के आशियाना, एल० डी० ए० कालौनी, बक्शी का तालाब, लखनऊ 226012 द्वारा एग्रीमेन्ट दिनांक 09.02. 2026 के अनुसार खरीदा जाना है। जिसके लिये भारतीय स्टेट बैंक, होम लोन सेन्टर, सिविल लाईन मुरादाबाद के माध्यम से ऋण स्वीकृत कराया जाना है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित मूल आवंटन पत्र संख्या 1194 दिनांक 29.10.1996 एवं पूर्व का मूल बैनामा रजिस्टर्ड 24.04. 1998 वही संख्या 1, जिल्द नं0 1991 पृष्ठ संख्या 391/412 क्रम संख्या 3039 उपनिबन्धक द्वितीय मुरादाबाद, कहीं खो गये हैं। इसके सम्बन्ध में सूचना दिनांक 25.2.2025 को नं0 20260000204507 पर दर्ज करा दी गयी है। यदि किसी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई जानकारी मिलती है तो इस नम्बर पर सूचित करें।
**मोबाईल नं० 8765906714**
**( जगदीश कुमार ढींगरा**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

खेल विशेष

## वकार यूनुस ने हार के लिए पाकिस्तान की बैटिंग को जिम्मेदार ठहराया

**पल्लेकेले, वार्ता।** पाक के पूर्व पेसर वकार यूनुस ने कहा है कि टी 20 वर्ल्ड कप सुपर आठ मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम से हार के दौरान शाहीन शाह अफरीदी की जबरदस्त बॉलिंग के बावजूद पाकिस्तान सही टोटल से चूक गया और बीच के ओवरों में कंट्रोल खो दिया। जियो हॉटस्टार पर बात करते हुए, यूनुस ने कहा कि पाकिस्तान को बोर्ड पर 15-20 रन और चाहिए थे। उन्होंने कहा कि पहली इनिंग में, पाकिस्तान ने काफी रन नहीं बनाए। इस पिच पर, उन्हें और 15-20 रन चाहिए थे। 175-180 का टोटल बराबर होता। फिर हैरी ब्रूक तीसरे नंबर पर आए और पूरा कंट्रोल ले लिया। यह बिना किसी मौके के बैटिंग थी, वह शानदार थे। उन्होंने अकेले ही पाकिस्तान से गेम छीन लिया।

## ऑस्ट्रेलिया 23 साल बाद बांग्लादेश के साथ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगा

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया 23 साल के लंबे अंतराल के बाद अगस्त में बंगलादेश के साथ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार 2003 के बाद यह पहली बार होगा जब बंगलादेश ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज खेलेगा। इस सीरीज के दोनों मैच मैच डार्विन के मारारा स्टेडियम और मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में खेले जाएंगे। डार्विन के मैदान पर 22 साल बाद टेस्ट मैच खेला जाएगा। यहां वर्ष 2004 में श्रीलंका ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच खेला था। इत्तेफाक से, डार्विन का पहला टेस्ट 2003 में बंगलादेश के साथ हुआ था। इस बीच, ग्रेट बैरियर रीप अपने पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा। इस जगह पर सिर्फ तीन वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए है 1992 में भारत और श्रीलंका के बीच एक एकदिवसीय बारिश की वजह से रद्द हो गया था।

# भारत के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला आज

## गत चैंपियन को सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों के लिए जिम्बाब्वे को हराना होगा



**चेन्नई, वार्ता।** खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरा गत चैम्पियन भारत 'करो या मरो' के मुकाबले में फंस गया है और सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों के लिए उसे गुरुवार को जिम्बाब्वे को हराना होगा। सुपर 8 में बने रहने की लड़ाई नाम, आंकड़ों या टूर्नामेंट से पहले की हाइप से तय नहीं होती यह हिम्मत, मेहनत और दबाव में हर रन और हर विकेट के लिए लड़ने की इच्छा से तय होती है। गुरुवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में उमस भरी शाम को, भारत और जिम्बाब्वे दोनों यह जानते हुए मुकाबले में उतरेंगे कि एक और हार न सिर्फ उनके कैंपेन को नुकसान पहुंचाएगी, बल्कि उनके सेमीफाइनल के सपने भी खत्म कर देगी। यह स्टाइलिश दबदबे का मुकाबला नहीं है। यह लड़ने वालों का मुकाबला है। भारत पर उम्मीदों का बोझ है, लेकिन सिर्फ उम्मीद से स्कोरबोर्ड पर दबाव नहीं पड़ता। उनके बल्लेबाजों को अपनी ताकत दिखाने से पहले सब्र के साथ पारी बनानी होगी।

शुरुआती ओवरों में टॉप ऑर्डर को डिसिप्लिन दिखाना होगा, नई गेंद की चुनौती को समझना होगा और फिर कंट्रोल में अटैक करना होगा। बीच के ओवर जंग का मैदान बन जाते हैं जहां या तो मोमेंटम बचाना होता है या खोना होता है। बहुत कुछ सूर्यकुमार यादव के निडर स्ट्रोक प्ले पर निर्भर करेगा, जो एक ऐसे बैट्समैन हैं जो तेज और अहम शॉट सिलेक्शन से गेम की लय बदल सकते हैं। उनका साथ हार्दिक पंड्या की जबरदस्त फिनिशिंग काबिलियत देगी, जिनसे उम्मीद की जाएगी कि वे क्लासिक लेट-इनिंग्स रोल-एब्जॉर्ब प्रेशर निभाएंगे, फिर जब बॉलर थक जाएं और फील्ड फैल जाए तो स्ट्राइक करेंगे। भारत की बॉलिंग कंट्रोल और पेनेट्रेशन पर बनी है। जसप्रीत बुमराह का अनुभव और सटीकता पावरप्ले और डेथ ओवर्स दोनों में जरूरी होगी, जबकि वरुण चक्रवर्ती का स्पिन कंट्रोल पिच के धीमा होने पर अहम हो सकता है। चेपॉक में पारंपरिक रूप से उन बॉलर्स को इनाम मिलता है जो रॉ पेस के बजाय लेंथ, सब्र और टैक्टिकल इंटेलिजेंस बनाए रखते हैं। जिम्बाब्वे एक ऐसी टीम के जोश के साथ आएगा जो गेम के हर फेज में मुकाबला करने में यकीन रखती है। वे अपनी रेप्युटेशन बचाने के लिए नहीं खेल रहे हैं। वे एक रेप्युटेशन बनाने के लिए खेल रहे हैं। उनके कैप्टन सिकंदर रजा बैटिंग ऑर्डर को स्टेबल करने और स्मार्ट स्पिन और टाइट लाइन्स से बीच के ओवर्स को कंट्रोल करने की जिम्मेदारी उठाते हैं। उनके पेस लीडर ब्लेसिग मुजरबानी की को. शिश होगी कि वे जल्दी स्ट्राइक करें और पार्टनरशिप बनने से पहले इंडिया के टॉप ऑर्डर को हिला दें। चेपॉक की पिच ज्यादा देर तक आसान रन नहीं देगी। शुरुआत में स्ट्रोक प्ले मुमकिन होगा, लेकिन जब स्पिनर्स मुक. ाबले में आएंगे तो टिके रहने के लिए हिम्मत चाहिए होगी। पहले बैटिंग करने वाली टीमें आराम से 180-190 तक पहुंचना चाहेंगी, जबकि पीछा करने वाली टीमों को विकेट हाथ में रखने होंगे और बिना सोचे-समझे हिट करने के बजाय सोचे-समझे अटैक पर भरोसा करना होगा। इस तरह के मैचों में, स्किल सिर्फ आधी कहानी होती है। बाकी आधी कहानी टेम्परामेंट की होती है। जब वर्ल्ड कप के सपने हाथ से निकलते दिखें तो डटे रहने की काबिलियत। आज रात की लड़ाई इस बारे में कम है कि कौन सबसे ज्यादा शॉट खेलता है, बल्कि इस बारे में ज्यादा है कि चेन्नई की भारी शाम की हवा में मुकाबला कड़ा होने पर कौन हार नहीं मानता।

**भारतीय टीम:** सूर्यकुमार यादव, अक्षर पटेल, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, ईशान किशन, शिवम दुबे, वाशिगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, मोहम्मद सिराज

**जिम्बाब्वे टीम:** सिकंदर रजा, ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, ब्रैड इवांस, क्लाइव मडांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमानी, वेलिगंटन मसकाद्जा, टोनी मुनयोंगा, ताशिगा मुसेकिवा, ब्लेसिग मुजरबानी, डियोन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, बेन करेन

## रिंकू की अनुपस्थिति में अभ्यास में सैमसन पर फोकस

● **भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह पारिवारिक आपात स्थिति के कारण घर लौट गए हैं**

**चेन्नई, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह पारिवारिक आपात स्थिति के कारण घर लौट गए हैं और 26 फरवरी को चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर 8 मुकाबले में उनके खेलने पर संदेह है। चेपॉक में मैच से दो दिन पहले दूधिया रोशनी में हुए अभ्यास सत्र में रिंकू मौजूद नहीं थे। रिंकू का टूर्नामेंट अब तक साधारण रहा है। ग्रुप चरण में 6, 1, 11'और 6'के स्कोर के बाद वह अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की हार में खाता भी नहीं खोल सके। अगर रिंकू गुरुवार के मैच के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं, तो संजू सैमसन अंतिम एकादश में वापस आ सकते हैं। यह शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों के वर्चस्व को तोड़ सकता है। हालांकि नंबर 3 पर कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक विकल्प बने हुए हैं। सैमसन ने मंगलवार को भारत के अभ्यास सत्र के दौरान सेंटर विकेट पर लंबी प्रैक्टिस की। बाद में उन्होंने मुख्य मैदान से सटे एमए चिदंबरम बी नेट्स में भी बल्लेबाजी की। करीब 6-30 बजे पहले नेट में कोच गौतम गंभीर की निगरानी में सैमसन और इशान किशन ने ते गें. दबाजों का सामना किया। जब भी मोहम्मद सिराज या अर्शदीप सिंह ने बैक ऑ लेंथ या शॉर्ट गेंद फेंकी, सैमसन जल्दी बैकफुट पर आकर उन्हें मजबूती से लॉन्ग-ऑन या मिडविकेट के ऊपर पुल कर रहे थे। वाइड लॉन्ग-ऑन के ऊपर एक जोरदार शॉट पर कैमरामैन को बचने के लिए भागना पड़ा। हालांकि जब अर्शदीप ने गुड लेंथ पर गेंदबाजी की, सैमसन बैकफुट पर ही खड़े रहे, बिना पैरों का इस्तेमाल किए ड्राइव के लिए गए और चूक गए। टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में जैकब डफी और मैट हेनरी ने इसी तरह की लेंथ पर उन्हें परेशान किया था, जब उन्हें कवर के ऊपर या सीधे शॉट खेलने की जगह नहीं मिली। बाद में सैमसन ने पीछे हटकर जगह बनाने की कोशिश की, लेकिन वह तरीका भी सफल नहीं रहा। थोड़ी देर बाद दूसरे नेट में स्पिन के खिलाफ सैमसन ने लय हासिल कर ली। जब मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने हल्की ओवरपिच गेंद डाली, सैमसन ने ऑफ साइड के ऊपर छक्का जड़ दिया। फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ कुछ समय कीपिग का अभ्यास करने के बाद, सैमसन साइड नेट्स में गए और सहायक कोच रायन टेन डेशकाटे की निगरानी में फिर बल्लेबाजी की। अब आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा बन चुके।

# अभिषेक-वरुण रैंकिंग में शीर्ष पर कायम

● **जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने टी-20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर्स रैंकिंग में फिर नंबर-1 स्थान हासिल किया**





**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा टी-20 रैंकिंग में भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और स्पिन गें. दबाज वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पर बने हुए हैं। आईसीसी की आज जारी रैंकिंग के अनुसार भारत और श्रीलंका की मेजबानी में चल रहे टी-20 विश्वकप में अभिषेक शर्मा खराब फॉर्म के बावजूद टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर है।

वहीं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महंगे प्रदर्शन के बावजूद स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी गेंदबाजी रैंकिंग में भी शीर्ष पर बने हुए है। इसके अलावा इशान आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए है जबकि भारत के शिवम दुबे दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें पर पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे के सिकटर रजा ने टी-20 विश्वकप में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर्स रैंकिंग में फिर से नंबर वन स्थान हासिल कर लिया है। रजा ने जिम्बाब्वे को सुपर आठ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ 45 और मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 27 रन बनाए, जिससे वह ताजा रैंकिंग अपडेट में ऑल-राउंडर्स की लिस्ट में पाकिस्तान के सैम अयूब को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। अफगानिस्तान के अनुभवी मोहम्मद नबी तीन स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे नंबर पर बने हुए हैं, जबकि पाकिस्तान के ओपनर साहिबजादा फरहान दो पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर आ गए हैं। टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के बाद उन्होंने अपने करियर की सबसे अच्छी रेटिंग हासिल की है।

## रिचर्ड पाइबस बने अफगानिस्तान के मुख्य कोच

**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान ने इंग्लैंड में जन्मे रिचर्ड पाइबस को सभी प्रारूपों के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है।

वह अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीमित ओवर सीरीज से पहले टीम के साथ जुड़ेंगे। पाइबस ने 1986 में केवल एक लिस्ट ए मैच खेला। हालांकि उन्होंने कई देशों की टीमों के साथ कोच के रूप में भूमिका निभाई है। वह 1999 से 2003 तक पाकिस्तान के कोच रहे, जिसमें 1999 एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल तक की यात्रा शामिल थी। 2013 में उनका बंगलादेश के प्रमुख कोच के रूप में एक छोटा कार्यकाल भी रहा। इसके बाद 2013 से 2019 तक उन्होंने वेस्टइंडीज टीम के साथ छह साल बिताए और क्रिकेट डायरेक्टर, हाई-परफॉर्मेंस विशेषज्ञ और अंत में प्रमुख कोच की भूमिका निभाई। इसके अलावा उन्होंने इंग्लैंड काउंटी क्रिकेट में मिडलसेक्स के साथ भी काम किया और दक्षिण अफ्रीका की घरेलू लीग में टाइटंस टीम के भी कोच रहे।

# वू ने रूड को चौंकाया, ज्वेरेव आगे बढ़े



● **अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-2 6-2 से जीत हासिल की**

**मेक्सिको, वार्ता।** क्वालिफायर वू यिबिग ने मंगलवार रात एबिएर्टो मेक्सिकनो टेलसेल में तीसरी सीड कैस्पर रूड को 7-6(2), 7-6(1) से हराकर अपने करियर की तीसरी टॉप 20 जीत हासिल की। चीनी स्टार, जिन्होंने पहले 2023 में टेलर फिट्ज और पिछले सितम्बर में दानिल मेदवेदेव को हराया था, दो टाई-ब्रेक में शानदार रहे क्योंकि उन्होंने एक एग्रेसिव गेम प्लान के साथ रूड को हरा दिया। वू ने जीत के बाद कहा कि मुझे लगता है कि जब भी वह मुझ पर बहुत ज्यादा प्रेशर डाल रहे थे, मैं शांत रहा।बेशक कैस्पर टूर पर रैली खेलने वाले सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक हैं, और मुझे सच में सब्र रखना था और साथ ही एग्रेसिव भी रहना था। वू ने अपनी पहली सर्व का सिर्फ 62 परसेंट ही किया, और रूड के दूसरी सर्व पर अटैक करने का प्रेशर महसूस किया। लेकिन उनकी सर्विस सिर्फ एक बार टूटी, और दूसरे सेट के बीच में दोनों ने एक-दूसरे को ब्रेक दिया। एटीपी रैंकिंग में नंबर 12 खिलाड़ी के खिलाफ जीत के साथ, अकापुल्को में डेब्यू करने वाले इस खिलाड़ी ने इवेंट में और रूड के साथ अपनी हेड2हेड सीरीज में 1-0 का सुधार किया। कार्लोस अल्काराज के खिलाफ एक जबरदस्त ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में हार के बाद अपने पहले कॉम्पिटिटिव एक्शन में, अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी मंगलवार रात अकापुल्को में अपने कैंपेन की शानदार शुरुआत की। ज्वेरेव ने कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। टॉप सीडेड जर्मन खिलाड़ी ने एक भी ब्रेक पॉइंट नहीं दिया, और पहले सर्व में और पहले सर्व में जीते गए पॉइंट्स पर 79 परसेंट अंक हासिल किए। अकापुल्को में अपनी 15वीं जीत के साथ, ज्वेरेव (15-5) 2014 में हार्ड कोर्ट पर स्विच होने के बाद से इस इवेंट में सबसे ज्यादा जीत के मामले में राफेल नडाल (15-2) की बराबरी पर आ गए।

## हैदराबाद महिला क्वालिफायर के लिए पूरी तरह तैयार

**हैदराबाद, वार्ता।** एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप में बची हुई आखिरी जगहों के लिए रेस तेज हो गई है। बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले विश्व कप के लिए 8 विमेंस टीमें 8-14 मार्च तक हैदराबाद, तेलंगाना, में मुकाबला करेंगी। ए टीमें 16 टीमों वाले वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करने की कोशिश में भिड़ेंगी। यह वर्ल्ड कप 15-30 अगस्त 2026 तक बेल्जियम के वावरे और नीदरलैंड्स के एम्सटलवीन में होगा। कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप और एफआईएच हॉकी प्रो लीग पहले ही नौ क्वालिफायर तय कर चुकी हैं, इसलिए यह इवेंट इन आठ उभरते देशों के लिए हॉकी के इस बड़े इवेंट के लिए अपना टिकट बुक करने का आखिरी रास्ता है। टूर्नामेंट का फॉर्मेट फील्ड को चार टीमों के दो पूल में बांटता है, जिसमें हर पूल से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचती हैं। दोनों सेमीफाइनल और ब्रॉन्ज

# अमेलिया केर के शतक से जीता न्यूजीलैंड

● **कप्तान अमेलिया केर के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने जिम्बाब्वे को 92 रनों से हराया**



**हैमिल्टन, वार्ता।** कप्तान अमेलिया केर (नाबाद 101/ दो विकेट ) के हरफनमौल प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को पहले टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 92 रनों से शिकस्त दी। 203 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की महिला टीम की शुरुआत खराब रही और उसने मात्र पांच रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। जिम्बाब्वे की दोनों बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल पाई। जिम्बाब्वे को ए पांचों रन अतिरिक्त के रूप में प्राप्त हुए। इसके बाद चिपो मुगेरी-तिरिपानो और बी बिजा की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़े। सातवें ओवर में अमेलिया केर ने चिपो मुगेरी-तिरिपानो (19) रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई कप्तान जे-नकोमो ने बी बिजा के साथ चौथे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। 17वें ओवर में अमेलिया केर ने जे-नकोमो (25) को आउट कर जिम्बाब्वे को चौथा झटका दिया। न्यूजीलैंड के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे की टीम निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 110 रन ही बना सकी और 92 रनों से मुकाबला हार गई। बी बिजा ने 49 रनों की नाबाद पारी खेली। न्यूजीलैंड महिला टीम के लिए अमेलिया केर ने चार ओवरों में 14 रन देकर दो विकेट झटके। ब्री इलिग, जेस केर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां जिम्बाब्वे की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए जॉर्जिया प्लिमर और इसाबेला गेज की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। छठे ओवर में न्याशा ग्वानजुरा ने जॉर्जिया प्लिमर को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। जॉर्जिया प्लिमर ने 20 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 32 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई अमेलिया केर ने विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टीम के लिए निर्धारित 20 ओवरों में एक विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

## सिदरा अमीन को आईसीसी आचार सहिता उल्लंघन पर लगी फटकार



**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान महिला टीम की खिलाड़ी सिदरा अमीन को आईसीसी आचार सहिता के लेवल 1 के उल्लंघन को लेकर फटकार लगाई गई है। सिदरा को आईसीसी आचार सहिता के लेवल 1 के आर्टिकल 2-2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। जो 'अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या वस्त्र, मैदान उपकरण या फिटिग का दुरुपयोग' से संबंधित है। इसके लिए उन्हें आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई गई। इसके अलावा, सिदरा के डिसिप्लिनरी रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह उनके लिए यह 24 महीने में दूसरी गलती थी, जिससे उनके डिमेरिट पॉइंट्स की संख्या दो हो गई।यह घटना रविवार को ब्लोमफोंटेन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले के दौरान पाकिस्तान की पारी के 24वें ओवर में हुई, जब आउट होने के बाद, सिदरा ने क्रीज छोड़ने से पहले अपना बल्ला जमीन पर

# द. अफ्रीका से हार भारत को जगाने वाली: शास्त्री

**चेन्नई, वार्ता।** भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री का मानना है कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 सुपर आठ स्टेज में दक्षिण अफ्रीका से भारत की 76 रन की हार डिफेंडिग चैंपियन के लिए वेक-अप कॉल साबित हो सकती है, जिसकी उन्हें अपने कैंपेन को फिर से शुरू करने के लिए जरूरत थी। भारत की हार ने टूर्नामेंट के पिछले दो एडिशन में लगातार 12 जीत के शानदार सिल. सिले को खत्म कर दिया। आईसीसी ने शास्त्री के हवाले से कहा कि हार की टाइमिंग टीम को जरूरी मैचों से पहले अपने अप्रोच को फिर से देखने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि इतनी लंबी जीत के बाद एक दिन की छुट्टी तो होनी ही थी और यह झटका टीम मैनेजमेंट को टीम कंपो. जिशन पर फिर से सोचने और कॉम्पिटिशन के अहम फेज में लापरवाही से बचने के लिए मजबूर कर सकता है। साउथ अफ्रीका ने डेविड मिलर और डेवाल्ड ब्रेविस के बीच मजबूत पार्टनरशिप की वजह से 20/3 से उबरकर 187/7 का स्कोर बनाया। जवाब में, अहमदाबाद की मुश्किल पिच पर भारत को संघर्ष करना पड़ा और टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर आउट हो गई। सिलेक्शन के फैसले भी जांच के दायरे में आए, खासकर वाइस-कैप्टन अक्षर पटेल से पहले वाशिगटन सुंदर को शामिल करने पर। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि भारत को मैच-अप पर ज्यादा जोर देने के बजाय अपनी बेस्ट ग्ग उतारने पर ध्यान देना चाहिए।

## अपराजित टीमों में होगी टक्कर

**अहमदाबाद, वार्ता।** दो ऐसी टीमों के बारे में कुछ बहुत ही दिलचस्प है जिन्होंने अभी तक हार का स्वाद नहीं चखा है, जब वे एक ही मैदान में उतरती हैं। यह माहौल को तेज करता है, मार्जिन को कम करता है और विचारों को साफ करने पर मजबूर करता है। गुरुवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका न सिर्फ जीत के रिकॉर्ड के साथ आ रही हैं, बल्कि उनकी पहचान भी इस बात से बनी है कि उन्होंने कैसे जीता है।


उत्तर रेलवे

शुद्धि पत्र

Tender Notice-12-Ansaldo, SNT-Sig-Datalogger, Earthing-Improvement Date. 23.02.2026

विषयः-मुरादाबाद मंडल के संकेत एवम् दूरसंचार के टेंडर की निविदा के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः- (1) इस कार्यालय का टेंडर नोटिस संख्या 12- Ansaldo, SNT-Sig-Datalogger, Earthing- Improvment dated 12.02.2026

उक्त सन्दर्भ में मुरादाबाद मंडल की एस. एंड टी. शाखा के निम्न कार्य के लिए निविदा खोलने की तिथि में बदलाव किया गया है-

| सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | निविदा खोलने के लिए पुरानी तिथि और समय | निविदा खोलने के लिए नयी तिथि और समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | SNT-SIG-Datalogger-2024 रिप्लेसमेंट ऑफ ओवरएज्ड 60 स्टेशन डाटा लोगर ओवर मुरादाबाद डिवीज़न | 12/03/2026 15:00 hrs. | 16/03/2026 15.00 hrs. |

निविदा की अन्य नियम व शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

नोटः निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 636/2026



उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेंडर निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No./Date | 311-DRM-MB-25-26 Date: 24.02.2026 |
| Name of work | Improvement to various service buildings, road surface in colonies and development of parks in colonies along with other works in the section of SSE/W/MB under ADEN/HQ/MB. |
| Tender Closing Date Time | 24.03.2026 |
| Advertised Value(₹) | ₹4,31,24,125.11 |
| Earnest Money(₹) | ₹3,65,600/- |
| Tender Cost (₹) | ₹0.00/- |
| Bidding Start Date | 10.03.2026 |
| Period of Completion | 06 Months |

पत्रांक: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 24.02.2026 630/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता /प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या | 305-DRM-MB-25-26 23.02.2026 | 306-DRM-MB-25-26 23.02.2026 | 307-DRM-MB-25-26 23.02.2026 | 308-DRM-MB-25-26 23.02.2026 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | TBCSR-H Beam Sleepers at Br No-1251 UP and 1252DN on MB-SRE section, Bridge No-28,61 and 139 on LRJ-DDN section (Total 1127 Nos.) in the section of Sr.DENI/MB (Est. 121/25 SF | Upgradation of Dehradun station | Upgradation of Haridwar station | Upgradation of Aithal, Pathri, Ikkar, Jwalapur, Motichur, Rishikesh, Laksar stations of Moradabad division under Sr. DEN/I/MB. |
| निविदा का प्रकार | Works | Works | Works | Works |
| निविदा की कीमत | NIL | NIL | NIL | NIL |
| अनुमानित लागत | 3,64,83,469.34 | 8,09,13,230.73 | 5,76,08,337.15 | 12,06,95,144.66 |
| धरोहर राशि | 3,32,400.00 | 5,54,600.00 | 4,38,100.00 | 7,53,500.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 20.03.2026 16:00 | 20.03.2026 16:00 | 20.03.2026 16:00 | 20.03.2026 16:00 |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 06.03.2026 | 06.03.2026 | 06.03.2026 | 06.03.2026 |
| ऑफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 90 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 06 Months | 06 Months | 08 Months |

टेन्डर न. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 24.02.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 631/26

# गृह कलह के चलते महिला ने फांसी लगाकर दी जान पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा

**कांठ( शाह टाइम्स )।** ग्रह के चलते एक महिला ने अपनी जान दे दी सूचना मिलने ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मृतक के शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया मृतका अपने पीछे डेढ़ साल की बच्ची छोड़ गई है। पुलिस ने मृतका के पति और ससुर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।




ईदगाह नई बस्ती निवासी नदीम पुत्र सलीम पंजाब में रहकर बेकरी में काम करता है उसकी पत्नी मुस्कान भी उसी के साथ पंजाब में रह रही थी बताया गया कि दो दिन पहले मियां बीवी दोनों पंजाब से आए लेकिन तभी से दोनों के बीच कहा सुनी चल रही थी आज सुबह भी दोनों में काफी झगड़ा हुआ इस झगड़े को खत्म करने के लिए नदीम की मां जुल्फिकार ठेकेदार के पास पहुंची और उनसे घर चलकर बेटे और बहू के बीच समझौता कराने की गुहार लगाई लेकिन जब तक जुल्फिकार महिला के साथ उसके घर पहुंचे तब तक महिला ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई सीओ अभिनव द्विवेदी और नायब तहसीलदार योगेश चंद शर्मा भी मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी की पूछताछ के लिए पुलिस ने नदीम और उसके पिता सलीम को थाने ले जाकर बैठा दिया उसके बाद फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और मौके पर साक्ष्य इकट्ठा किए। आसपास के लोगों का कहना था की नदीम की शादी करीब ढाई साल पहले मुस्कान के साथ हुई थी उसके एक डेढ़ साल की बच्ची भी है।

लेकिन दोनों में किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता रहता था इसी झगड़े से बचने के लिए नदीम पंजाब में रहकर काम कर रहा था 2 दिन पहले ही वह घर आया था और तभी से दोनों के बीच कहा सुनी चल रही थी कुछ लोगों का तो यह भी कहना था की मुस्कान के साथ मारपीट भी की गई थी फिलहाल पुलिस ने मृतक के शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है मृतक के पति और ससुर से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# पाकबड़ा चेयरमैन मो. याकूब प्रतिदिन करा रहे रोजा इफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पाकबड़ा।** पाकबड़ा चेयरमैन मोहम्मद याकूब के निजी कार्यालय पर प्रतिदिन रोजेदारों को रोजा इफ्तार कराया जा रहा है। यह सिलसिला हर वर्ष जारी रहता है, जिसमें रमजान में रोजेदारों को इफ्तार कराने का जो आला सवाब है, उसे प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है। चेयरमैन मोहम्मद याकूब हर साल नगर पंचायत पाकबड़ा के प्रति घर रोजा इफ्तार का पैगाम पहुँचाते हैं। इस वर्ष भी उन्होंने इस परंपरा को जारी रखा है और प्रतिदिन रोजेदारों को इफ्तार कराने का आयोजन किया है।

आज सातवें दिन भी इफ्तार करने वालो का हुजूम रहा। इस आयोजन में रोजेदारों को इफ्तार के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे जाते हैं, जिसमें फल, शर्बत, और अन्य व्यंजन शामिल हैं। चेयरमैन मोहम्मद याकूब का यह प्रयास रोजेदारों के लिए बहुत ही सराहनीय है और उन्हें रमजान के महीने में राहत प्रदान करता है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल की और से कांठ में अभिभावक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के तत्वाधान में नगर में अभिभावक जागरुक गोष्ठी का आयोजन किया गयास मुख्य बाजार स्थित वैश्य धर्मशाला में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य सुदर्शन सोनार ने कहा कि विश्व स्तर की सुविधाओं से युक्त दिल्ली पब्लिक स्कूल कांठ- मुरादाबाद रोड पर कुचावली में खुल गया है यहां शिक्षा सत्र 6 अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगा उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को शिक्षित और संस्कारवान बनाने के लिए इस स्कूल में दाखिला दिलाने का आह्वान कियास उन्होंने कहा कि इस स्कूल में विश्व स्तरीय सुविधाएं, बाल-केंद्रित एनईपी 2020 पाठ्यक्रम और गतिविधि-आधारित शिक्षण प्रदान करता है। हमारा ध्यान



सर्वांगीण विकास पर है, जिसमें युवा प्रतिभाओं को शैक्षणिक, रचनात्मक और खेलकूद में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए पोषित किया जाएगा यहां पर 20 से अधिक राष्ट्रीय खेल - (तीरंदाजी, शूटिंग रेंज, स्केटिंग, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, पूल गेम, टेबल टेनिस 9 लेयर वाले अंतरराष्ट्रीय मानक कोर्ट- लॉन टेनिस, बास्केटबॉल, 2 पिकलबॉल और 2 इंडोर कोर्ट बैडमिंटन कोर्ट,मिनी- ओलंपिक आकार का स्विमिंग पूल, सर्वोत्तम श्रेणी का पूर्णतः एसी युक्त बुनियादी ढांचा,विशाल कक्षाएँ शिक्षण-अधिगम के लिए एआई-सक्षम इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल,चिकित्सा देखभाल सुविधा (अस्पताल), परिसर पूरी तरह से सीसीटीवी निगरानी, जीपीएस, स्पीड कंट्रोलर, सीसीटीवी, पैनिक बटन से लैस एसी वाहन,-सीबीएसई के जीवन कौशल विषय और परामर्शदाता का सहयोग आदि सुविधाएं हैंस दिल्ली पब्लिक स्कूल, कुचावली, मुरादाबाद द्वारा आयोजित जागरुक गोष्ठी में स्कूल के प्रिंसिपल सुदर्शन सोनार, एच.आर. हेड कमलेश पंत ,एडमिशन इंचार्ज अपूर्वा चौधरी,संदीप जैन (प्रो वाइस चेयरमैन, डीपीएस मुरादाबाद) आदि ने संबोधित कियासइस अवसर पर वैश्य सभा के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद गुप्ता, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, शाह टाइम्स के तहसील प्रभारी ओमवीर सिंह बिश्नोई, अमृत विचार के तहसील प्रभारी अनिल शर्मा, नगर के प्रसिद्ध ज्वेलर्स संजय जैन, अभय बिश्नोई, राजीव अग्रवाल, तनवीर आलम, आदि लोग मौजूद थे स स्कूल के प्रिंसिपल सुदर्शन सोनार ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल की उत्तर प्रदेश में 48 और पूरे देश में 252 एवं विदेश में 32 ब्रांच हैस आगंतुकों का आभार संदीप जैन में व्यक्त किया।

# महिलाओं व बालिकाओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं-बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत बुधवार को मिशन शक्ति टीम में नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी



रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों- कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज व किसानों ने निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार को चन्दौसी-शाहबाद मार्ग स्थित असालतपुर जारई चौराहे पर सवर्ण समाज एवं किसानों ने एकत्रित होकर यूजीसी कानून के विरोध में रैली निकाली। राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा के नेतृत्व में लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग की। रैली असालतपुर जारई चौराहे से प्रारंभ होकर पैदल मार्च करते हुए बदायूं चुंगी स्थित महाराणा प्रताप चौक पहुंची, जहां इसे जनसभा में परिवर्तित कर दिया गया। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वरदयाल शर्मा ने शपथ दिलाई की कि जब तक यूजीसी कानून वापस नहीं होगा तब तक कोई भी सवर्ण समाज के लोग 2027 या 2031 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को वोट नहीं देगा जिसकी शपथ सभी लोगों ने ली। उसके पश्चात अन्य व्यक्तियों ने भी सभा को संबोधित किया। सभा के उपरांत तहसील चन्दौसी पहुंचे, जहां उन्होंने नायब तहसीलदार सतेंद्र चहर को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।




ज्ञापन में यूजीसी कानून का विरोध करते हुए इसे वापस लेने की मांग की गई। साथ ही जातिगत भेदभाव समाप्त करने, आरक्षण व्यवस्था में बदलाव कर आर्थिक आधार को प्राथमिकता देने तथा सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई। ज्ञापन देने वालों में शिव शर्मा, शैलभ शर्मा, संजीव राघव, राहुल कश्यप, अमन राठौर, वीरेंद्रसिंह तोमर, अमरसिंह तोमर, रामपाल सिंह, ओमवीर सिंह, दुष्यंत सिंह, गुरवीर सिंह, अजेंद्र राघव, सुनील राघव, सुदेश राघव, शानू शर्मा, एम. पी. सिंह, मोहित, सचिन राघव, अवधेश राघव आदि लोग रहे।

## सफाई कर्मचारी संघ का मंडलीय अधिवेशन 27 फरवरी को झांसी में

चन्दौसी। स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ, उ.प्र. द्वारा 27 फरवरी को झांसी में कार्यकारिणी मंडलीय अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश भर के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भाग लेंगे। जिलाध्यक्ष संभल अजय कुमार राजवर ने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर संघ द्वारा अलग-अलग मंडलों में अधिवेशन व सम्मान समारोह किये जा रहे हैं। इन सभी का सीधा उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करना है। राजवर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नागर ने प्रदेश के 25 जिलों को आमंत्रण दिया है जिसमें एटा, कासगंज, अलीगढ़, कन्नौज, संभल, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, बिजनौर, मेरठ, हाथरस, हापुड़, नोएडा, बदायूं, फिरोजाबाद, मऊ, मैनपुरी, सीतापुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर आदि सम्मिलित होंगे। सम्मेलन में संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थाई कराना, वेतन वृद्धि, एरियर, ईपीएफ जैसे अन्य ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# वीनस शुगर मिल ने सघन गन्ना विकास कार्यक्रम के तहत किसानों को वितरित किए छोटे ट्रैक्टर

**चन्दौसी।** वीनस शुगर मिल द्वारा किसान हित में चलाई जा रही योजनाओं के अंतर्गत सघन गन्ना विकास कार्यक्रम के तहत बुधवार को मिल परिसर में 10 उन्नतशील किसानों को छोटे ट्रैक्टर वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्रीय गन्ना किसानों को प्रोत्साहित करना तथा गन्ना खेती में मशीनीकरण को बढ़ावा देना है।

वीनस ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर अतुल कुमार सिंह ने कहा कि छोटे ट्रैक्टर से 05 फिट की दूरी ट्रैंच विधि द्वारा गन्ना बुवाई, जुताई मिट्टी चढाना और कीटनाशक दवाओं का स्प्रे करना अपेक्षाकृत आसान है जिससे गन्ने की पैदावार अधिक हो सके। वीनस ग्रुप के सीईओ अनुपम कुमार सिंह ने सभी किसानों एवं अतिथियों को धन्यवाद दिया एवं किसानों से खेती में मशीनीकरण के लिए आग्रह किया। गन्ना समिति के चेयरमैन हिमांशु प्रताप सिंह ने अपील की कि चीनी मिल द्वारा गन्ना बीज एवं कीटनाशकों पर भारी अनुदान दिया जा रहा है इसका लाभ क्षेत्रीय किसान उठाएं। गन्ना परिषद के चेयरमैन जितेंद्र प्रताप सिंह ने अनुरोध किया कि अस्वीकृत प्रजाति के स्थान पर स्वीकृति प्रजाति के गन्ने की बुवाई करें। गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन सुबोध शर्मा ने क्षेत्रीय किसानों से मिल को ताजा व स्वस्थ गन्ना आपूर्ति करने की अपील की। इस अवसर पर वीनस शुगर के सहायक उपाध्यक्ष आर.के. सिंह, सीएफओ सचिन गुप्ता, शाहिद खान, गन्ना समिति के डायरेक्टर अमित रस्तोगी, प्रमोद कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।



# चार माह से मानदेय न मिलने पर एसएम कॉलेज के सहायक प्रोफेसरों में रोष

## होली के त्यौहार पर आर्थिक तंगी, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ0 गीता शर्मा को एक वर्ष से नहीं मिला है मानदेय

**चन्दौसी।** नगर के एस.एम. कॉलेज में कार्यरत सहायक प्रोफेसरों को पिछले चार माह से मानदेय न मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। उच्च शिक्षित एवं प्रशिक्षित गुरुजन प्रतिदिन महाविद्यालय पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उनके कार्य के बदले निर्धारित मानदेय नहीं मिल पा रहा है। इससे उनके सामने परिवार के भरण-पोषण का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। महाविद्यालय में सेल्फ फाइनेंस योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, जिनमें एमएससी जूलॉजी, बॉटनी, हिस्ट्री, सोशियोलॉजी, होम साइंस आदि विषय शामिल हैं, में लगभग 14 से अधिक सहायक प्रोफेसर कार्यरत हैं। इन शिक्षकों का कहना है कि अल्प मानदेय में भी वे पूरी निष्ठा के साथ छात्रों को शिक्षित कर रहे हैं, लेकिन पिछले चार माह से उनके खातों में एक माह का भी मानदेय नहीं पहुंचा है। कुछ शिक्षकों का यह



भी कहना है कि उन्हें लंबे समय से मानदेय नहीं मिला, जिससे उनके सामने रोजमर्रा के खर्च पूरे करना भी कठिन हो गया है। सहायक प्रोफेसरों ने इस समस्या को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र मानदेय भुगतान की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो उन्हें मजबूरन आंदोलन और हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। शिक्षकों ने उम्मीद जताई है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान किया जाएगा, ताकि वे बिना किसी आर्थिक तनाव के अपने शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

## एक नजर



### पाकबड़ा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, गंभीर रूप से हुआ घायल

**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के उमरी सब्जीपुर में देर रात सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मझोला थाना क्षेत्र के धीमरी निवासी शोभित पुत्र मदनपाल हलवाई का काम करता है। वह देर रात काम खत्म कर अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि शोभित गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी और घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

चिकित्सकों के अनुसार युवक को गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत पर नजर रखी जा रही है।घायल युवक के भाई अनिल ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### एनसीईआरटी पुस्तकों को लागू न करने वाले निजी विद्यालयों पर की कार्रवाई की मांग



**मुरादाबाद।** सत्र 2026-2027 में एनसीईआरटी की पुस्तकें लागू न करने वाले निजी विद्यालयों के खिलाफ अभिभावकों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को "पेरेंट्स ऑफ ऑल स्कूल" के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि अधिकांश निजी विद्यालय प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों की अनदेखी कर रहे हैं।ज्ञापन में कहा गया कि जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि नए शैक्षिक सत्र 2026-27 में एनसीईआरटी पुस्तकों को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए, ताकि अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। इसके बावजूद कई निजी विद्यालयों ने एनसीईआरटी के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें लागू कर दी हैं, जिससे अभिभावकों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि ऐसे विद्यालयों की जांच कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा सभी स्कूलों में समान रूप से एनसीईआरटी पुस्तकों को लागू कराया जाए। अभिभावकों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे व्यापक स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।इस दौरान अनुज गुप्ता एडवोकेट, अंकित अग्रवाल एडवोकेट, राजदीप गोयल एडवोकेट सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे। जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से मामले की जांच कर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया गया है।

### हाईस्कूल विज्ञान में 227 इंटर रसायन में 162 तथा समाजशास्त्र में 40 गैरहाजिर



**कुन्दरकी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा में 429 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। बोर्ड परीक्षा नोडल अधिकारी लोकेश कुमार ने बताया कि कुन्दरकी ब्लॉक में प्रथम पाली हाईस्कूल विज्ञान में पंजीकृत 3798 परीक्षार्थियों में से 227 तथा द्वितीय पाली इण्टर समाजशास्त्र में पंजीकृत 469 में से 40 जबकि रसायन विज्ञान में पंजीकृत 2105 में से 162 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। अब्दुल हामिद मैमोरियल इण्टर कॉलेज रतनपुर कलां में अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक तसलीम खान ने बताया कि द्वितीय पाली में सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा ने निरीक्षण किया।

परीक्षा केंद्र पर समस्त व्यवस्थाएं दुरुस्त पाये जाने पर सराहना की। इस अवसर पर केंद्र व्यवस्थापक मौज सुल्तान, स्टेटिक मजिस्ट्रेट शांतवीर सिंह तथा पर्यवेक्षक उपासना यादव परीक्षा सहायक अतुल कुमार, अशोक कुमार, उवैस सुल्तान आदि उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से छात्राओं को दिखाई गई डॉक्युमेंट्री

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान एवं 'जीरो फेटेलिटी समाधान 2026' के अंतर्गत गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा के निर्देशन में सड़क सुरक्षा, फर्स्ट रिस्पांडर तथा बेसिक ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट विषय पर डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आपात स्थिति में प्राथमिक सहायता के प्रति जागरूक करना रहा।इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने अपने संदेश में कहा कि शहीद भगत सिंह नौजवान सभा वर्ष 2011 से लगातार सड़क सुरक्षा मिशन पर सक्रिय है और लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक कर दुर्घटनाओं को कम करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग और नशे में ड्राइविंग के खिलाफ चलाए जा रहे।

अभियानों से अनेक जिंदगियां बचाई गई हैं।उन्होंने छात्राओं से संकल्प लेने का आह्वान किया कि वह स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में समस्त प्रवक्ताओं एवं लगभग 200 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 26 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कब रुकेंगे ट्रम्प

भारतीय समय के अनुसार बुधवार सुबह अमेरिकी संसद में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भाषण दिया। इस भाषण को स्टेट ऑफ द यूनियन स्पीच कहा जाता है। 1 घंटा 50 मिनट दिए अपने भाषण में ट्रम्प ने एक बार फिर भारत-पाक जंग रुकवाने का राग अलापा। जो लोग ट्रम्प के इस दावे को जानते हैं, उनके अनुसार ऐसा दावा वह सौ से अधिक बार कर चुके हैं। जहां तक बात भारत की है, भारत अभी भी यही कहता रहा है कि किसी तीसरे पक्ष का पाक के साथ संघर्ष विराम को लेकर कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन ट्रम्प हैं जब कोई भी मौका हो यह दावा करने से नहीं चूकते कि उन्होंने दुनिया में कई जंगें रुकवाईं और विशेष रूप से वह भारत-पाक छिड़े संघर्ष का जिक्र करने से नहीं चूकते और अब तो वह खुलकर नाम लेकर यह भी कहते हैं कि उनकी इस पहल के चलते करीब 3.5 करोड़ लोग काल का ग्रास बनने से बच गए। उनकी नजर में यह युद्ध परमाणु युद्ध के मुहाने पर पहुंच गया था और बहुत बड़ी तबाही ला सकता था। पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी ट्रम्प की हां में हां मिलाते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन भारत दुविधा में है। सवाल यह नहीं है कि ट्रम्प क्या दावा कर रहे हैं, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि हम ट्रम्प के दावे को उस तरह नहीं नकार पा रहे हैं जिस तरह की भाषा ट्रम्प समझ सकते हैं। देश के अंदर तमाम विरोधी राजनीतिक दल पीएम मोदी से कई बार गुहार लगा चुके हैं कि वह ट्रम्प के इन दावों को कड़ी प्रतिक्रिया दें, लेकिन पीएम मोदी की तरफ से कभी ट्रम्प को लेकर कड़ा रुख देखने में नहीं आया। इससे संशय आज तक बना हुआ है कि आखिर वास्तविकता क्या है। पता नहीं यह स्थिति भारत की तरफ से कब साफ होगी, लेकिन इस तरह की बातों से देश की छवि जरूर प्रभावित होती है। यूं तो ट्रम्प अपने बड़बोलेपन के लिए जाने जाते हैं और ऐसे में उनकी बातों को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया जा सकता, लेकिन साथ-साथ यह भी धारणा बनती है कि अमेरिका जैसे देश का शक्तिशाली राष्ट्रपति ऐसे ही हवा में अपनी बातों को नहीं कहेगा। इसलिए सच देश की जनता के सामने आना ही चाहिए, ताकि इस तरह की बातों पर विराम लग सके। भारत-पाक ही नहीं बल्कि वह तो सोमालिया, इजरायल, फलस्तीन, सीरिया जैसी जगहों पर भी जंग रुकवाने की बात करते हैं। वैसे देखा जाए तो जंग रुकवाना कोई बुरी बात नहीं है और यदि कोई भी इस तरह की बातों में अपना योगदान देता है, तो यह अच्छी ही बात है और इसमें किसी को आपत्ति भी नहीं होनी चाहिए, लेकिन बात तब बिगड़ जाती है जब किसी दावे के पीछे अपना अच्छा काम बताना मकसद न होकर राजनीतिक एजेंडा सामने रखना हो, जोकि डोनाल्ड ट्रम्प के कथन में देखा जाता है। ट्रम्प को भी समझना होगा कि इस तरह की बातों से द्विपक्षीय संबंधों पर प्रभाव पड़ता है, जो न अमेरिका के हित में है और न ही भारत के।

## दीपक जैसे युवा साहस की राह दिखाते हैं



नफरत फैलाने वालों से डरने की बजाय सद्भाव का माहौल कायम रखते हुए साहस दिखाकर देशभक्ति का परिचय देना चाहिए, सद्भाव तथा मोहब्बत की विचारधारा असंख्य देशवा. सियों में है, लेकिन मन में भय होता है और दीपक जैसे युवा उन्हें साहस की राह दिखाते हैं, समाज में जो नफरत फैलाते हैं, उनसे डरना नहीं चाहिए, बल्कि साहस से खड़ा होने की जरूरत है, यही सबसे बड़ी देशभक्ति है, करोड़ों भारतीयों के दिलों में सद्भाव और मोहब्बत की विचारधारा है, मगर मन में भय भी है, मोहम्मद दीपक ने उन सभी को अपने साहस से राह दिखाई है, जो लोग नफरत फैलाकर समाज को डराने की कोशिश करते हैं, वो दरअसल कायर होते हैं, उनसे कभी भी डरो मत।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# भारत के विमानन क्षेत्र को सुरक्षित कैसे बनाया जाए





रजनीश कपूर

> गौरतलब है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन डीजीसीए में 50 प्रतिशत से अधिक स्टाफ की कमी है। डीजीसीए में 1630 पदों पर केवल 829 ही भरे हैं। इनमें एयरवर्थिनेस विंग में 44 और एयर सेफ्टी विंग में 30 वैकेंसी हैं। इन सबका कारण स्पष्ट है, स्वायत्तता की कमी, जो निर्णय लेने में देरी करती है। वहीं संघ लोक सेवा आयोग व स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा भर्ती में देरी, आकर्षक वेतन का न होना और विशेषज्ञ पायलट/इंस्पेक्टर्स का न मिलना भी एक अहम कारण है। दूसरी ओर कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ पर निर्भरता जवाबदेही को घटाती है, जिससे निगरानी कमजोर पड़ती है।

हाल ही में निजी चार्टर विमानन कंपनियों से जुड़ी विमान दुर्घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया है। महाराष्ट्र के बरा. मती में 28 जनवरी 2026 को एक निजी चार्टर कंपनी के लीअरजेट क्रैश में पांच लोगों की मौत, जिसमें उप-मुख्यमंत्री अजित पवार शामिल थे, ने निजी चार्टर क्षेत्र की कमियों को उजागर कर दिया है। इसी तरह कुछ दिन पहले झारखंड में एयर एम्बुलेंस क्रैश और अंडमान में हेलीकॉप्टर हादसे ने भी कई सवाल खड़े किए हैं कि आखिर नॉन-स्केडड्यूल्ड ऑपरेटर्स परमिट NSOP धारक कंपनियां सुरक्षा मानकों की अनदेखी क्यों कर रही हैं?

जहां एक ओर भारत में निजी चार्टर विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, वहीं इस क्षेत्र में सुरक्षा मानकों का पालन ठीक से नहीं हो रहा। डीजीसीए की ऑडिट में पाया गया कि एक निजी चार्टर कंपनी में एयरवर्थिनेस, फ्लाइट ऑपरेशंस और मेंटेनेंस में गंभीर उल्लंघन थे, जिसके चलते चार विमान ग्राउंड कर दिए गए। गौरतलब है कि पिछले एक दशक में 20 से अधिक दुर्घटनाएं NSOP ऑपरेटर्स से जुड़ी पाई गईं, जिनकी मुख्य वजहें स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स का पालन न करना, अपर्याप्त फ्लाइट प्लानिंग और ट्रेनिंग की कमी रही हैं। उल्लेखनीय है कि प्राइवेट चार्टर कंपनियों द्वारा पुराने विमानों का रखरखाव न करना, फ्यूल लॉग्स में हेरफेर और अनधिकृत उड़ानें आम हैं। जाहिर सी बात है कि ऐसी खामियां व्यावसायिक दबाव के कारण ही होती हैं। अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन ICAO संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है जो 193 देशों को आपसी सहयोग और साझा हवाई परिवहन के माध्यम से पारस्परिक लाभ प्राप्त करने में मदद करती है। भारत में भी निजी चार्टर कंपनियां ICAO और डीजीसीए दिशानिर्देशों पर आधारित हैं। लेकिन अफसोस की बात है कि इनका पूर्ण अनुपालन नहीं होता। क्योंकि इस क्षेत्र में काफी विविधता है, कॉर्पोरेट ट्रैवल से लेकर पर्यटन तक। ऑपरेटर्स न्यूनतम अनुपालन पर ही टिके रहते हैं, जबकि इन कंपनियों से भी शेड्यूल्ड एयरलाइंस जैसे उच्च मानक अपेक्षित हैं। सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टमप्रक्रियागत है, न कि भविष्यवाणी करने वाला, परंतु देखा गया है कि डीजीसीए की कमजोर निगरानी के कारण निजी चार्टर ऑपरेटर्स स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स को बड़े आराम से नजरअंदाज कर देते हैं, खासकर घने कोहरे या खराब मौसम में। जानकारों की मानें तो डीजीसीए में बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार सुरक्षा मानदंडों को कमजोर कर रहा है। हाल ही में कैप्टन अनिल गिल जैसे वरिष्ठ अधिकारी पर उड़ान प्रशिक्षण संगठनों FTOs से रिश्वत लेने के आरोप लगे, जिसमें विमान सस्ते में लेना और ऑडिट में छूट देना शामिल था। पुराने मामलों में भी जॉइंट डायरेक्टर जनरल के पदों पर तैनात अधिकारियों पर फ्लाइंग स्कूलों को अनियमित एक्सटेंशन देने के आरोप सिद्ध हुए। यह भ्रष्टाचार सुरक्षा उल्लंघनों को बढ़ावा देता है, क्योंकि ऑपरेटर्स रिश्वत देकर मानक टाल देते हैं। जिससे विमान यात्रा और यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है।

गौरतलब है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन डीजीसीए में 50 प्रतिशत से अधिक स्टाफ की कमी है। डीजीसीए में 1630 पदों पर केवल 829 ही भरे हैं। इनमें एयरवर्थिनेस विंग में 44 और एयर सेफ्टी विंग में 30 वैकेंसी हैं। इन सबका कारण स्पष्ट है, स्वायत्तता की कमी, जो निर्णय लेने में देरी करती है। वहीं संघ लोक सेवा आयोग व स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा भर्ती में देरी, आकर्षक वेतन का न होना और विशेषज्ञ पायलट/इंस्पेक्टर्स का न मिलना भी एक अहम कारण है। दूसरी ओर कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ पर निर्भरता जवाबदेही को घटाती है, जिससे निगरानी कमजोर पड़ती है। विदेशों की तरह भारत में भी निजी चार्टर क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनानी होगी। हाल ही के हादसों के बाद डीजीसीए ने कमर कसी और NSOP ऑपरेटर्स के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। जैसे कि वेबसाइट पर विमान, पायलट डिटेल्स और सेफ्टी रैंकिंग अनिवार्य करनाय कॉकपिट वॉइस रिकॉर्डर/फ्लाइट डेटा का ऑडिट बढ़ानाय पायलटों को सुरक्षा आधार पर फ्लाइट कैंसल करने का पूर्ण अधिकार देना। पुराने विमानों पर सख्त जांच करना, मैनेजमेंट की व्यक्तिगत जिम्मेदारी और लाइसेंस सस्पेंशन जैसे कदम उठाना। मानकीकृत नियमों को एयरलाइंस स्तर का बनाना, फ्लाइट डेटा मॉनिटरिंग अनिवार्य करना। यह 'कड़े' नियम यदि सख्ती से लागू किए जाएं तो शायद ही कोई निजी चार्टर कंपनी इस क्षेत्र में बनी रह पाएगी। यहां पर एक अहम सवाल यह भी उठता है कि क्या डीजीसीए के पास इन नियमों को लागू करवाने के लिए योग्य और अनुभवी विशेषज्ञ हैं? इसका उत्तर है 'नहीं'। कल्पना कीजिए कि यदि किसी विमान हादसे या विमान कंपनी द्वारा की जी अनियमितता की जांच डीजीसीए का कोई ऐसा अधिकारी करे जिसे प्रशासन चलाने का अनुभव तो हो परंतु एविएशन उद्योग का अनुभव न के बराबर हो। जो व्यक्ति किसी अन्य मंत्रालय से स्थानांतरण हो कर आया हो वो इस संवेदनशील क्षेत्र के बारे में क्या ही जानता होगा? नतीजतन योग्यता के ऊपर भ्रष्टाचार हावी हो जाएगा। इसलिए सरकार को इस बात पर विचार करना चाहिए कि डीजीसीए को स्वायत्त भर्ती अधिकार दिए जाएं। विशेषज्ञों के लिए बाजार-आधारित वेतन और ट्रेनिंग प्रदान की जाए। भ्रष्टाचार रोकने के लिए सीबीआई जैसी एजेंसियों से सतत जांच और व्हिसलब्लोअर की सुरक्षा सुनिश्चित करें।भारत का विमानन क्षेत्र दुनिया का सबसे तेज बढ़ने वाला क्षेत्र है, लेकिन अभी भी निजी चार्टर में सुरक्षा की लापरवाही घातक साबित हो रही है। सरकार, डीजीसीए और ऑपरेटर्स मिलकर सुधार करें तो ही यात्रियों का भरोसा बहाल हो सकेगा। भ्रष्टाचार मुक्त, विशेषज्ञों से लैस डीजीसीए और कड़े अनुपालन से नागरिक उड्डयन क्षेत्र सुरक्षित बनेगा। समय रहते कदम उठाएं, वरना और हादसे होंगे और पूरी दुनिया के आगे भारत शर्मसार होता रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राजमाची किले में समाया है अपना अनूठा इतिहास

**राजमाची के आस-पास का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहां की हरियाली, पहाड़ियां और आसपास की नदियां इस स्थान को और भी खूबसूरत बनाती हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं, तो यह .श्य देखने लायक होता है। राजमाची से आपको आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीवों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। राजमाची ट्रेकिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यहां के ट्रेक मार्ग प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए हैं और यह अनुभवियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं।**



राजमाची, महाराष्ट्र के लोनावला क्षेत्र में स्थित एक प्रसिद्ध किला है। यह किला समुद्र तल से लगभग 2,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और यहां से चारों ओर का दृश्य अद्भुत होता है। राजमाची किला न केवल अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यह साहसिकता प्रेमियों के लिए भी एक आदर्श गंतव्य है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

राजमाची का किला भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसे छत्रपति शिवाजी महाराज के समय में बनाया गया था और इसका उद्देश्य इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। किले के भीतर कई प्राचीन मंदिर और संरचनाएं हैं, जो उस समय की स्थापत्य कला को दर्शाती हैं। यहां की दीवारें और दरवाजे आज भी अपने ऐतिहासिक महत्व को जीवित रखते हैं।

**प्राकृतिक सौंदर्य**

राजमाची के आस-पास का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहां की हरियाली, पहाड़ियां और आसपास की नदियां इस स्थान को और भी खूबसूरत बनाती हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं, तो यह .श्य देखने लायक होता है। राजमाची से आपको आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीवों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है।

**साहसिक गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- राजमाची ट्रेकिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यहां के ट्रेक मार्ग प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए हैं और यह अनुभवियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं। ट्रेकिंग करते समय आप ठंडी हवा और हरे-भरे वातावरण का आनंद ले सकते हैं।

**कैंपिंग**- किले के पास कैंपिंग करने का अनुभव भी बहुत रोमांचक है। यहां आप रात में तारे देख सकते हैं और प्राकृतिक वातावरण में रात बिताने का मजा ले सकते हैं।

**बोटिंग**- राजमाची के नजदीक स्थित भोर घाटी में बोटिंग का आनंद भी लिया जा सकता है, जो एक अलग अनुभव प्रदान करता है।

**यात्रा का सबसे अच्छा समय**

राजमाची जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च के बीच है। इस दौरान मौसम ठंडा और च्समेंदज रहता है। मानसून में भी यहां का .श्य अद्भुत होता है, लेकिन ट्रैकिंग के दौरान सावधानी बरतनी चाहिए। राजमाची एक ऐसा स्थल है जो साहसिकता और इतिहास का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक महत्व, और रोमांचक गति. विधियां इसे एक अनोखा पर्यटन स्थल बनाती हैं। अगर आप प्रकृति के साथ-साथ इतिहास का आनंद लेना चाहते हैं, तो राजमाची आपकी यात्रा सूची में अवश्य होना चाहिए। यहां का अनुभव आपको हमेशा याद रहेगा। **...साभार प्रभा**

# नफरत के सौदागरों को शांतिप्रिय जनता का जवाब



निर्मल रानी

> पिछले दिनों राजस्थान के टोंक जिले से ऐसी ही एक खबर आई। यहां निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव के एक मंदिर परिसर में गत 22 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सांसद जौनपुरिया लोगों को 28 फरवरी को अजमेर आने के लिए आमंत्रित कर रहे थे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर दौरे पर रहेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के इसी दौरे को सफल बनाने के लिए राजस्थान सरकार, प्रशासन और भाजपा संगठन पूरी तरह जुटा हुआ है। इसी उद्देश्य से राज्य भर में तरह तरह के छोटे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। टोंक जिले के निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था परन्तु नफरती संगठन में राजनीति करने वाले पूर्व सांसद जौनपुरिया द्वारा इसी कार्यक्रम में नफरत की वह भाषा बोली गई जिसने इस इलाके में पूर्व सांसद की ही फजीहत करवा दी।

देश में धर्म व जाति के नाम पर नफरत परोसने का जो एक नियोजित षड्यंत्र रचा गया है और नाकारे नेताओं,सत्ता व मीडिया द्वारा देश को नफरत की आग में झोकने का जो दुष्प्रयास किया जा रहा है,ऐसा लगता है कि इन निखट्टुओं के साम्प्रदायिक एजेंडों को अब तक तमाशाई बनकर देखते रहने व इन पर चुप रहने वाली जनता अब इनकी नफरत का जवाब प्रेम,सद्भाव व भाईचारे से देने लगी है। पिछले कुछ ही दिनों में देश के अलग अलग राज्यों से ऐसे कई समाचार आए जिनसे यह पता चलता है कि देश के अमन पसंद लोग अब मूक दर्शक बनकर साम्प्रदायिक वैमनस्य को बढ़ता हुआ देखने के बजाए प्यार और मुहब्बत की मशाल जलाकर नफरत के स्याह अंधेरे को भागने की कोशिश करने लगे हैं। पिछले दिनों राजस्थान के टोंक जिले से ऐसी ही एक खबर आई। यहां निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव के एक मंदिर परिसर में गत 22 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सांसद जौनपुरिया लोगों को 28 फरवरी को अजमेर आने के लिए आमंत्रित कर रहे थे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर दौरे पर रहेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के इसी दौरे को सफल बनाने के लिए राजस्थान सरकार, प्रशासन और भाजपा संगठन पूरी तरह जुटा हुआ है। इसी उद्देश्य से राज्य भर में तरह तरह के छोटे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। टोंक जिले के निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था परन्तु नफरती संगठन में राजनीति करने वाले पूर्व सांसद जौनपुरिया द्वारा इसी कार्यक्रम में नफरत की वह भाषा बोली गई जिसने इस इलाके में पूर्व सांसद की ही फजीहत करवा दी। कंबल बांटते समय उन्होंने भीड़ में बैठी एक महिला से उसका नाम पूछा, जब गरीब बुजुर्ग महिला ने अपना नाम शकूरन बानो बताया तो यह नाम सुनकर जौनपुरिया ने बड़े ही नफरती अंदाज से कहा-हट एक तरफ, कंबल यहीं छोड़ दे और बाद में उन्होंने अपने सहयोगी को कहा इसे कंबल मत दे। साथ ही वे यह भी बोले, जो मोदी को गाली देता है, उसे कंबल लेने का हक नहीं। जौनपुरिया की इस अभद्र भाषा का वीडिओ वायरल होने के बाद इस इलाके में जौनपुरिया का विरोध होना शुरू हो गया। यह विरोध इस हद तक हुआ कि गांव के जिन हिन्दू परिवारों को कंबल मिला था उन्होंने भी मुस्लिम महिलाओं के साथ एकजुटता दिखाने हेतु अपने अपने कंबल वापस कर दिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तो इसी गांव में मुस्लिम महिलाओं को कंबल बांटे और गांव वालों ने उस नफरती पूर्व सांसद का पुतला भी फूंका। नफरत का जवाब मोहब्बत से देने हेतु अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा 24 फरवरी को टोंक में सभी धर्मों की महिलाओं को समान रूप से कंबल बांटे जाने की भी खबर आई।

नफरत के बदले प्यार और मुहब्बत बांटने का ऐसा ही एक अन्य उदाहरण गत दिवस लखनऊ विश्वविद्यालय में भी देखने को मिला। पवित्र रमजान माह के दौरान विश्वविद्यालय में स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक लाल बारादरी परिसर में मौजूद पुरानी मस्जिद के गेट को विश्वविद्यालय प्रशासन ने सुरक्षा कारण बता कर सील कर दिया और इस जगह भारी बैरिकेडिंग लगा दी। इसी मुगल कालीन मस्जिद में दशकों से लखनऊ विश्वविद्यालय के मुस्लिम छात्र नमाज अदा करते आ रहे हैं। प्रशासन ने इसे पुरानी इमारत बताकर व सुरक्षा के जोखिम का हवाला देकर इसे अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दिया। इसके बाद जब मुस्लिम छात्रों को नमाज अदा करने हेतु मस्जिद के अंदर जाने से रोका गया, तो उन्होंने मजबूरीवश मस्जिद के बाहर खुले स्थान पर ही नमाज अदा की। इस दौरान विश्वविद्यालय के हिंदू छात्रों द्वारा मानव श्रंखला बनाई गई। छात्रों ने एक दूसरे का हाथ पकड़कर गंगा-जमुनी तहजीब और सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल पेश की। हिंदू छात्र नमाज पढ़ रहे अपने मुस्लिम साथियों के चारों ओर सुरक्षा कवच बनकर इसलिए खड़े हो गए ताकि कोई नमाज में व्यवधान उत्पन्न न कर सके और नमाज शांति तरीके से पूरी हो सके। इतना ही नहीं बल्कि साम्प्रदायिक शक्तियों के विरुद्ध इन्हीं हिन्दू छात्रों ने प्रदर्शन किया तथा हिन्दू मुस्लिम एकता का संदेश भी दिया।

दरअसल साम्प्रदायिक शक्तियों को खदेड़ने की शुरुआत उत्तराखंड के कोटद्वार से गत 26 जनवरी को उस समय शुरू हुई जबकि बजरंग दल के सदस्यों ने वकील अहमद नाम के एक 70 वर्षीय बुजुर्ग मुस्लिम की बाबा स्कूल ड्रेस नाम की दुकान के नाम को लेकर विवाद खड़ा किया। बजरंग दल के लोग दुकान का नाम बदलने की धमकी दे रहे थे। उनका कहना था कि श्बाबा स्कूल ड्रेसश का नाम स्थानीय हनुमान मंदिर सिद्धबली बाबा से मिलता-जुलता था। इसी विवाद के बीच दीपक कुमार कश्यप अपने दोस्त विजय रावत के साथ वहां जा पहुंचे। दीपक उत्तराखंड कोटद्वार में ही एक जिम ट्रेनर हैं। वे यहां अपना जिम चलाते हैं तथा युवक युवतियों को बॉडी बिल्डिंग और फिटनेस की ट्रेनिंग देते हैं। दीपक ने ही उन्मादी भीड़ से बुजुर्ग मुस्लिम का बीच-बचाव करते हुए अपना नाम श्मोहम्मद दीपकश बताया और साम्प्रदायिक एकता व सद्भाव का संदेश दिया। हालांकि इसके बाद दीपक को मुकदमे से लेकर अपनी जिम की सदस्यता घटने तक के हालात का सामना करना पड़ा। उन्हें बजरंग दल समर्थकों से धमकियां मिलीं व उनके विरुद्ध विरोध प्रदर्शन भी हुए। परन्तु उनका यही कहना था कि ष्मैं हिंदू नहीं, मुसलमान नहीं, सिख नहीं, ईसाई नहींकृसबसे पहले इंसान हूं। मरने के बाद भगवान और इंसानियत को जवाब दूंगा। यहां तक कि पुलिस ने दीपक के विरुद्ध सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में प्राथमिकी भी दर्ज की परन्तु दीपक की हिम्मत व उनके बुलंद हौसले ने उन्हें पूरे देश व दुनिया में साम्प्रदायिक सद्भाव के सच्चे प्रतिनिधि के रूप में शो. हरत दिला दी। राहुल गांधी सहित अनेक विशिष्ट लोगों ने मुहम्मद दीपक व उनके साथी विजय रावत से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। और इसी कोटद्वार की घटना के बाद देश में कई स्थानों से ऐसी खबरें सुनाई दे रही हैं जहां प्रेम व सद्भाव की बातें करने वालों के द्वारा नफरती चिंटुओं को खदेड़ा जा रहा है और शांतिप्रिय जनता द्वारा नफरत के सौदागरों के नफरती एजेंडे का जवाब प्रेम, सद्भाव व भाईचारे से दिया जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



गुवाहाटी। होली के त्योहार से पहले पानी की बंदूकें और अन्य सामान बेचता दुकानदार।

## अमेरिकी दूतों से मिलेगा यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल, जेलेंस्की ने की पुष्टि

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उनके देश का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को अमेरिकी दूतों से मुलाकात करेगा। यह मुलाकात रूस के साथ होने वाली एक और त्रिपक्षीय वार्ता से पहले होगी। जेलेंस्की ने आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकाफ और ट्रम्प के दामाद जरेड कुशनर से बातचीत करेंगे। उमेरोव की प्रेस सचिव डायना दावित्यान ने कहा कि यह बैठक जिनेवा में होगी। स्विट्जरलैंड का शहर जिनेवा उसी दिन अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु मुद्दे पर होने वाली वार्ता की भी मेजबानी करेगा।

# भारतीय सोलर पैनल पर अमेरिका ने 126% ड्यूटी लगाई

## कहा: चीन भारत के जरिये भेज रहा सस्ते प्रोडक्ट, लाओस व इंडोनेशिया पर भी लगा टैक्स

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत से आने वाले सोलर पैनलों और सेल पर 126 प्रतिशत की शुरुआती डयूटी लगा दी है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग का कहना है कि भारत अपने मैन्युफैक्चरर्स को गलत तरीके से सब्सिडी दे रहा है, जिससे अमेरिकी घरेलू कंपनियों को नुकसान हो रहा है। भारत के अलावा लाओस और इंडोनेशिया पर भी 81 प्रतिशत से 143 प्रतिशत तक की लेवी लगाई गई है। शुरुआती जांच के आधार पर यह फैसला लिया गया है।

जांच पर अंतिम फैसला 6 जुलाई को आएगा। यानी सब्सिडी की बात साबित हो जाती है, तो यह टैक्स स्थाई हो जाएगा। इस फैसले से भारतीय सोलर एक्सपोर्टर्स के लिए अमेरिकी बाजार में टिकना मुश्किल हो सकता है। 126 प्रतिशत डयूटी लगने का मतलब है कि इन पैनलों की कीमत अमेरिका में दोगुनी से भी ज्यादा हो जाएगी। ऐसे में अमेरिकी खरीदार भारतीय माल के बजाय लोकल कंपनियों या अन्य देशों से पैनल खरीदना पसंद करेंगे क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट अब काम्पिटिशन से बाहर हो जाएंगे। यह टैक्स उन 10 प्रतिशत ग्लोबल टैरिफ से अलग है, जिसकी घोषणा ट्रम्प ने हाल ही में की थी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते ट्रम्प के पुराने टैरिफ प्लान को रद्द कर दिया था जिसके बाद उन्होंने नए सिरे से टैरिफ लगाए थे। अब इस नए फैसले ने इंडस्ट्री की चिंता बढ़ा दी है। ब्लूमबर्ग एनईएफ के के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में अमेरिका में होने वाले कुल सोलर माडयूल आयात का 57 प्रतिशत हिस्सा भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आया था। भारतीय एक्सपोर्ट की बात करें तो 2024 में अमेरिका को 792.6 मिलियन डालर ( करीब 7200 करोड़ रुपये) के सोलर उत्पाद भेजे गए थे, जो 2022 की तुलना में 9 गुना ज्यादा है। अमेरिकी सोलर मैन्युफैक्चरर्स का आरोप है कि चीनी कंपनियां अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए भारत, इंडोनेशिया और लाओस जैसे देशों के रास्ते अपना माल भेज रही हैं। पहले चीन ने वियतनाम, मलेशिया और थाईलैंड का इस्तेमाल किया था, लेकिन जब वहां सख्ती हुई तो उन्होंने भारत और अन्य एशियाई देशों में प्रोडक्शन शिफ्ट कर दिया। सिटीग्रुप इंक के एनालिस्ट विक्रम बागरी का कहना है कि इतनी ऊंचे टैरिफ लगने के बाद अमेरिकी बाजार अब भारतीय सोलर मैन्युफैक्चरर्स के लिए लगभग बंद हो जाएगा। अमेरिकी सोलर ग्रुप 'अलायंस फार अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड' ने वाणिज्य विभाग से सब्सिडी की जांच करने की अपील की थी। ग्रुप का कहना था कि अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग को बचाने के लिए यह जांच जरूरी है। उन्होंने अब टैरिफ के इस फैसले का स्वागत किया है। अलायंस के मुख्य वकील टिम ब्राइटबिल ने कहा कि आज का फैसला अमेरिकी सोलर मार्केट में निष्पक्ष काम्पिटिशन को फिर से बहाल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने ये भीकहा कि अमेरिकी मैन्युफैक्चरर्स देश की क्षमता बढ़ाने और अच्छी नौकरियां पैदा करने के लिए अरबों डालर का निवेश कर रहे हैं। अगर गलत तरीके से आयात किए गए माल को मार्केट बिगाड़ने की अनुमति दी गई, तो यह निवेश कभी सफल नहीं हो पाएगा। अमेरिकी कामर्स डिपार्टमेंट सोलर सेल पर एंटी-डंपिंग डयूटी की भी जांच कर रहा है। आरोप है कि भारत, इंडोनेशिया और लाओस की कंपनियां अमेरिका में अपने माल को लागत से भी कम कीमत पर बेच रही हैं।



■ भारत के अलावा लाओस और इंडोनेशिया पर भी 81 प्रतिशत से 143 प्रतिशत तक की लेवी लगाई गई है

# ट्रम्प 100वीं बार बोले: भारत-पाक जंग रुकवाई

## दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी, भारत दावे को हमेशा खारिज करता रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह संसद में भाषण दिया। साल की शुरुआत में संसद में प्रेसिडेंट के भाषण को 'स्टेट ऑफ द यूनियन' स्पीच कहा जाता है। ट्रम्प ने 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ट्रम्प यह बात 100 से ज्यादा बार दोहरा चुके हैं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है।

अपने भाषण में ट्रम्प ने इजरायल-हमास के बीच गाजा सीजफायर को अपनी उपलब्धि कहा। वहीं वेनेजुएला पर कब्जे के करीब डेढ़ महीने बाद वहां तेल उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा करते हुए उसे अमेरिका का नया दोस्त करार दिया। ट्रम्प ने ईरान को लेकर दावा किया कि अमेरिका ने पिछले साल जुलाई में हमला कर उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम खत्म कर दिया था। साथ ही 28 दिसम्बर से 14 जनवरी के बीच महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 32 हजार प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप भी लगाया। ट्रम्प का भाषण खत्म होने पर रिपब्लिकन सांसदों ने खड़े होकर तालियां बजाई। वहीं, विपक्षी डेमोक्रेटिक सांसद अपनी जगहों पर बैठे रहे। ट्रम्प ने बताया कि ईरान अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल बना सकता है। उन्होंने कहा ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम को खत्म दिया गया है। ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान जंग में 3.5 करोड़ मौतें रोकीं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है। ट्रम्प ने गाजा में इजरायल-हमास सीजफायर को कामयाब बताया, जिससे सभी इजरायली बंधक रिहा हो गए। ट्रम्प ने कहा कि महंगाई के लिए डेमोक्रेट्स जिम्मेदार हैं और उनकी नीतियों से कीमतें तेजी से नीचे आ रही हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका में तेल का प्रोडक्शन रोज करीब 6 लाख बैरल से ज्यादा बढ़ा है। ट्रम्प ने सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और नए 15 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ लागू करने की बात कही। ट्रम्प ने तेल और गैस उत्पादन बढ़ाने की बात की और वेनेजुएला को अमेरिका का नया दोस्त बताया। ट्रम्प के भाषण के दौरान डेमोक्रेटिक सांसद अल ग्रीन हाउस चैंबर से बाहर कर दिए गए। ग्रीन ने एक पोस्टर उठा रखा था, जिस पर लिखा था- ब्लैक पीपल आर नाट एप्स! (काले लोग बंदर नहीं होते हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने जेफ्री एपस्टीन की पीड़ितों को राष्ट्रपति ट्रम्प के स्टेट ऑफ द यूनियन के भाषण में बुलाया। हालांकि, ट्रम्प ने एपस्टीन फाइल का एक बार भी जिक्र नहीं किया। कुछ डेमोक्रेटिक सांसदों ने विरोध जताने वाले अलग तरह के कपड़े या बैज पहने। मर्सी कैप्टर ने 'फाइलें जारी करो' लिखा हुआ एक पिन पहना था, जो जेफ्री एपस्टीन से जुड़ा है। सोमाली-अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसद इल्हान उमर ने चिल्लाते हुए कहा कि ट्रम्प, आपने अमेरिकियों को मार डाला है! ट्रम्प ने इसपर पलटवार करते हुए कहा कि आपको खुद पर शर्म आनी चाहिए। राष्ट्रपति ट्रम्प के सभी बच्चे उनके भाषण के दौरान गैलरी में मौजूद रहे। उनके साथ अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प भी दिखी।



■ कहा: गाजा सीजफायर बड़ी जीत, वेनेजुएला नया दोस्त, ईरान ने 32000 लोग मारे, उसका परमाणु कार्यक्रम तबाह किया

## ईरान का पलटवार: ट्रम्प के दावों को किया खारिज

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल शक्ति को लेकर गंभीर आरोप लगाये गये थे। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने वाशिंगटन के बयानों को 'एक के बाद एक बोला गया झूठ' करार दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिक्रिया देते हुए बघाई ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइलों और हालिया नागरिक अशांति में हताहतों की संख्या को लेकर अमेरिका जो कुछ भी कह रहा है, वह पूरी तरह मनगढ़ंत और 'बड़े झूठ' का दोहराव है। उन्होंने अमेरिका पर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया। इससे पहले ट्रंप ने कांग्रेस (संसद) में दिए एक भाषण में दोहराया कि वह ईरान के मुद्दे पर 'सभी विकल्प' खुले रख रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कूटनीति विफल रहती है, तो वह 'सीमित युद्ध' से भी पीछे नहीं हटेंगे। ट्रंप ने कहा कि हमारी नीति का मुख्य स्तंभ यह है कि हम ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे।

## आवामी लीग के नेताओं की जमानत पर वकीलों ने की बदसलूकी

**ढाका।** बांग्लादेश के बारिशाल जिले की एक अदालत में अवामी लीग के कई नेताओं को जमानत दी गई। इसके बाद कोर्ट परिसर में कुछ वकीलों ने जमकर बदसलूकी की। पेरिस स्थित अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन 'जस्टिस मेकर्स बांग्लादेश इन फ्रांस' (जेएमबीएफ) ने इस घटना की कड़ी आलोचना की है। संगठन ने इसे लोकतंत्र, कानून के शासन और न्यायपालिका की आजादी पर सीधा हमला बताया है। जेएमबीएफ का आरोप है कि विपक्षी पार्टी बीएनपी से जुड़े वकीलों का व्यवहार बेहद निंदनीय था। ये वकील जबरदस्ती कोर्टरूम में घुस गए और बेंच के साथ धक्का-मुक्की की। उन्होंने जज के साथ भी बुरा बर्ताव किया। वकील उन पर चिल्ला रहे थे और उनकी तरफ उंगली दिखाकर दबाव बना रहे थे। यह घटना मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट एस.एम. शरियत उल्लाह की अदालत में हुई। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष शाहनूर इस्लाम ने कहा कि यह घटना न्यायपालिका की गरिमा और सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि फैसले से असहमति होने पर ऊपरी अदालत में अपील करनी चाहिए। कोर्ट को युद्ध का मैदान बनाना गलत है।

## आतंकी संगठन जैश चैटजीपीटी क्लाउड-जैमिनी के खिलाफ

■ जैश-लश्कर ने मदरसों में एआई इस्तेमाल के विरुद्ध फतवा जारी किया
■ कहा: इस्लाम की उदारवादी व्याख्या पसंद नहीं, छात्र मौलवियों से ही सवाल पूछें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा ने अपने लगभग 5 हजार मदरसों में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स के खिलाफ फतवा जारी किया है। यहां पर लगभग 12 लाख छात्र पढ़ते हैं। दरअसल, ये एआई टूल्स जैसे चैटजीपीटी, क्लाउड, जैमिनी और ग्रोक इस्लाम धर्म से जुड़े सवालों के उदारवादी जवाब दे रहे थे।

जबकि इन मदरसों में मौलवियों द्वारा धर्म की कट्टरपंथी व्याख्या छात्रों को बताई जाती है, जो कुरान अथवा हदीस के अनुरूप नहीं होती है। जबकि एआई टूल्स अपने डेटाबेस के इनपुट से सही व्याख्या कर छात्रों को बता रहा है। जैश और लश्कर ने अपने नए आदेश में छात्रों को कहा है कि वे मौलवियों से क्लास में धर्म से जुड़े सवाल व्यक्तिगत रूप से पूछें। मोबाइल पर एआई टूल्स का उपयोग नहीं किया जाए। पाक में एलीमेंटरी एजुकेशन काफी हद तक मदरसों पर आधारित हैं। देवबंदी सिलसिले से जुड़े जैश-लश्कर के ये मदरसे इससे जुड़ी मस्जिदों से मिलने वाले फंड से संचालित होते हैं। पाक में मदरसा बोर्ड और वक्फ बोर्ड भी है, पर इनकी असल कमान खुफिया एजेंसी आईएसआई के पास होती है। मदरसों में ब्रेनवाश कुछ छात्र आईएसआई के लिए भारत के खिलाफ आतंकी करतूतों के लिए रंगरूट साबित होते हैं। पीओके के मुज्जफराबाद और नीलम घाटी से जैश इन छात्रों को भारत में लान्च करती है। सऊदी अरब सहित खाड़ी के अन्य इस्लामी देशों में इस्लामी यूनिवर्सिटीज-कालेज में धार्मिक तालीम के लिए अपने एआई टूल्स का इस्तेमाल किया जाता है। ये साफ्टवेयर इन देशों ने अपने स्तर पर विकसित किए हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय हमले में तबाह हुए जैश के बहावलपुर मुख्यालय के मदरसे में जनवरी में मरम्मत पूरी होने के बाद छात्र लौट आए हैं। यहां पर नियमित कक्षाएं शुरू हो गई हैं। पाक सरकार और आर्मी ने फंड जारी किया था। सूत्रों के अनुसार जैश का सरगना मौलाना मसूद अजहर इन दिनों रावलपिंडी के आईएसआई सेफ हाउस से निकलकर बहावलपुर मदरसे में रह रहा है।

## जापान की संसद मे एआई इंजीनियर की एंट्री

**टोक्यो।** हाल के चुनावों में सबको चौंकाते हुए जापान की संसद (निचले सदन) में पार्टी ने 11 सीटें जीतीं। पार्टी ने राजनीतिक दिग्गजों को पछाड़कर 30 लाख वोट भी अपने खाते में बटोरे हैं, जबकि सिर्फ 14 ही प्रत्याशी उतारे थे। एनो कहते हैं, एआई आग की तरह है, जो सभ्यता को पूरी तरह बदल देगा।

जहां पश्चिमी देश इस एआई को 'टर्मिनेटर' जैसा खतरनाक मानकर डरते हैं, वहीं जापान के लोग इसे 'डोरेमोन' जैसा मददगार और प्यारा दोस्त समझते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि टीम मिराई की जीत की वजह उनका 'प्रैक्टिकल' होना है। उनका तरीका 'न वामपंथी है, न दक्षिणपंथी'। जापान फोरसाइट के संस्थापक टोबियस हैरिस के अनुसार, वे सिर्फ समस्याओं को हल करने पर ध्यान देते हैं। उन्होंने लोकलुभावन वादों के बजाय जटिल मुद्दों को सुलझाने की बात की। 40 से 50 की उम्र के शहरी मतदाताओं ने उन्हें हाथों-हाथ लिया। जीते उम्मीदवारों में टोक्यो और बर्कले जैसे बड़े संस्थानों के पढ़े एक्सपर्ट और आईबीएम- सोनी के पूर्व कर्मचारी शामिल हैं। सिलिकान वैली में इंजीनियर रहे नवनिर्वाचित सांसद आओई फुरुकावा, कहते हैं,'कोडिंग और कानून बनाना एक जैसा है, क्योंकि दोनों के लिए तर्क और सटीक संरचना की जरूरत होती है।' टीम मिराई की कार्यशैली की झलक वादों में भी दिखी। इन्होंने चुनाव जीतने के हाई-टेक समाधानों पर जोर दिया। ड्राइवरलेस बसें लाना, राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता के लिए डिजिटल डेटाबेस बनाना, ताकि भ्रष्टाचार रुके। एआई के जरिए सरकारी खर्चों में कमी करके मध्यम वर्ग को पेंशन व स्वास्थ्य बीमा में राहत जैसे वादे किए। पार्टी ने प्रस्ताव समझाने के लिए चैटबाट भी शुरू किया। इसने 39 हजार सवालों के जवाब दिए और 6200 से ज्यादा सुझाव जुटाए। संसद तक तो इंजीनियर्स पहुंच गए, लेकिन असली जंग अब शुरू हुई है।



■ टी-शर्ट व पोनीटेल वाले नेता चर्चा के दौरान, कहते हैं राजनीति से सुस्ती दूर कर देंगे

# नार्वे के पूर्व पीएम ने आत्महत्या की कोशिश की

**ओस्लो।** नार्वे के पूर्व प्रधानमंत्री थोरब्योर्न जगलैंड को कथित तौर पर आत्महत्या की कोशिश के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह घटना पिछले हफ्ते हुई। कुछ खबरों में दावा किया गया कि नार्वेजियन एडिटर्स एसोसिएशन ने उनके वकील के साथ मिलकर इस मामले को सार्वजनिक न करने पर सहमति जताई थी। हालांकि कुछ मीडिया प्लेटफार्मस पर उनकी गंभीर हालत का हवाला देते हुए यह खबर सामने आई।

यह पूरा मामला यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर चल रही जांच से जुड़ा है। जगलैंड पर 'एग्रेवेटेड करप्शन' यानी गंभीर भ्रष्टाचार का भी आरोप है, जिसमें अधिकतम 10 साल की जेल हो सकती है। उनके वकील की फर्म एल्डेन ला फर्म ने सीएनएन को पुष्टि की कि उन पर गंभीर भ्रष्टाचार का आरोप तय हुआ है, लेकिन उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया है। नार्वे की आर्थिक अपराध जांच एजेंसी 'ओकोक्रिम' इस मामले की जांच कर रही है। एजेंसी के डायरेक्टर पाल लोनसेथ ने कहा कि उनके खिलाफ जांच की मजबूत वजह मिली है। जांच के तहत ओस्लो स्थित उनके घर और दो अन्य प्रापर्टी की तलाशी ली गई। एजेंसी ने यह भी कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि क्या उन्हें अपने पद के दौरान गिफ्ट, यात्राएं, कर्ज या अन्य फायदे मिले थे। तलाशी के बाद उन्हें औपचारिक रूप से संदिग्ध का दर्जा दे दिया गया है और अब उनसे पूछताछ की जाएगी। जगलैंड 1996-1997 के बीच नार्वे के प्रधानमंत्री रहे। इसके अलावा वे विदेश मंत्री, नार्वेजियन नोबेल कमेटी के चेयरमैन (2009-2015) और यूरोप की मानवाधिकार संस्था काउंसिल ऑफ यूरोप के महासचिव (2009-2019) भी रह चुके हैं। जगलैंड ने कहा है कि एपस्टीन से उनके संबंध 'गलत फैसला' या 'खराब समझ' का नतीजा थे, लेकिन उन्होंने कोई गैरकानूनी काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे और चाहते हैं कि सच्चाई पूरी तरह सामने आए। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से 30 जनवरी को जारी दस्तावेजों से पता चला कि जगलैंड और उनका परिवार कई बार एपस्टीन की पेरिस, न्यूयार्क और पाम बीच वाली प्रापर्टी पर गए थे। यह भी सामने आया कि एपस्टीन ने उनसे बड़े नेताओं, जैसे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कराने में मदद मांगी थी। साथ ही उसने कुछ अपने कारोबारी और वित्तीय प्लान आगे बढ़ाने के लिए भी मदद चाहता था। दस्तावेजों में जगलैंड को 'नोबेल बिग शाट' कहा गया। इसमें यह भी लिखा था कि दोनों के रिश्ते ऐसे थे जिनमें एक तरफ जगलैंड का रसूख और पहचान काम आ रही थी, तो दूसरी तरफ एपस्टीन उन्हें लग्जरी ट्रिप, तोहफे और दूसरी सुविधाएं दे रहा था। हालांकि जांच एजेंसियों ने साफ कर दिया है कि जगलैंड का नाम एपस्टीन के यौन अपराधों से नहीं जुड़ा है। जांच सिर्फ इस बात पर हो रही है कि क्या उन्हें अपने पद का इस्तेमाल करके कोई गलत फायदा मिला। यह जांच उस समय से जुड़ी है जब जगलैंड 2009 से 2015 तक नार्वेजियन नोबेल कमेटी के अध्यक्ष थे और 2009 से 2019 तक काउंसिल ऑफ यूरोप के महासचिव रहे।

■ यह पूरा मामला यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर चल रही जांच से जुड़ा है
■ जगलैंड पर 'एग्रेवेटेड करप्शन' यानी गंभीर भ्रष्टाचार का भी आरोप है



# अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द

## 5 लाख घरों की बिजली गुल, 153 साल में पहली बार अखबार नहीं छप सका

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही करीब 5600 से 5700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20 प्रतिशत था।

यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई। सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और आफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए। न्यूयार्क के सेंट्रल पार्क में रविवार से सोमवार के बीच करीब 20 इंच बर्फ दर्ज की गई, जबकि लान्ग आइलैंड के इस्लिप इलाके में 22 इंच से ज्यादा बर्फ पड़ी। प्रोविडेंस, रोड आइलैंड में 32.8 इंच बर्फबारी हुई, जिसने 1978 के पुराने रिकॉर्ड 28.6 इंच को तोड़ दिया। हालात इतने खराब हो गए कि कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। न्यूयॉर्क सिटी में स्कूलों, सड़कों, पुलों और हाईवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। बाद में हालात सुधरने पर मेयर जोहरान ममदानी ने यह आदेश हटा लिया। वहीं मैसाचुसेट्स की गवर्नर मारा हीली ने कुछ इलाकों में ट्रैवल बैन लागू किया और लोगों से घर में रहने की अपील की। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने भी पूरे राज्य में ट्रैवल बैन लगा दिया। न्यूयार्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भी पूरे राज्य में इमरजेंसी की घोषणा की और नेशनल गार्ड को अलर्ट पर रखा है। तूफान का असर सिर्फ सड़कों और हवाई सेवाओं तक सीमित नहीं रहा। न्यूयार्क और बोस्टन के बीच ट्रेन सेवा सोमवार रात तक सस्पेंड रही। थिएटर ब्राडवे के सभी शो रविवार शाम रद्द कर दिए गए। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने कहा कि यह पिछले लगभग एक दशक का सबसे शक्तिशाली नारईस्टर तूफान है। कई इलाकों में प्रति घंटे 2 से 3 इंच तक बर्फ गिरने की चेतावनी दी गई है और हवा की रफ्तार कुछ जगह 110 मील प्रति घंटे तक पहुंच गई। नारईस्टर एक तरह का तेज तूफान होता है जो अमेरिका के पूर्वी तट पर आता है।



■ भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका

## ब्राजील में बाढ़ से 25 की मौत, सैकड़ों बेघर

**मिनास गेरैस।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी राज्य मिनास गेरैस में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार शाम शुरू हुई तेज बारिश के बाद सबसे ज्यादा तबाही जुइज दे फोरा और उबा शहर में हुई। अधिकारियों के अनुसार जुइज दे फोरा में 18 और उबा में 7 लोगों की जान गई। कई घर और इमारतें ढह गईं। दर्जनों लोग अब भी लापता हैं और रेस्क्यू आपरेशन जारी है। राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने जुइज दे फोरा में 'स्टेट ऑफ कैलैमिटी' घोषित कर मानवीय सहायता और पुनर्निर्माण के लिए केंद्र सरकार की पूरी मदद का भरोसा दिया है। सिर्फ जुइज दे फोरा में करीब 440 लोग बेघर हो गए हैं। प्रशासन ने अस्थाई शेल्टर बनाए हैं और राहत सामग्री के लिए अपील की है।

## शोधकर्ताओं ने मूंगफली के छिलकों से बनाया ग्राफीन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने मूंगफली के फेंके गए छिलकों को ग्राफीन में बदलने का एक तरीका विकसित किया है। ग्राफीन इलेक्ट्रॉनिक्स और ऊर्जा उपकरणों के लिए एक मूल्यवान घटक है। ऑस्ट्रेलिया के यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स द्वारा बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इस विकास से सस्ते इलेक्ट्रॉनिक्स और उर्जा भंडारण के लिए नए रास्ते खुलेंगे। मूंगफली के छिलकों से बना ग्राफीन बैटरी, सौर पैनल, टच स्क्रीन, लचीले इलेक्ट्रॉनिक्स और सुपर-फास्ट ट्रांजिस्टर के लिए उपयोग किया जा सकेगा। शोध दल ने पाया कि लिग्निन की उपस्थिति के कारण मूंगफली के छिलकों को उच्च तापमान पर ग्राफीन में बदला जा सकता है। उल्लेखनीय है कि लिग्निन पौधों में प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला पॉलिमर है, जिसमें प्रचुर मात्रा में कार्बन पाया जाता है। केमिकल इंजीनियरिंग जर्नल एडवांस में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, इस दो चरणों वाली विधि में छिलकों को लगभग 500 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जाता है, फिर मिलीसेकंड के लिए लगभग 3000 डिग्री पर उन्हें गर्म किया जाता है, जो रसायनों के बिना कार्बन परमाणुओं को एक परत वाले में पुनर्गठित कर देता है।

